नई दिल्ली, मंगलवार 14 मई 2024 ■ वैशाख मास शुक्ल पक्ष-सप्तमी ■ वर्ष : 28, अंक : 33 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 41 न्यून.24 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



## वाराणसी में 2 घंटे में 6 किलोमीटर का रोड शो : महामना मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर नमन करने के बाद शुरू किया

# पीएम मोदी पर बरसे हजारों क्विंटल गेंदे व गुलाब के फूल...बाद में बाबा विश्वनाथ के दर पर टेका 'माथा'

वैदिक मंत्रों का उच्चारण और 1001 गणेशजी का पाठ भी, धुनुची, शंखनाद और ढाक से अगवानी

आज नामांकन से पहले पीएम मोदी अस्सी पर गंगा स्नान और काल भैरव के दर्शन भी करेंगे

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव में तीसरी बार अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए दो दिवसीय दौरे पर सोमवार की शाम वाराणसी पहुंचे। लंका से छह किलोमीटर लंबा रोड शो करते हुए काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचे। पीएम मोदी ने बीएचयू के सामने महामना मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर नमन करने के बाद रोड शो शुरू किया। करीब दो घंटे रोड शो पूरा कर काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया। मोदी के ▶▶ शेष पेज 5 पर

सीएम योगी व भूपेंद्र चौधरी भी रहे मौजूद

### रोड-शो मार्ग पर मोदी की 'विकास यात्रा' की भी झलक



रोड शो के मार्ग पर काशी की विभूतियों की तस्वीर लगाई गई। इनमें वे हैं, जिनकी कर्म या जन्मभूमि काशी रही है। इसमें पूर्व काशी नरेश स्व.डॉ.विभूति नारायण सिंह, महामना पं. मदन मोहन मालवीय, उस्ताद बिस्मिल्लाह खां, पं.किशन महाराज, संत तुलसीदास, संत कबीर दास, संत रैदास आदि की तस्वीर लगी थी। कुछ स्थानों पर काशी के विकास की नई तस्वीर के साथ पुरानी तस्वीर भी दिखाई दी। इनमें प्रमुख रूप से काशी विश्वनाथ धाम, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, रिंग रोड आदि प्रमुख हैं। इसके अलावा यहां बनाए ▶▶ शेष पेज 5 पर



### पटना साहिब में पीएम मोदी ने पहले टेका मत्था... चखा लंगर का स्वाद, फिर दी सेवा

पटना। बिहार दौरे के दूसरे दिन सोमवार को पीएम मोदी पटना सिटी स्थित तख्त श्री हरमंदिर साहिब गुरुद्वारे पहुंचे। पीएम ने यहां माथा टेका। अरदास की और लंगर भी खाया। इतना ही नहीं पीएम ने यहां लंगर में सेवा भी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंगत में बैठे लोगों को खाना भी खिलाया। पीएम यहां करीब 20 मिनट रुके। यह पहला मौका है, जब कोई पीएम पटना साहिब गुरुद्वारे पहुंचे और सेवा दी।

उधर, मुजफ्फरपुर में बोले मोदी

### पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हैं तो पहना देंगे

*बिहार के मुजफ्फरपुर में जनसभा करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर द्वारा पाक समर्थित बयान पर हमल बोला और करारा जवाब दिया। पीएम मोदी ने कहा कि पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी है तो पहना देंगे।*

DHIRSONS JEWELLERS PVT LTD
DHIRAJ DHIR GROUP
₹67300/-
LAJPAT NAGAR-II: D-32, Central Market New Delhi - 110024, Ph: 47284728

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी का निधन, कैंसर का चल रहा था इलाज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी का सोमवार रात निधन हो गया। सुशील मोदी कैंसर से पीड़ित थे। बिहार भाजपा की तरफ से सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी गई।



सुशील मोदी के निधन की खबर पर देश भर में लोगों ने दुख जताया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि पार्टी में अपने मूल्यवान सहयोगी और दशकों से मेरे मित्र रहे सुशील मोदी जी के असामयिक निधन से अत्यंत दुख हुआ है। बिहार में भाजपा के उत्थान और उसकी सफलताओं के पीछे उनका अमूल्य योगदान रहा है। आपातकाल का पुरजोर विरोध करते हुए, उन्होंने छात्र राजनीति से अपनी एक अलग पहचान बनाई थी। ▶▶ शेष पेज 5 पर

## चौथे चरण में 96 लोकसभा सीटों पर 63% मतदान

# बंगाल में 76% से अधिक, जम्मू कश्मीर में सबसे कम 36.58% वोटिंग

श्रीनगर निर्वाचन क्षेत्र में दशकों का सर्वाधिक मतदान 36.58%, एपी व पश्चिम बंगाल में हिंसा

पहले तीन चरण में कुल मतदान क्रमशः 66.14%, 66.71% और 65.68% रहा

### आंध्र प्रदेश की 175 विधानसभा और 25 लोकसभा सीट के लिए एक साथ मतदान हुआ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल में हिंसा की छिटपुट घटनाओं के बीच लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में सोमवार को करीब 63 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। तेलंगाना की सभी 17 लोकसभा सीट, आंध्र प्रदेश की 25, उत्तर प्रदेश की 13, महाराष्ट्र की 11, मध्य प्रदेश व पश्चिम बंगाल की 8-8, बिहार की 5, ओडिशा व झारखंड की 4-4 और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर मतदान हुआ।

पश्चिम बंगाल में 76.02 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया जो इस चरण में राज्यों/ केंद्रशासित प्रदेशों में सबसे ज्यादा है। संविधान का अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद घाटी में पहले लोकसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर निर्वाचन क्षेत्र में 36.58 प्रतिशत मतदान हुआ और निर्वाचन आयोग ने कहा कि यह दशकों में सबसे अधिक मतदान है। निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा कि ▶▶ शेष पेज 5 पर



370 हटने के बाद बदल गया कश्मीर

#### श्रीनगर में वोटिंग का 25 साल का रिकॉर्ड टूटा, वोट देने उमड़ी भीड़

केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद वहां हो रहे पहले चुनाव में लोगों में जबर्दस्त उत्साह दिखा। श्रीनगर में 2024 में पहली बार जबर्दस्त वोटिंग हुई। इससे पहले 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां 14. 1 फीसदी, 2014 में 25.9 फीसदी, 2009 में 25.06 फीसदी, 2004 में 18.06 फीसदी और 1999 में 11.9 फीसदी वोटिंग हुई थी।

**आयोग को मिली 1000 से ज्यादा शिकायतें**

निर्वाचन आयोग ने कहा कि उसे अब तक विभिन्न राजनीतिक दलों से 1,088 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें ईवीएम में खराबी और कार्यकर्ताओं को बूथ में प्रवेश करने से रोकने का आरोप लगाया गया है। ओडिशा में भी कई जगहों पर ईवीएम में गड़बड़ी की खबरें आईं।

**1717** प्रत्याशियों की किस्मत दांव पर

**इतना मतदान**

| | |
|---|---|
| प. बंगाल | 76.02% |
| मध्य प्रदेश | 68.63% |
| आंध्र प्रदेश | 68.12% |
| ओडिशा | 63.85% |
| झारखंड | 63.37% |
| तेलंगाना | 61.39% |
| महाराष्ट्र | 52.75% |
| बिहार | 55.90% |
| उत्तर प्रदेश | 57.88% |
| जम्मू-कश्मीर | 36.58% |

### चौथे चरण के बाद 379 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान

लोकसभा चुनाव के पहले तीन चरण में कुल मतदान क्रमशः 66.14%, 66.71% और 65.68% रहा था। चौथे चरण के समापन के साथ ही 23 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 379 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान हो चुका है। इसके अलावा ओडिशा की 28 विधानसभा सीट पर मतदान हो चुका है वहीं अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम व आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव संपन्न हो चुके हैं। देश में अगले तीन चरणों के लिए मतदान 20 मई, 25 मई और एक जून को होगा। मतगणना 4 जून को होगी।

#### झारखंड में माओवादियों का मतदान बाधित करने का प्रयास

झारखंड में माओवादियों ने एक पेड़ गिराकर पश्चिमी सिंहभूम जिले के सुदूर सोनापी और मोरंगपोंगा इलाकों की ओर जाने वाली सड़क को अवरुद्ध कर मतदान केंद्रों तक मतदाताओं की पहुंच को बाधित करने का प्रयास किया, जिसे सुरक्षा बलों ने विफल कर दिया। जम्मू-कश्मीर की श्रीनगर लोकसभा सीट पर मतदान शांतिपूर्ण रहा, जहां अब्दुल्ला परिवार की तीन पीढ़ियों ने वोट डाला। एक वीडियो क्लिप सामने आने के बाद चुनाव अधिकारियों ने तेलंगाना ▶▶ शेष पेज 5 पर

### बंगाल में ममता दीदी और टीएमसी पर जमकर गरजे पूर्व सीएम

शिवराज ने बंगाल की मेदिनीपुर, घाटल और श्रीरामपुर लोकसभा क्षेत्र में चुनावी सभाओं को संबोधित किया

## ममता दीदी मनी, माफिया और मर्डर की सरकार चला रही हैं: शिवराज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान सोमवार को पश्चिम बंगाल में मेदिनीपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी अग्निमित्रा पॉल, घाटल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी हिरोनमोय चट्टोपाध्याय और श्रीरामपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कबीर शंकर बोस के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान चौहान ने पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी और उनकी पार्टी टीएमसी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ममता दीदी मनी, माफिया और मर्डर ▶▶ शेष पेज 5 पर



#### पीएम के नेतृत्व में समृद्ध भारत का निर्माण हो रहा

चौहान ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वैभवशाली, गौरवशाली, सम्पन्न और समृद्ध भारत का निर्माण हो रहा है। मोदी सरकार द्वारा चलाई जाने वाली जनकल्याणकारी योजनाएं ममता बेनर्जी द्वारा राज्य के आम नागरिक तक नहीं पहुंचने दी जाती हैं। प्रधानमंत्री लोगों को मुफ्त अनाज उपलब्ध करा रहे हैं लेकिन ममता दीदी प्रधानमंत्री द्वारा भेजे गए अनाज के थैले पर अपना फोटो चिपका रही हैं। टीएमसी सरकार ने आयुष्मान भारत योजना को भी राज्य में लागू नहीं कर पाप किया है। पीएम नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल के विकास के लिए केंद्र से जो पैसा भेजते हैं। उसको खाने का काम ममता दीदी की सरकार कर रही हैं।




### सीबीएसई में लड़कियों ने बाजी मारी

# 10वीं में 93% और 12वीं में 87.98% विद्यार्थी उत्तीर्ण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाओं के सोमवार को घोषित परिणामों में उत्तीर्ण प्रतिशत के मामले में एक बार फिर लड़कियों ने लड़कों को पछाड़ दिया। वहीं, पिछले साल के मुकाबले 90 और 95 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों की संख्या में आंशिक रूप से वृद्धि हुई है। सीबीएसई ने सोमवार को 10वीं और 12वीं कक्षा के परिणाम घोषित किए। पिछले साल की तुलना में 10वीं ▶▶ शेष पेज 5 पर



#### 2023 के मुकाबले 0.48 फीसदी बेहतर

सीबीएसई 10वीं कक्षा का परिणाम साल 2023 के मुकाबले 0.48 फीसदी बेहतर रहा है। पिछले साल 10वीं बोर्ड का पास प्रतिशत 93.12 फीसदी रहा था, जो इस साल बढ़कर 93.60 फीसदी रहा है। इस साल सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षाओं में 39 लाख छात्रों ने भाग लिया है।

लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत छात्रों के मुकाबले 10वीं में 2.04% और 12वीं में 6.40% अधिक

#### सबसे अधिक पूर्णांक 10वीं में गणित व 12वीं में चित्रकला विषय में मिले

सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा में 11 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने गणित विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए हैं जबकि 12वीं कक्षा में छात्रों ने सबसे अधिक यह उपलब्धि चित्रकला विषय में हासिल की है। सीबीएसई ने सोमवार को 10वीं और 12वीं कक्षा के परिणाम घोषित किए। आंकड़ों के मुताबिक 10वीं कक्षा में 11,253 छात्रों ने गणित में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इसके बाद संस्कृत और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का स्थान है जिनमें क्रमशः 6700 और 6,269 विद्यार्थियों ने यह कारनामा कर दिखाया। इसी प्रकार, 12वीं कक्षा में 10,402 विद्यार्थियों ने चित्रकला में शत प्रतिशत अंक प्राप्त किया है इसके बाद रसायन शास्त्र और मनोविज्ञान का स्थान है जिनमें क्रमशः 2,152 और 2,134 विद्यार्थियों ने यह उपलब्धि हासिल की। सीबीएसई ने सोमवार को 10वीं और 12वीं ▶▶ शेष पेज 5 पर

# मानहानि केस: शिकायतकर्ता के साथ विवाद सुलझाने के लिए केजरीवाल को मिला समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मानहानि की कार्यवाही पर रोक की अवधि सोमवार को बढ़ा दी ताकि पक्षों को समझौते की संभावना तलाशने का समय मिल सके। केजरीवाल ने मई 2018 में यूट्यूबर ध्रुव राठी द्वारा प्रसारित एक कथित अपमानजनक वीडियो को रीट्वीट करने के लिए आपराधिक मानहानि मामले में उन्हें जारी किए गए समन को बरकरार रखने के दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि पहले से लगाई गई अंतरिम रोक अगले आदेश तक जारी रहेगी। केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि 11 मार्च को सुनवाई के बाद दोनों पक्ष समझौते पर चर्चा के लिए एक-दूसरे से संपर्क नहीं कर सके। शिकायतकर्ता के वकील विकास सांकृत्यायन ने कहा कि पिछली सुनवाई के बाद किसी ने उनसे संपर्क नहीं किया। पीठ ने वकील से कहा कि अब केजरीवाल का पक्ष शिकायतकर्ता से संपर्क करेगा और उसने मामले की अगली सुनवाई 12 अगस्त से शुरू होने वाले सप्ताह में तय कर दी। शीर्ष अदालत ने 11 मार्च को केजरीवाल से पूछा था कि क्या वह शिकायतकर्ता से माफी मांगना चाहते हैं? केजरीवाल ने 26 फरवरी को शीर्ष अदालत से कहा था कि उन्होंने यूट्यूबर राठी द्वारा प्रसारित भाजपा आईटी सेल से संबंधित कथित अपमानजनक वीडियो को रीट्वीट करके गलती की थी। शिकायतकर्ता सांकृत्यायन की ओर से पेश वकील ने शीर्ष अदालत को बताया कि केजरीवाल सोशल मीडिया मंच 'एक्स' या इंस्टाग्राम पर माफी मांग सकते हैं। शीर्ष अदालत ने 26 फरवरी को हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर नोटिस जारी किए बिना शिकायतकर्ता से पूछा था कि याचिकाकर्ता द्वारा यह स्वीकार करने के बाद कि यह एक गलती थी, क्या वह इस मामले को बंद करना चाहते हैं। शीर्ष अदालत ने निचली अदालत से अगले आदेश तक केजरीवाल से जुड़े मानहानि मामले की सुनवाई नहीं करने को कहा था। हाईकोर्ट ने केजरीवाल को तलब करने के निचली अदालत के 2019 के आदेश को रद्द करने से इनकार करते हुए कहा था कि जब कोई सार्वजनिक हस्ती मानहानिकारक पोस्ट ट्वीट करती है, तो इसका प्रभाव कहीं अधिक होता है। मुख्यमंत्री ने हाईकोर्ट में कहा था कि निचली अदालत यह समझने में विफल रही कि उनके ट्वीट का उद्देश्य शिकायतकर्ता को नुकसान पहुंचाना नहीं था। सांकृत्यायन ने दावा किया कि 'बीजेपी आईटी सेल पार्ट दो' शीर्षक वाला यूट्यूब वीडियो जर्मनी में रहने वाले राठी द्वारा प्रसारित किया गया था 'जिसमें कई झूठे और अपमानजनक आरोप लगाए गए थे।

## केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने का अनुरोध करने वाली याचिका की खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तारी के बाद अरविंद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने का अनुरोध करने वाली याचिका को सोमवार को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि यह दिल्ली के उपराज्यपाल पर निर्भर है कि अगर वह चाहें तो कार्रवाई करें, लेकिन हम हस्तक्षेप नहीं करेंगे। अदालत ने कहा कि यह प्राधिकार का मामला है, लेकिन केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग करने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि जब मामले की सुनवाई हो रही थी तो हमने उनसे भी यही सवाल किया था। आखिरकार यह प्राधिकार का मामला है और इसका कोई कानूनी अधिकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट याचिकाकर्ता कांत भाटी की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। उन्होंने दिल्ली हाईकोर्ट के 10 अप्रैल के आदेश को चुनौती दी थी जिसके जरिये उनकी अपील को खारिज कर दिया गया था।



## खबर संक्षेप

### विधायक अमानतुल्लाह खान, बेटे के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

**नोएडा।** दिल्ली के आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान के एक सहयोगी को पेट्रोल पंप पर झगड़े के बाद यहां दर्ज मारपीट के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि विधायक और उनके बेटे के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए गए हैं। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। खान के बेटे अनस अहमद और पेट्रोल पंप के कुछ कर्मचारियों के बीच बहस के बाद सात मई को नोएडा के फेज 1 थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिनमें कालिंदी कुंज के पास पकड़े गए इकरार अहमद (50) का नाम शामिल नहीं था। इस मामले में बाद में खान भी शामिल हो गए थे। दिल्ली विधानसभा में ओखला का प्रतिनिधित्व करने वाले अमानतुल्लाह खान प्राथमिकी में एकमात्र नामजद व्यक्ति थे। उनके बेटे का उल्लेख विधायक अमानतुल्लाह खान के अज्ञात बेटे के रूप में किया गया था, जबकि अन्य आरोपियों की पहचान कार में सवार दो अन्य के रूप में की गई थी। नोएडा पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि फेज 1 थाने में दर्ज मामले में वांछित आरोपी इकरार अहमद को स्थानीय खुफिया जानकारी और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया। वह कालिंदी कुंज की सीमा के निकट पकड़ा गया। खान के बेटे पर पेट्रोल पंप पर ईंधन डलवाने के लिए कतार तोड़ने, धमकी भरे व्यवहार और हिंसा में शामिल होने का आरोप लगाया गया था।

### जल्द 43 से 45 डिग्री तक पहुंचेगा तापमान

**नई दिल्ली।** कई दिनों की राहत के बाद एक बार फिर दिल्ली वालों को झुलसाने वाली भीषण गर्मी की मार झेलनी पड़ेगी। सूरज की तपिश के चलते लोगों को इस सप्ताह 43-45 डिग्री टेंपरेचर तक का सितम सहना पड़ सकता है। इसकी शुरुआत सोमवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से हो गई है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान विभाग दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार सोमवार से पारा बढ़ना शुरू हो गया है। आगामी शुक्रवार व शनिवार तक तापमान बढ़कर 44-45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। हालांकि बीच बीच में बादलों का आना जाना लगा रहेगा। वहीं निजी मौसम विज्ञान कंपनी स्काईमेट वेदर का कहना है कि अब से पहले दिल्ली की बेस वेधशाला में पिछले 5 दिनों के दौरान तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे ही दर्ज किया गया। हालांकि रविवार 12 मई को अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री था।

## पीठ ने कहा- अधिकारियों ने गंभीर परिणामों पर विचार करने की जहमत नहीं उठाई

# दिल्ली में रोज 3,800 टन ठोस कचरा अनुपचारित रह जाने की स्थिति बहुत 'भयावह' : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में हर दिन 3,800 टन ठोस कचरा अनुपचारित रह जाने और आसपास के इलाकों में उपचार के लिए पर्याप्त संयंत्र नहीं होने की स्थिति को 'भयावह' बताया और कहा कि यह प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहने के नागरिकों के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है।

शीर्ष अदालत ने गुरुग्राम, फरीदाबाद और ग्रेटर नोएडा जैसे क्षेत्रों से प्रति दिन निकलने वाले ठोस कचरे और उनके उपचार की क्षमता के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यों को देखते हुए स्पष्ट है कि यह आगे और बढ़ेगा। न्यायमूर्ति ए. एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए तत्काल उपाय किए जाने चाहिए कि अनुपचारित ठोस कचरे की मात्रा तब तक न बढ़े जब तक कि उनके उपचार के लिए उचित व्यवस्था नहीं हो जाती। पीठ ने कहा कि अधिकारियों को ऐसा करने के लिए विभिन्न तरीकों पर विचार करना होगा, जिसमें इन क्षेत्रों में निर्माण गतिविधि पर प्रतिबंध लगाना भी शामिल है। पीठ ने आवास और शहरी मामलों के केंद्रीय मंत्रालय के सचिव को सभी संबंधित अधिकारियों की एक बैठक बुलाकर समाधान खोजने और रिपोर्ट को अदालत के समक्ष रखने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि यदि अधिकारी किसी ठोस प्रस्ताव के साथ आने में विफल रहते हैं, तो हमें राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में पर्यावरण की देखभाल के लिए कठोर आदेश देने पर विचार करना होगा। अदालत ने कहा कि हमें आशा और विश्वास है कि सभी अधिकारी इस मुद्दे को बहुत गंभीरता से लेंगे क्योंकि प्रथम दृष्टया हमने पाया है कि किसी भी अधिकारी ने हर दिन उत्पन्न होने वाले ठोस कचरे से निपटने के लिए पर्याप्त क्षमता नहीं होने के गंभीर परिणामों पर विचार करने की जहमत नहीं उठाई है। पीठ ने कहा कि आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के सचिव द्वारा एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी और 19 जुलाई तक अदालत के समक्ष रखी जाएगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि सभी संबंधित पक्षों ने स्वीकार किया है कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की सीमा के भीतर, रोज 3,800 टन ठोस कचरा उत्पन्न होता है जिसका उपचार नहीं किया जा सकता क्योंकि मौजूदा संयंत्रों में उन्हें उपचार करने की क्षमता नहीं है। पीठ ने कहा कि यह राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की बदहाल स्थिति है।

### अतिरिक्त कचरे का निपटारा जून 2027 तक ही संभव होगा: एमसीडी

अदालत ने कहा कि नगर निगम के ठोस कचरे के प्रसंस्करण का मुद्दा राष्ट्रीय राजधानी के लिए बेहद अहम है, इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। पीठ ने कहा कि एमसीडी के वकील ने अदालत को अवगत कराया है कि इस तरह के अतिरिक्त कचरे का निपटारा जून 2027 तक ही संभव होगा जब एक अतिरिक्त संयंत्र की स्थापना होगी। अदालत ने कहा कि इसका मतलब है कि अब से तीन साल से अधिक की अवधि के लिए, दिल्ली में हर दिन किसी न किसी स्थान पर 3,800 टन अनुपचारित ठोस कचरा जमा होता रहेगा।

### पीठ ने सॉलिसिटर से कहा-केंद्र को भी इस मुद्दे पर गौर करना चाहिए

सुनवाई के अंतिम समय में पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि केंद्र को भी इस मुद्दे पर गौर करना चाहिए। मेहता किसी अन्य मामले में उसके समक्ष पेश हो रहे थे। पीठ ने कहा कि यह किस तरह का परिदृश्य है और हम पूरी दुनिया को क्या संकेत दे रहे हैं? हम विकास के बारे में बात करते हैं, हम पर्यावरण के बारे में बात करते हैं। हम क्या संकेत दे रहे हैं।

### 26 जुलाई को सुनवाई

पीठ मामले पर अब 26 जुलाई को सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत ने 22 अप्रैल को मामले की सुनवाई करते हुए इस बात को 'चौंकाने वाला' बताया था कि दिल्ली में प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले 11,000 टन ठोस कचरे में से 3,000 टन का प्रसंस्करण नहीं किया जाता।

### 'दिल्ली के पर्यावरण के लिए एक बड़ा खतरा है कचरा'

पीठ ने कहा कि जैसा कि पहले आदेश में कहा गया था, यह राजधानी दिल्ली के पर्यावरण के लिए एक बड़ा खतरा है। अदालत ने कहा कि हलफनामे के अनुसार, गुरुग्राम में प्रतिदिन 1,200 टन ठोस कचरा उत्पन्न होता है जबकि प्रसंस्करण की क्षमता केवल 150 टन प्रति दिन है। पीठ ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार, फरीदाबाद में प्रतिदिन 1,000 टन ठोस कचरा उत्पन्न होता है लेकिन उपचार की क्षमता केवल 240 टन प्रतिदिन है। सुनवाई के दौरान, अदालत ने कहा कि अधिकारियों को एक स्थायी समाधान ढूंढना होगा 'अन्यथा हमें बताएं कि हमें दिल्ली में किस श्रेणी के निर्माण को रोकना चाहिए। हम कठोर आदेश जारी करेंगे।' पीठ ने विभिन्न प्राधिकारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील से पूछा कि दिल्ली शहर में प्रति दिन लगभग 3,800 टन अनुपचारित ठोस कचरा निकलता है। क्या आपने अनुमान लगाया है कि यह कितना बढ़ेगा? अदालत ने कहा कि हम इस बारे में चिंतित हैं। पूरी दुनिया क्या कहेगी। भारत की राजधानी में, 2024 तक हर दिन 3,800 टन ठोस कचरा अनुपचारित रह जा रहा है। 2025 में क्या होगा, 2026 में क्या होगा...हर जगह स्थिति भयावह है।

### 'हरित धरोहर' है सेंट्रल रिज, इसे नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं दी जा सकती : हाईकोर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली हाईकोर्ट ने 'सेंट्रल रिज' को राष्ट्रीय राजधानी की 'हरित धरोहर' बताते हुए कहा है कि इसे नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं जा सकती क्योंकि शहर पहले ही बढ़ते प्रदूषण से जूझ रहा है जो खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। अदालत ने सेंट्रल रिज का इस्तेमाल कूड़ा डालने वाले स्थान के रूप में किये जाने, वहां पेड़ों की कटाई और झाड़ियों को साफ किये जाने को गंभीरता से लिया तथा इन चूक को लेकर वन विभाग से स्पष्टीकरण मांगा। रिज इलाके की स्थिति पर चिंता जताने वाले एक मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने वन विभाग और स्थानीय प्राधिकारों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सेंट्रल रिज में कूड़ा या कोई अन्य अपशिष्ट सामग्री नहीं डाली जाए। अदालत ने यह आदेश भी दिया कि उसकी अनुमति के बिना इलाके में अब पेड़ों की और कटाई नहीं की जाए या झाड़ियों को साफ नहीं किया जाए। अदालत ने छह मई को पारित आदेश में कहा कि कुछ तस्वीरों से यह प्रदर्शित होता है कि सेंट्रल रिज में बड़े पैमाने में कूड़ा डाला गया है और वहां मिट्टी काली हो गई है। अदालत ने कहा कि इससे यह संकेत मिलता है कि इलाके में आग लगाई गई जिसमें पेड़ एवं झाड़ियां नष्ट हो गईं। सेंट्रल रिज, दिल्ली में अरावली पर्वत श्रृंखला का विस्तार है और यह चट्टानी एवं वन क्षेत्र है। इसे प्रशासनिक कारणों से चार क्षेत्रों में बांटा गया है—दक्षिण, दक्षिण मध्य, मध्य (सेंट्रल) और उत्तर। इनका कुल क्षेत्रफल करीब 7,784 हेक्टेयर है। अदालत ने कहा कि शहर प्रदूषण में वृद्धि का पहले से सामना कर रहा है, जो खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है, ऐसे में पेड़ काटकर और झाड़ियां साफ कर इस तरीके से सेंट्रल रिज को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। अदालत ने अधिकारियों से दो हफ्तों के अंदर कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है।

# कार के शोरूम में हुई गोलीबारी के मामले में कोलकाता से एक दबोचा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



पश्चिमी दिल्ली में एक सेकंड-हैंड लग्जरी कार शोरूम में हुई गोलीबारी के मामले में संलिप्तता के आरोप में एक व्यक्ति को कोलकाता से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि मोहित रिधाऊ (28) को पश्चिम बंगाल और दिल्ली पुलिस के संयुक्त अभियान में पकड़ा गया। उसे दिल्ली लाया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि हरियाणा के सोनीपत का मूल निवासी रिधाऊ दिल्ली और राज्य में लगभग एक दर्जन आपराधिक मामलों में आरोपी है। पुलिस ने इससे पहले केतन नाम के एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया था। बताया जाता है कि वह रिधाऊ और एक अन्य शूटर को अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर शोरूम ले कर गया था। दिल्ली के तिलक नगर में स्थित एक 'फ्यूजन कार शोरूम' पर छह मई को दो शूटरों ने गोलीबारी की थी। दरवाजे और खिड़कियों पर गोली लगने से टूटे कांच के टुकड़ों से सात लोग घायल हो गए थे। शूटरों ने घटनास्थल पर हाथ से लिखा एक नोट भी छोड़ा था, जिसमें तीन गैंगस्टर हिमांशु भाऊ, नीरज फरीदकोट और नवीन बाली के नाम शामिल थे।

### पांच करोड़ रुपये की मांग की गई थी

पुलिस ने बताया कि शोरूम के मालिक को एक अंतरराष्ट्रीय नंबर से कॉल आया और उससे पांच करोड़ रुपये की मांग की गई थी। उन्होंने बताया कि अन्य शूटर को पकड़ने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं।

## सरोजनी नगर: दिल्ली पुलिस के वाहन की चपेट में आया व्यक्ति, पुलिसकर्मी गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के सरोजनी नगर इलाके में सोमवार को चालक द्वारा कथित तौर पर लापरवाही से चलाए जा रहे दिल्ली पुलिस के वाहन ने 58 वर्षीय एक अधेड़ व्यक्ति को चपेट में ले लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) रोहित मीणा ने कहा कि घटना के संबंध में सरोजिनी नगर पुलिस थाने में सुबह तीन बजकर 27 मिनट पर एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। मीणा ने कहा कि जानकारी मिली कि यह हादसा दिल्ली पुलिस की गाड़ी से हुआ था जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। उन्होंने बताया कि एक टीम को भीकाजी कामा प्लेस मेट्रो स्टेशन के पास घटनास्थल पर भेजा गया जहां उन्हें दिल्ली पुलिस का एक वाहन क्षतिग्रस्त हालत में मिला। इस हादसे में त्रिलोकपुरी के रहने वाले बैजनाथ नामक व्यक्ति की मौत हो गई।पुलिस उपायुक्त ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज की गई और राजेंद्र नगर पुलिस थाने में तैनात कांस्टेबल प्रदीप कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### दंगों में सज्जन कुमार को बरी करने के खिलाफ दायर याचिका पर 22 जुलाई को होगी सुनवाई

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान एक व्यक्ति की हत्या से संबंधित मामले में पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को बरी करने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 22 जुलाई को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन की पीठ ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और गवाहों में से एक शीला कौर की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि पहले के आदेश के बावजूद निचली अदालत के रिकॉर्ड की अभी तक मांग नहीं की गई है। इसने रजिस्ट्री से निर्देश का अनुपालन करने को कहा। विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल ने 20 सितंबर 2023 को कुमार को संदेह का लाभ देकर मामले में बरी कर दिया था और कहा था कि अभियोजन पक्ष आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ उचित संदेह से परे आरोप साबित करने में विफल रहा। निचली अदालत ने दो अन्य आरोपियों-

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-ELECT-20-T-2024-25-E3<br>बविद्युत कार्य के संबंध में<br>(i) बड़ौदा हाउस में एनेक्सी–I भवन की मंजिलों के क्षतिग्रस्त महिला और पुरुष शौचालयों का नवीनीकरण।<br>(ii) बड़ौदा हाउस में एनेक्सी–II भवन में खाता भवन का नवीनीकरण। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रू0 43.95 लाख |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता / जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रू0 87900.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 07.06.2024, 12.00 Hrs. |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 07.06.2024, 12.00 Hrs. |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in/<br>वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता / जी, नई दिल्ली |

1441/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## दीवानी अदालतों का आर्थिक क्षेत्राधिकार बढ़ाने के प्रस्ताव मंजूर: दिल्ली सरकार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट को सूचित किया है कि उसने यहां दीवानी अदालतों के आर्थिक क्षेत्राधिकार को तीन लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

दिल्ली सरकार ने हाईकोर्ट को बताया कि केंद्र से अनुरोध किया गया था कि संसद द्वारा पंजाब अदालत अधिनियम, 1918 की धारा 39(1) में संशोधन कर दिल्ली में जिला न्यायाधीशों के आर्थिक अपीलीय क्षेत्राधिकार को बढ़ाया जाए। हाल में कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी एस अरोड़ा की पीठ के समक्ष इस पर सुनवाई हुई। मामले में अगली सुनवाई आठ अक्टूबर को होगी। आर्थिक क्षेत्राधिकार से तात्पर्य किसी मुकदमे के संबंध में मूल्य या राशि के आधार पर अदालत के अधिकार क्षेत्र से है। अदालत वकील अमित साहनी की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें यहां दीवानी अदालतों के आर्थिक क्षेत्राधिकार को तीन लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने का अनुरोध किया गया।

याचिकाकर्ता ने सूचित किया है कि सीमा बढ़ाने का निर्णय हाईकोर्ट द्वारा अपने प्रशासनिक पक्ष में पहले ही लिया जा चुका है, लेकिन एक साल बाद भी, केंद्र ने अभी तक इसे अधिसूचित नहीं किया है। प्रधान सचिव (कानून, न्याय और विधायी मामले) भरत पराशर के माध्यम से सात मई को दिल्ली सरकार की स्थिति रिपोर्ट दाखिल की गई।

## दिल्ली में 95 फीसदी मतदाताओं ने किया ऑनलाइन पंजीकरण

# इस लोकसभा चुनाव में 2019 की तुलना में अधिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया जा रहा है : सीईओ

एजेंसी :नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) पी कृष्णमूर्ति ने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में पिछले आम चुनाव की तुलना में अधिक प्रौद्योगिक का इस्तेमाल किया जा रहा है तथा अधिकारी चुनाव प्रबंधन के लिए मोबाइल ऐप्लीकेशन पर निर्भर हैं। कृष्णमूर्ति ने कहा कि प्रौद्योगिकी ने न केवल चीजों को आसान बना दिया है, बल्कि इससे काफी पारदर्शिता भी आई है। प्रौद्योगिकी का किस प्रकार उपयोग किया जा रहा है, इस बारे में कृष्णमूर्ति ने कहा कि निर्वाचन आयोग (ईसी) ने एक ऐप्लीकेशन (ऐप) विकसित किया है जिसके माध्यम से संबंधित हितधारक नकदी जब्त किए जाने की स्थिति में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मसलन, उड़नदस्ते ने नकदी पकड़ी। वे ऐप पर सूचित करेंगे और फिर इसकी जानकारी आयकर विभाग के पास जाएगी और वे सक्रिय होंगे। इसी तरह, मादक पदार्थ या शराब की




जब्ती होने पर इसकी सूचना स्वापक नियंत्रण ब्यूरो या आबकारी विभाग को जाएगी। कृष्णमूर्ति ने कहा कि कोई भी हस्तक्षेप नहीं कर रहा है और यह सारे आंकड़े निचले स्तर से लेकर निर्वाचन आयोग के स्तर तक ऑनलाइन जा रहे हैं। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ने कहा कि चुनाव प्रबंधन के लिए निर्वाचन आयोग काफी प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर रहा है। साल 2019 के लोकसभा चुनावों और वर्तमान चुनावों के बीच अंतर के बारे में बात करते हुए, कृष्णमूर्ति ने कहा कि चुनाव कमोबेश एक ही मानक प्रक्रिया का पालन करते हैं। लेकिन प्रौद्योगिकी ने चीजों को आसान बना दिया है और पारदर्शिता न सिर्फ अधिकारियों के लिए आई है बल्कि मतदाताओं के लिए भी आई है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में 95 प्रतिशत मतदाताओं ने ऑनलाइन पंजीकरण कराया। कृष्णमूर्ति ने कहा कि अगर आप मतदाता के रूप में नाम दर्ज कराना चाहते हैं तो आपको मतदाता पंजीकरण केंद्र जाने की जरूरत नहीं है। मतदाता सेवा पोर्टल, बीएलओ ऐप और मतदाता हेल्पलाइन है। आप फॉर्म ऑनलाइन भर सकते हैं। साल 2014 के लोकसभा चुनाव में दिल्ली में लगभग 65 प्रतिशत मतदान हुआ था, जबकि 2019 के आम चुनाव में करीब 60 फीसदी वोट पड़े थे। दिल्ली में 25 मई के आसपास भीषण गर्मी के पूर्वानुमान के बावजूद कृष्णमूर्ति को उम्मीद है कि इस बार मत प्रतिशत अच्छा रहा है।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना

उप मुख्य अभियंता / निर्माण–I, उत्तर रेलवे स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य लिए **एक पैकेट सिस्टम** के अधीन खुली ई टेंडर आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम व स्थल | मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली के कार्यालय परिसर, अधिकारी विश्राम गृह, ऑडिट कार्यालय और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण की अन्य बिल्डिंग और उप मुख्य अभियंता / निर्माण–I, कार्यालय और अधिकारी विश्राम गृह, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली में अच्छी प्रकार से विकसित सजावटी पौधों सहित गमलों की आपूर्ति आंतरिक और बाहरी एवं रख रखाव 18 (अठारह) माह के लिए। |
| 2. | कार्यावधि | 18 (अठारह) माह |
| 3. | कार्य की अनुमानित लागत | रुपये 218.91 लाख (रुपये दो करोड़ अठारह लाख इक्यानबे हज़ार मात्र) |
| 4. | धरोहर राशि, जो जमा करानी है | रूपये 2,59,500/- (रुपये दो लाख उनसठ हज़ार पाँच सौ मात्र) |
| 5. | ई–टेंडर जमा करने व खुलने की तारीख व समय | निविदाएँ IREPS की वेब साइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 06.06.2024 को 11.30 बजे तक अपलोड की जा सकती है। निविदा दाता केवल ई. टेंडर में भाग ले सकते हैं। निविदाएँ दिनांक 06.06.2024 को 11.30 बजे खोली जाएंगी। |
| 6. | विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र | निविदा प्रपत्र IREPS की वेब साइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 14.05.2024 से 06.06.2024 तक उपलब्ध होगी। उपरोक्त निविदा के संबंध में अन्य सभी नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र मे दिये गए हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के सूचना पट पर भी देखी जा सकती हैं। |

संख्या: 220-Acs-1-1249-Horti-KG दिनांक: 13.05.2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1436/24

## निगम की सदन बैठक आज, हंगामे के आसार

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम मुख्यालय में आज मंगलवार को सदन बैठक का आयोजन पूरी सतर्कता के साथ किया जाएगा। निगम सूत्रों की मानें तो दिल्ली में गत दिनों स्कूलों और रविवार को अस्पतालों में बम होने की अफवाह के चलते निगम सदन बैठक में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बरती जाएगी। वहीं, निगम सूत्रों के अनुसार इस बार भी बैठक में हंगामा होने के आसार बताये जा रहे हैं। पार्टी जानकारों का कहना है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मिली जमानत को लेकर इस बैठक में आम आदमी पार्टी सदन में सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद ज्ञापन देने के लिए प्रस्ताव ला सकते हैं तो वहीं, दूसरी तरफ भाजपा पार्टी, सीएम केजरीवाल के सहयोगी द्वारा सीएम आवास में सांसद और दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रहीं स्वाति मालीवाल का मामला उठा सकती है।

## एमसीडी डीबीसी कर्मियों का मुख्यालय पर प्रदर्शन आज

नई दिल्ली। एन्टी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष देवानंद शर्मा ने बताया कि निगम प्रशासन को हमने अनेकों बार अपनी मांगों से अवगत कराया है लेकिन प्रशासन हमारी उचित मांगों पर ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने बताया कि हम डीबीसी कर्मचारी लगभग डेढ़ महीने से संवैधानिक रूप से ड्यूटी पर नहीं लिए जा रहे हैं। जिसकी वजह से पिछले दो महीने से तनख्वाह भी नहीं मिली है और लगातार ऑर्डर होने के बाद भी कार्य को बहुत ही धीमी गति से चलाया जा रहा है। जिसकी वजह से हम डीबीसी कर्मियों को मजबूरन मंगलवार को निगम मुख्यालय सिविक सेंटर पर धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है।

### मुख्यमंत्री ने आप पार्षदों के साथ की बैठक

# अगर चार जून के बाद इंडिया गठबंधन सत्ता में आता है तो मैं अगले दिन जेल से वापस आ जाऊंगा : केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली






अगर लोकसभा चुनाव के परिणाम की घोषणा के बाद इंडिया गठबंधन सत्ता में आता है तो मैं पांच जून को तिहाड़ जेल से बाहर आ जाऊंगा। यह बात सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षदों के साथ की बैठक में कही। जेल से वापस आने के बाद पार्षदों से यह उनकी पहली बैठक थी। सीएम ने पार्षदों को और मेहनत व लगन के साथ दिल्ली की साफ-सफाई कार्य में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा वालों ने आम आदमी पार्टी के विधायकों-पार्षदों को तोड़कर दिल्ली और एमसीडी की सरकार गिराने के लिए मुझे गिरफ्तार किया, लेकिन ये नाकाम रहे। हमारे एक भी विधायक-पार्षद नहीं टूटे। आप केवल एक पार्टी ही नहीं, बल्कि एक परिवार और विचार है, जिसे तोड़ना असंभव है। हमारे काम की वजह से ही लोग हमें प्यार और इज्जत करते हैं। इसलिए मैं कहीं भी रहूं, आप लोग दिल्ली बंद मत होने देना। मुझे खुशी है कि इससे आप और भी संगठित और मजबूत हुई है। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संगठन डॉ. संदीप पाठक, दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय, मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय, डिप्टी मेयर आले मुहम्मद, एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक समेत सभी पार्षद मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े एक धनशोधन मामले में गिरफ्तार केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए उच्चतम न्यायालय ने एक जून तक अंतरिम जमानत दी है। न्यायालय के आदेश के अनुसार उन्हें दो जून को आत्मसमर्पण करना होगा और जेल वापस जाना होगा। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के तहत एक जून को मतदान होगा और मतगणना एक साथ चार जून को होगी। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि तीन महीने पहले तक यही लगता था कि भाजपा की तो 400 से ज्यादा ही सीटें आएंगी। सबको ऐसा लगता था। लेकिन आज देश में इस बात की शर्त नहीं लग रही कि इनकी 400 सीटें आएंगी, बल्कि शर्त इस बात की लग रही है कि 250 सीट भी आएंगी की नहीं आएंगी। ये चमत्कार है। ये ऊपर वाले की कृपा है। ये हनुमान जी की कृपा है। भगवान श्री कृष्ण ने गीता में जो पूरे विश्व को आश्वासन दिया है। ये उसका प्रकटीकरण है। आपको पता नहीं चलेगा, लेकिन चारों तरफ कुछ हो रहा है।

### हम सबको मिलकर एक-एक बूथ पर करना है काम : पाठक

आप के राष्ट्रीय महासचिव संगठन डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि अगर आप सारे लोग अपने बूथ को जिताकर ले आते हैं, तो प्रत्याशी अपने आप जीत जाएंगे। आप सभी बूथ स्तर पर मजबूती से जनसंपर्क करें। सभी लोग अच्छा काम कर रहे है, लेकिन हम और अच्छा कर सकते हैं। अब अपने बूथ को जिताने की जिम्मेदारी आपकी है। परिस्थितियां अगल हो सकती है। छोटी-छोटी दिक्कतें हो सकती है। लेकिन हम सबको मिलकर एक-एक बूथ पर काम करना है और जीतना है।

### 'मुझे जेल में अपमानित कर तोड़ने की हुई कोशिश'

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा के लोगों ने जेल के अंदर अरविंद केजरीवाल को तोड़ने की पूरी कोशिश की। कभी अपमानित करते थे, कभी बेइज्जत करते थे। 15 दिन तक इन्होंने मुझे इंसुलिन नहीं दिया। मुझे गंभीर लेवल की शुगर की बीमारी है। मैं रोजाना 52 यूनिट इंसुलिन लेता हूं। एक दिन इन्होंने मेरी पत्नी को मिलने से मना कर दिया। जब ये बात अखबारों में छपी तब इन्होंने 12 बजे मिलने के लिए 11 बजे ईमेल भेजा। उन्होंने कहा कि फिल्मों की तरह बीच में जाली लगाकर पंजाब के सीएम भगवंत मान से मिलवाया गया। जाली के इस पास मैं था और उस पार भगवंत मान थे। इसका मकसद केवल मुझे बेइज्जत करना था। मेरे सेल में दो-दो सीसीटीवी कैमरे लगा रखे थे। मेरे सेल की सीसीटीवी फुटेज 13 अफसरों के कमरों में चलती थी। एक साथ 13 लोग मुझे मॉनिटर करते थे कि रात को मैं कब-कब उठ रहा हूं, एक-एक चीज की निगरानी की जाती थी। ये बताया जा रहा है कि एक फीड उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय में दी हुई थी।

## स्वाति मालीवाल से दुर्व्यवहार का मामला पहला मामला नहीं : सचदेवा



■ सीएम केजरीवाल का आवास हमेशा से रहा है कुचर्चा का विषय

नई दिल्ली। अरविंद केजरीवाल का अपनी एनजीओ के समय की साथी स्वाति मालीवाल से दुर्व्यवहार कोई इस तरह का पहला मामला नहीं है। एनजीओ युग की उनकी साथी किरण बेदी, शाजिया इलमी, ऋचा पांडेय जैसी कितनी महिलाएं अरविंद केजरीवाल की महिला विरोधी राजनीति से तंग आ कर उनका साथ छोड़ चुकी हैं। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को केजरीवाल पर निशाना साधते हुए यह बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का आवास हमेशा से कुचर्चा का विषय रहा है। खेद है कि दिल्ली के अंदर एक ऐसा मुख्यमंत्री है जिसने अपने आवास पर बुलाकर पहले अपनी सरकार के मुख्य सचिव को पिटवाया था और अब महिला साथी को पिटवाया है।

## स्वाति मुख्यमंत्री आवास में सुरक्षित नहीं है तो फिर दिल्ली की महिलाएं कैसे हो सकती है सुरक्षित : भाजपा



नई दिल्ली। जब आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद एवं पूर्व में दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष मुख्यमंत्री आवास में सुरक्षित नहीं है तो फिर दिल्ली की महिलाएं कैसे सुरक्षित हो सकती है। दिल्ली भाजपा महामंत्री कमलजीत सहरावत एवं मंत्री बांसुरी स्वराज ने सोमवार को एक संयुक्त प्रेसवार्ता कर स्वाति मालीवाल के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी द्वारा किए गए दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा करते हुए उक्त बातें कही। कमलजीत सहरावत ने कहा कि स्वाति मालीवाल जब महिला आयोग की अध्यक्ष रहते हुए इस बात का दावा करती रही कि वह दिल्ली में महिलाओं को सुरक्षित रखने का लगातार काम कर रही हैं, जब वह महिला सीएम आवास गाड़ी से जाती हैं पर घबराई हुई स्थिति में पैदल बाहर निकलती है तो यह काफी शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि उन्होंने पीसीआर में कॉल किया और अभी वह ट्रेसेबल नहीं है, इससे समझा जा सकता है कि उनके ऊपर कितना दबाव है।

## केजरीवाल के घर में महिला सुरक्षा की नहीं है गारंटी, पूरे देश में बांट रहे हैं गारंटियां : लवली

नई दिल्ली। जो लोग पूरे देश में गारंटियां बांट रहे हैं आज उनके घर में महिला सुरक्षा की गारंटी नहीं है तो समझा जा सकता है कि आखिर वह किस प्रकार की गारंटी देश भर में बांट रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता सरदार अरविन्दर सिंह लवली ने सोमवार को प्रेसवार्ता में यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री आवास के अंदर हुई घटना काफी शर्मनाक है और इंडिया गठबंधन किस प्रकार का गठबंधन है जिसमें एक पार्टी के अंदर इतनी बड़ी घटना हो गई और अभी तक किसी भी कांग्रेस नेता की प्रतिक्रिया नहीं आई। प्रेसवार्ता में मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर और प्रदेश प्रवक्ता शुभेन्द्रू शेखर अवस्थी उपस्थित थे। लवली ने कहा कि स्वाति मालीवाल के साथ हुई घटना ठीक उसी प्रकार की है जैसे आम आदमी पार्टी देश की सिर्फ 22 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और देश पर कब्जा करने की बात कर रही है।

# भाजपा प्रत्याशियों ने जगह-जगह किया जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ मोदी के विकास कार्यों के नाम पर की वोट देने की अपील

लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान सोमवार को भाजपा प्रत्याशियों ने अपने अपने संसदीय क्षेत्र में लोगों से जनसंपर्क किया और दिल्ली में मोदी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को लेकर उनके पक्ष में वोट देने की अपील की। पश्चिमी दिल्ली लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कमलजीत सहरावत ने सोम बाजार, नजफगढ़ में आयोजित किसान मोर्चा की सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित किसान कल्याण योजना के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि मोदी के मार्गदर्शन में किसानों को उनकी फसलों के उचित दाम मिल रहे हैं। किसानों के जीवन में खुशहाली आई है अतः देश व दिल्ली के किसानों के समग्र विकास के लिए जनता ने प्रचंड बहुमत के साथ कमल खिलाने का प्रण लिया है।

उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया उपवन अपार्टमेंट रोहिणी में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित रहें। यहां उन्होंने प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त करके जगत कल्याण की कामना की। उक्त अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चंदोलिया ने सभी से आगामी लोकसभा चुनावों में समर्थन की अपील की।

बदरपुर विधानसभा के गांव मोलड़बन्द में दक्षिणी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी के समर्थन में बालक राम लोहिया की ओर से जनसभा का आयोजन किया गया। सभा में उपस्थित ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किये गए विकास कार्यों की सराहना करते हुए सीट जीताने की बात कही।

नई दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज ने जवाहर कैंप और चूना भट्टी, कीर्ति नगर में जनसंपर्क के दौरान वहां के सम्मानित स्थानीय निवासियों से संवाद किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को प्रधानमंत्री मोदी के स्वर्णिम कार्यकाल में फलीभूत हुई जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराते हुए सभी से एक बार पुनः भाजपा सरकार बनाने के लिए समर्थन मांगा।

चांदनी चौक लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि हर किसी ने लिया संकल्प खिलाएंगे प्रचंड बहुमत से कमल। डेरावाल नगर स्थित चुनाव कार्यालय में सेवा बस्ती बैठक में शामिल होकर क्षेत्रवासियों से संवाद किया। प्रधानमंत्री मोदी के प्रति जनता का स्नेह देखकर बेहद खुश हूं।

## राहुल गांधी दिल्ली कांग्रेस के टाउन हाल कार्यक्रम में होंगे शामिल, दो पीआर एजेंसियां ली किराए पर

नई दिल्ली। बेशन तीन लोकसभा चुनावों के सहारे अपनी खाई जमीन तलाश रही दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी का पूरा ध्यान अब प्रचार प्रसार पर लगा है। प्रचार को धार देने के लिए दिल्ली कांग्रेस राजधानी में अलग अलग क्षेत्रों में टाउन हॉल का आयोजन करेगी। सोमवार को प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली में होने वाले एक टाउन हॉल कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी शामिल होंगे। इस आयोजन में राहुल दिल्ली के विभिन्न मुददों, जैसे महंगाई, बेरोजगारी, जीएसटी, रेहड़ी पटरी, प्रदूषण, महिला सुरक्षा, कानून व्यवस्था, जेजे कलस्टर, पुनर्वास कालोनी, अनाधिकृत कालोनियों के मालिकाना हक जैसी जनता से जुड़ी समस्याओं के हल निकालने पर चर्चा करेंगे। यादव ने कहा कि पार्टी ने कांग्रेस के चुनाव अभियान के प्रभाव की जांच-परख करने सहित कई अन्य कार्यों की समीक्षा व देखभाल के लिए लगभग 140 कर्मचारियों वाले दो कॉल सेंटर किराए पर लिए हैं। यह एजेंसियां देखेंगी कि कांग्रेस के उम्मीदवार अन्य उम्मीदवारो से किस प्रकार पीछे है, क्या सुधार करने की जरूरत है। यादव ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता और बूथ एजेंट दिल्ली के सभी 13630 बूथों पर 1 करोड़ 47 लाख मतदाताओं को सीधा सम्पर्क साधकर कांग्रेस के 5 न्याय और 25 गारंटी की जानकारी दे रहे है। लोकसभा चुनाव पर इंडिया गठबंधन के प्रचार प्रसार पर निगरानी रखने के लिए मॉनिटरिंग टीमों का गठन किया है। कांग्रेस कार्यकर्ता सातों सीटों पर घर-घर जा कर महिला न्याय, युवा न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय की 25 गारंटी की जानकारी दे रहे हैं।

## आप ने ह्यूमन बैनर के जरिए की 'जेल का जवाब वोट से' देने की अपील




नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को लक्ष्मी नगर और मोती नगर फुट ओवर ब्रिज पर 'जेल का जवाब वोट से' कैंपेन के तहत ह्यूमन बैनर कार्यक्रम किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से आप ने लोगों से भाजपा की तानाशाही को खत्म करने की अपील की। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता एवं विधायक दिलीप पांडे ने भी हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के तहत ओवर ब्रिज पर खड़े कार्यकर्ताओं के हाथ में एक विशाल बैनर था, जिस पर 'जेल का जवाब वोट से' देने की अपील की गई थी। साथ ही, सीएम अरविंद केजरीवाल द्वारा दिल्ली की महिलाओं को एक हजार रुपए प्रतिमाह देने की घोषणा का भी जिक्र था। विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि दिल्ली की जनता वोट की ताकत से अपने बेटे सीएम अरविंद केजरीवाल को वापस जेल जाने से रोक सकती है। दिल्ली और देश को तय करना है कि भाजपा की तानाशाही, गुंडागर्दी और जेल की राजनीति का जवाब अपने वोट से देना है या नहीं। इस बार भाजपा बुरी तरह हार रही है। अरविंद केजरीवाल उसकी हार के ताबूत में आखिरी कील ठोकने का काम करेंगे। दिलीप पांडे ने कहा कि पिछले सभी चरणों के रुझानों से ये तय हो चुका है कि भाजपा बुरी तरह से चुनाव हार रही है। अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर आकर भाजपा की हार के ताबूत की आखिरी कील ठोकने का काम कर रहे हैं। देश की न्यायपालिका से अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने भाजपा की जीत की रही सही कसर भी खत्म हो चुकी है। भाजपा 200 पार नहीं कर रही है।

## अपना पहला वोट करने वाले वोटरों को बताएगें कांग्रेस को ही क्यों दें वोट : देवेंद्र


नई दिल्ली। आगामी लोकसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी 18-19 वर्ष के उन युवा वोटरों पर पूरा जोर देगी जो पहली बार अपना वोट करने वाले है। ऐसे युवा मतदाताओं की संख्या करीब 2.50 लाख के करीब बताई जा रही है। जबकि गत निगम पार्षद के चुनाव में अपना पहला वोट डाल चुके युवा मतदाताओं की संख्या भी लाखों में है, जो लोकसभा के लिए पहली बार अपना वोट डालेंगे। अनुमान है कि ऐसे युवाओं की संख्या करीब 6 लाख के आस पास होगी। ऐसे में कांग्रेस इन युवाओं को लुभाने के लिए अपना पूरा जोर लगाएगी। जिसके तहत दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी राजधानी में स्पेशल अभियान चलाकर उन्हें बताएगी कि आखिर अपना प्रथम वोट कांग्रेस पार्टी को ही क्यों देना चाहिए। बकायदा इसके लिए दिल्ली कांग्रेस, पहला वोट कांग्रेस को नामक एक विशेष अभियान चलाएगी। इस बारे में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि मैं समझता हूं कि भारत युवाओं का देश है, जो कुछ भी कर सकने में सक्षम है। युवाओं को समझाने के लिए युवा कांग्रेस व एनएसयूआई विशेष रूप से इस अभियान पर कार्य करेगी, क्योंकि युवाओं को युवा ही अच्छी तरह से समझते है। उन्होंने कहा कि काल चाहे कोई भी हो बदलाव हमेशा युवाओं ने ही किया है। इसलिए हमारा पूरा जोर उन 18 वर्ष के युवा वोटरों पर रहेगा जो लोकसभा में अपना पहला वोट डालेंगे। यादव ने बताया कि कांग्रेस एक अभियान शुरू कर रही है जिसमें युवाओं को बताया जाएगा कि भाजपा की नफरती विचारधारा से अवगत कराया जाएगा। युवाओं को बताया जाएगा कि देश की आजादी में कांग्रेस का क्या योगदान रहा।

### सीबीएसई 12वीं परीक्षा में सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम रहा 96.99 प्रतिशत

# दिल्ली सरकारी स्कूलों ने साबित कर दिया कि वो देशभर में हैं अव्वल : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं के परीक्षा में परिणाम बेहतर आने पर दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि एक बार फिर दिल्ली सरकार के स्कूलों ने साबित कर दिया कि वो देशभर में अव्वल है। ये दिल्ली की शिक्षा क्रांति और हमारे टीचर्स व स्टूडेंट्स की कड़ी मेहनत का परिणाम है कि दिल्ली सरकार के स्कूलों का रिजल्ट देशभर के सरकारी स्कूलों से ज्यादा रहा। उन्होंने कहा कि इस साल दिल्ली सरकार के स्कूलों के 151429 बच्चे 12वीं बोर्ड की परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से 146885 बच्चों ने परीक्षा पास की। इस साल परीक्षा परिणाम



96.99 फीसदी रहा है जो पिछले साल 91.59 प्रतिशत की तुलना में 5.4 प्रतिशत और सीबीएसई के राष्ट्रीय औसत से 9 प्रतिशत से भी अधिक है। वहीं उन्होंने कहा कि इस साल दिल्ली सरकार के 307 स्कूलों का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है जो पिछले साल 118 की तुलना में ढाई गुणा ज़्यादा बढ़ा है। साथ ही इस साल 863 स्कूलों का परिणाम 90 प्रतिशत से अधिक रहा; पिछले साल दिल्ली सरकार के 647 स्कूलों के नतीजे 90 प्रतिशत से अधिक थे।

आतिशी ने कहा कि 10वीं बोर्ड में इस बार दिल्ली सरकार के स्कूलों ने शानदार प्रदर्शन किया है और अपने पिछले नतीजों में शानदार सुधार किया है। 10वीं के बोर्ड नतीजों में दिल्ली सरकार के स्कूलों का रिजल्ट 94.2 प्रतिशत रहा है। पिछले साल के 85.84 प्रतिशत की तुलना में ये 8.36 प्रतिशत अधिक है। 10वीं बोर्ड के नतीजों में दिल्ली सरकार के स्कूल देशभर के सरकारी स्कूलों से अव्वल साबित हुए हैं। देशभर के सरकारी स्कूलों का नतीजा 86.72 प्रतिशत रही है। दिल्ली सरकार के स्कूलों के नतीजे इनसे 7.48 प्रतिशत अधिक है। इस साल सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में 164996 बच्चे शामिल हुए इनमें से 155442 बच्चे पास हुए व 9449 बच्चों की कम्पार्टमेंट आई है। कम्पार्टमेंट परीक्षा के बाद नतीजों में और सुधार होगा। इस साल दिल्ली सरकार के 327 स्कूलों में 10वीं बोर्ड का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। पिछले साल ये संख्या 124 थी। साथ ही 843 स्कूल ऐसे है जहाँ बच्चों का रिजल्ट 90 प्रतिशत से अधिक रहा है। पिछले साल ये संख्या 528 थी।

### 'अभिभावकों का सरकारी स्कूलों के प्रति बढ़ता जा रहा है भरोसा'

शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि पिछले दिल्ली सरकार के स्कूलों में आए शानदार बदलावों की बदौलत अभिभावकों का दिल्ली सरकार के स्कूलों के प्रति भरोसा साल दर साल बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि पेरेंट्स के इस भरोसे को कायम रखने के लिए दिल्ली सरकार लगातार प्रयास कर रही है और मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के नेतृत्व में हम अपने स्कूलों में पढ़ रहे हर बच्चे को क्वालिटी एजुकेशन प्रदान कर रहे हैं।

### केजरीवाल ने की सरकारी स्कूलों के बेहतर प्रदर्शन की सराहना

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 12वीं कक्षा के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणामों में पिछले साल से बेहतर प्रदर्शन करने के लिए सोमवार को सरकारी स्कूलों की सराहना की। दिल्ली के सरकारी स्कूलों का उत्तीर्ण प्रतिशत गत वर्ष 91.59 प्रतिशत था लेकिन इस बार यह 96.99 प्रतिशत हो गया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और उनके अभिभावकों को इस शानदार प्रदर्शन के लिए मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि सीबीएसई 12वीं कक्षा की परीक्षा में दिल्ली के सरकारी स्कूलों का 96.99 प्रतिशत का शानदार परिणाम आया है।

TATHASTU

लाइसेंस संख्या-189 वर्ष 2022 दिनांक-16.11.2022
हरेरा पंजीकरण संख्या-RC/REP/HARERA/GGM/676/408/2023/20 दिनांक: 30.01.2023

फ्लैटों के आवंटन के लिए ऑनलाइन तीसरा ई-ड्रॉ

यह सूचित किया जाता है कि सोहना, सेक्टर-5, गुरुग्राम में अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी प्रोजेक्ट आईडी-177 "तथास्तु-I" के तीसरा ई-ड्रॉ पर प्राप्त 2 फ्लैटों के आवेदनों का ड्रॉ है। लाइसेंस नंबर 189 ऑफ 2022 दिनांक - 16.11.2022, देसी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित 16.05.2024 को शाम 4:00 बजे, हॉल ट्यूबरोज, कंट्री इन एंड सूट्स, सेक्टर-12, गुरुग्राम, हरियाणा में सरकारी अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा।

सभी आवेदकों को ड्रॉ में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है या नीचे दिए गए लाइव लिंक पर ड्रॉ को ऑनलाइन स्ट्रीम करके देखें।

यूट्यूब लिंक: https://www.youtube.com/@tathastu-realty

देसी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
वाटिका टावर्स, ब्लॉक-बी, दसवीं मंजिल, गोल्फ कोर्स रोड, गुरुग्राम, हरियाणा, 122011
कॉल करें: +91 999 065 0650 | विजिट करें: www.tathastu.co


**खबर संक्षेप**

### बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 का समापन



**फरीदाबाद।** 8वीं मानव रचना एनसीआर इंटर स्कूल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 का आयोजन किया। टीम ने सेंट थॉमस स्कूल की ओर से अंडर 13 आयु वर्ग की टीम स्पर्धा में अनंत अत्री और युवांश सिंगला ने दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक जीता। 52 स्कूलों के 600 खिलाड़ियों ने भाग लिया। ऐस बैडमिंटन अकादमी ने इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए युवा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया है और उनके माता-पिता को भविष्य के खेलों और टूर्नामेंटों के लिए शुभकामनाएं दी।

### बैंक के गनमैन ने खुद को मारी गोली



**फरीदाबाद।** एनआईटी के नीलम चौक स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के गनमैन ने अपनी बंदूक से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। साथी गार्ड ने इसकी सूचना बैंक अधिकारियों को दी। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम बादशाह खान अस्पताल में कराया। पुलिस को इस संबंध में परिजन की ओर से किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

### सीएनजी स्टेशन पर इंजीनियर को पीटा



**फरीदाबाद।** सेक्टर आठ थाना क्षेत्र में सीएनजी स्टेशन पर कुछ लोगों ने लाइन में नहीं लगने का विरोध करने पर इंजीनियर को पीट दिया। सेक्टर आठ में रहने वाले अनिल कौशिक ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह गुरुग्राम की निजी कंपनी में इंजनियर के तौर पर काम करते है। शाम को सात बजे वह अपनी गाड़ी में पेट्रोल डलवाने के लिए सेक्टर नौ स्थित बायपास सीएनजी पंप पर गए थे। सीएनजी डलवाने के लिए काफी गाड़ियां लाइन में लगी हुई थी। अपनी गाड़ी लाइन में लगा दी।

### मनचले से परेशान होकर छात्रा ने की खुदकुशी



**गुरुग्राम।** तावडू एरिया में मनचले से परेशान होकर 24 वर्षीया छात्रा ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आरोप है कि मनचला शादी का दबाव डालकर युवती को परेशान कर रहा था और उसे रास्ते में तंग करता। शादी से मना करने पर उसने युवती को गालियां भी दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और छानबीन शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में तावडू एरिया के एक व्यक्ति ने कहा कि उसकी 24 वर्षीय बेटी तावडू के एक शिक्षण संस्थान में जीएनएम की कोचिंग ले रही थी। बेटी जब कोचिंग सेंटर आती जाती थी तो रास्ते में कुछ युवक उसे परेशान करते थे।

उल्लंघना पाए जाने पर तुरंत होगी कार्रवाई

# चुनाव: एमसीएमसी कमेटी की अनुमति के बिना विज्ञापनों का प्रसारण नहीं कर सकते उम्मीदवार

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रिंटिंग प्रेस और सिनेमाघर, माल संचालकों को भी प्रकाशन सामग्री का विवरण जिला निर्वाचन कार्यालय में देना होगा।

**खास बात**

- प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को भी प्रकाशित किए जाने वाले पंफ्लैट, पोस्टर, बैनर, होर्डिंग्स आदि का विवरण जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करवाना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार एमसीएमसी कमेटी की अनुमति के बिना विज्ञापनों का प्रसारण केबल ऑपरेटर व सिनेमाघर संचालक नहीं कर सकते। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रिंटिंग प्रेस और सिनेमाघर, माल संचालकों को भी प्रकाशन सामग्री का विवरण जिला निर्वाचन कार्यालय में देना होगा। नहीं तो निर्वाचन आयोग के नियमों की उल्लंघना पाए जाने पर तुरंत प्रभाव से प्रिंटिंग प्रेस, केबल ऑपरेटर और सिनेमा हाल, माल संचालक के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है।

**सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी हैं कमेटी के सदस्य सचिव**



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना में जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) का गठन कर दिया गया है। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार को इस कमेटी के सदस्य सचिव हैं। जिला के सभी केबल ऑपरेटरों को डीआईपीआरओ कार्यालय में बने एमसीएमसी कार्यालय के माध्यम से समय-समय पर दिए जाने वाले निर्देशों का पालन निर्धारित समय पर करना जरूरी है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि एमसीएमसी कमेटी केबल चैनलों, सिनेमा हालों, मालों की गहनता से निगरानी कर रहे हैं और केबल, सिनेमा घरों में चलने वाले प्रत्येक विज्ञापन पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इसी प्रकार प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को भी उनके द्वारा प्रकाशित किए जाने वाले पंफ्लैट, पोस्टर, बैनर, होर्डिंग्स आदि का विवरण जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा करवाना होगा।

**प्रिंटिंग प्रेस को भी प्रकाशित सामग्री का विवरण देना होगा**

उन्होंने कहा कि कमेटी द्वारा विज्ञापन के लिए जारी किए जाने वाले प्रमाण पत्र पर संबंधित सक्षम अधिकारी की मोहर व हस्ताक्षर होंगे और साथ ही विज्ञापन की सीडी पर भी मोहर व हस्ताक्षर होंगे। केबल ऑपरेटर को विशेष ध्यान रखना है कि केवल मोहर व हस्ताक्षर वाली सीडी को ही विज्ञापन के तौर पर चलाना है। सभी केबल ऑपरेटरों, सिनेमा घर संचालकों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित नियमों सहित केबल टी वी नेटवर्क रेगुलेशन एक्ट की पालना सुनिश्चित करनी है।

फर्रुखनगर में इंटरनेट प्रोवाइडर बनकर बैठा था गैंगस्टर का गुर्गा

# एसटीएफ ने काबू किए लॉरेंस बिश्नोई गैंग के पांच शॉर्प शूटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) हरियाणा ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग के पांच शॉर्प शूटरों को काबू किया है। इनमें से एक शूटर ने फर्रुखनगर में इंटरनेट प्रोवाइडर का काम किया हुआ था। इस आरोपी को काबू करने के बाद टीम ने पूछताछ के बाद चार अन्य शूटरों को काबू कर लिया है।

इन सभी को कोर्ट में पेश कर छह दिन के रिमांड पर मांगा जाएगा। दरअसल, एसटीएफ को सूचना मिली थी दिनेश नाम का युवक फर्रुखनगर में इंटरनेट प्रोवाइडर का काम कर रहा है। वह लॉरेंस बश्निोई वा रोहित गोदारा के संपर्क में है। जिसके बाद एसटीएफ ने फर्रुखनगर से लारेंस बश्निोई गैंग के शॉर्प शूटर भिवानी निवासी दिनेश उर्फ दीनू को गिरफ्तार किया। आरोपी से विदेशी हथियार भी बरामद किया गया। जिसे एक दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह लॉरेंस गिरोह के लिए ठिकाना तैयार कर रहा था। उसके चार अन्य साथी पंजाब के अबोहर में मौजूद हैं। जिसके बाद एसटीएफ ने उन्हें भी काबू कर लिया गया। आरोपियों की पहचान अबोहर निवासी जग्गू, वष्णिु, कोसी उत्तर प्रदेश के रहने वाले सागर, समसपुर दल्लिी के रहने वाले प्रदीप के रूप में हुई। इनमें से प्रदीप के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास सहित सात केस पहले भी दर्ज हैं जबकि सागर के खिलाफ एक केस दर्ज है।

**डीएसपी का कहना:**

एसटीएफ के डीएसपी प्रीतपाल सांगवान के मुताबिक प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि लॉरेंस बश्निोई के गुर्गे रोहित गोदारा और नवीन बॉक्सर के संपर्क में दिनेश उर्फ दीनू आया था। जिसे दोनों ने फर्रुखनगर में इंटरनेट प्रोवाइडर का काम करके शहर में नजर रखने के लिए कहा। आरोपियों द्वारा पंजाब में बंबईया गैंग के एक व्यक्ति की हत्या करनी थी। इसके अलावा आरोपियों ने हरियाणा, राजस्थान में भी हत्या की वारदातों को अंजाम देना था।

**विदेशी पस्टिल और 55 कारतूस बरामद:**

एसटीएफ ने आरोपियों से पांच विदेशी पस्टिल और 55 कारतूस बरामद किए गए हैं। इन्हें लॉरेंस गिरोह के ही एक अन्य व्यक्ति ने पस्टिल उपलब्ध करवाई थी। एक विदेशी पस्टिल की कीमत 12 से 15 लाख रुपए बताई जा रही है। सभी शूटर लारेंस बश्निोई और रोहित गोदारा के लिए काम करते थे। इससे पांच दिन पहले भी दल्लिी की स्पेशल टीम और नूंह पुलिस ने इसी गिरोह के दो बदमाशों को नूंह में मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था।

# राजपूत समाज ने हमेशा कुर्बानियां दी: इंद्रजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



**गुरुग्राम।** राजपूत व जैन समाज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह। फोटो :हरिभूमि

भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि राजपूत समाज ने हमेशा ही देश की आन-बान और शान के लिए अपनी कुर्बानियां दी है। उन्होंने कहा कि जैन समाज ने देश को शांति की राह दिखलाई और समाज के ऋषि मुनि का त्याग हमें प्रेरणा देता है। वे रविवार को राजपूत वाटिका में राजपूत समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम को सम्मिलित कर रहे थे। वहीं सेक्टर 15 में जैन समाज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। राजपूत समाज व जैन समाज की ओर से राव इंद्रजीत का भव्य स्वागत किया गया और उन्हें समाज की ओर से 25 मई को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया। राव इंद्रजीत ने कहा कि उन्हें आगे बढ़ाने में राजपूत समाज ने हमेशा ही अपना अशीर्वाद और स्नेह उन्हें प्रदान किया है। समाज भाजपा की रीढ़ है। व्यक्तिगत तौर पर भी यह समाज उनकी रीढ़ बनकर काम करता रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने कभी भी राजपूत समाज की कुर्बानियों को सम्मान नहीं दिया। कांग्रेस राजपूतों को वोट बैंक समझकर उनका इस्तेमाल करती आई है। राजपूत समाज ने देश की रक्षा और सुरक्षा के लिए अपनी पीढ़िया खपा दी। इस अवसर पर हरियाणा में मंत्री संजय सिंह, राजपूत सभा के जिला अध्यक्ष, राजपूत सभा के जिला अध्यक्ष तिलक राज चौहान, पूर्व अध्यक्ष सतेंद्र सिंह चौहान, जतन वीर सिंह राघव, जिला पार्षद सुशील चौहान जैन समाज से नरेश जैन, अभय जैन, राकेश जैन रविंद्र जैन आदि मौजूद रहे।

# नगर निगम ने चलाया अवैध होर्डिंग के हटाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



नगर निगम ने अवैध होर्डिंग के खिलाफ़ अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में शहर में कई स्थानों पर लगाये गए अवैध होर्डिंग हटाए गए। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम के विज्ञापन विभाग ने अवैध रूप से लगे हुए बैनर, होर्डिंग हटाने का अभियान चल रहा है। रोस्टर के क्रम में सप्ताह में एक बार हर जोन में कार्रवाई अवैध विज्ञापन को हटाने के लिए हो रही है। जिसमें जोनल प्रभारी भी विशेष भूमिका निभा रहे हैं। विज्ञापन प्रभारी पल्लवी सिंह ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देश के क्रम में अवैध विज्ञापन को हटाया जा रहा है यह प्रक्रिया निरंतर चल रही है। शहर की सुंदरता को अवैध रूप से लगे विज्ञापनों से खराब हो रही है। व्यापारियों से भी लगातार सहयोग करने की अपील की जा रही है ।

# 3 महिलाओं सहित 16 साइबर ठगों ने की 24 लाख 33 हजार की ठगी, 5 केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम




पुलिस द्वारा गिरफ्तार तीन महिला सहित 16 ठगों ने देश भर में 24 लाख 33 हजार रुपए की ठगी की वारदातों को अंजाम दिया था। आरोपी लोन दिलाने व सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर धोखाधड़ी से रुपए ठगी करने की वारदातों को अंजाम देते थे।

एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान ने बताया कि साइबर पुलिस की टीमों ने तीन महिला सहित 16 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। जिनमें से आरोपी अर्जुनराम, सीताराम व अंकित पुरोहित को साइबर क्राइम वेस्ट की टीम के एसआई रवि शंकर की टीम ने गिरफ्तार किया था। वहीं साइबर थाना मानेसर के जांच अधिकारी एएसआई प्रदीप की टीम ने यूपी के बांदा निवासी गोविंद सिंह को मानेसर से गिरफ्तार किया। जबकि, जाटोली के अरूण को साइबर थाना मानेसर के जांच अधिकारी पीएसआई मंजीत की टीम ने मानेसर से नियमानुसार गिरफ्तार किया। उधर, साइबर थाना साउथ के जांच अधिकारी एसआई ओमबीर की टीम ने राजीव महाजन, दीपक, विवेक सिंह, नवीन कुमार, सूरज सिंह, तुलसी व खुशबू शाह सहित साइबर ठगों को साइबर क्राइम साउथ एरिया से गिरफ्तार किया।

इसके अलावा प्रवीण उर्फ राहुल, सलोनी जायसवाल, रचना व राम मेहर को साइबर थाना साउथ में तैनात पवन की टीम ने गिरफ्तार किया। आरोपियों से बरामद किए गए 17 मोबाइल का इंडियन साइबर क्राइम कोआर्डिनेशन सेंटर से जांच/डेटा के अवलोकन कराने पर पता चला कि इन्होंने देशभर में लगभग 24 लाख 33 हजार रुपए की ठगी की। इन पर कुल 124 शिकायतें व 5 केस दर्ज हैं। ये सभी केस हरियाणा में दर्ज हैं।

जिलाधिकारी ने सुनी जनशिकायतें, मौके पर किया कई शिकायतों का निस्तारण

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समय पर निस्तारण के अफसरों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय पर जन शिकायतें सुनी। इस दौरान उनके सामने प्रार्थियों द्वारा अनेक शिकायती पत्र प्रस्तुत किए गये। एक किसान ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए कहा कि पीडब्लूडी द्वारा नक्शे से विपरीत उनके खेत पर सड़क बनाई जा रही है, जिलाधिकारी ने जब पीडब्लूडी अधिकारी से वार्ता की गई तो उन्होने बताया कि सुविधा के अनुरूप उनके खेत पर सिर्फ रोड़ी रखी गई हैं और सड़क नक्शे के अनुरूप ही बनाई जा रही है।

जिलाधिकारी ने अधिकारी को आदेशित किया कि तत्काल प्रभाव से रोड़ी को प्रार्थी के खेत से हटाया जाये। एक व्यक्ति द शिकायत की गयी कि उसका किराएदार उसके मकान पर फर्जी विद्युत मीटर लगवाने की कोशिश रहा है। जिस पर जिलाधिकारी ने शिकायती पत्र को एसडीओ को मार्क किया। इसके साथ ही घरेलू जमीनी मामले, आरटीई के तहत स्कूलों द्वारा एडमिशन न लेना सहित अन्य कई प्रकरणों से जिलाधिकारी अवगत हुए जिनमें से कई का मौके पर निस्तारण कराया गया।

जनसुनवाई के लिए सुबह 10 बजे से ही लोगों का तांता लगा रहा, जिलाधिकारी ने पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति की भी शिकायत ध्यानपूर्वक सुनी और शिकायत के त्वरित निस्तारण के लिए सम्बंधित अधिकारी को आदेशित किया। शिकायत का गुणवत्तापूर्ण व समयांतराल में निस्तारण किया जाए।

# ब्लैडर कैंसर जागरूकता पर एडवोकेसी मीटिंग का किया सफल आयोजन



**गुरुग्राम।** उहापो हेल्थ सर्विसेज नामक सोशल इम्पैक्ट ऑर्गनाजेशन ने ब्लैडर कैंसर जागरूकता पर एक खुली बातचीत का आयोजन किया। जिसमें इस क्षेत्र से जुड़े टॉप डॉक्टरों, कंपनियों, प्रतिनिधियों, मरीजों, केयरगिवर्स, नीति-नर्मिाताओं और अन्य स्टेकहोल्डर्स ने हस्सिा लिया। सभी स्टेकहोल्डर्स ने ब्लैडर कैंसर की जांच, इलाज और मरीजों की सहायता से जुड़ी व्यवस्थाओं और प्रबंधन से जुड़े तमाम महत्वपूर्ण मुद्दों और उनके समाधानों पर चर्चा की। उहापो के संस्थापक विवेक शर्मा ने बातचीत में हस्सिा लेने वाले सभी प्रतिभागियों के प्रति उनके योगदानों के लिए अपना आभार प्रकट किया। शर्मा ने ब्लैडर कैंसर से जुड़ी देखभाल के मामलें में सकारात्मक बदलाव लाने के प्रति उहापो की प्रतिबद्धता को भी दोहराया। सेमिनार के दौरान बातचीत की शुरुआत ब्लैडर कैंसर और पेशेंट एडवोकेसी के बारे में वस्तिार से दी गई जानकारियों और संदर्भों के साथ हुई। इस दौरान पेशेंट एडवोकेसी से जुड़े प्रख्यात डॉक्टरों और शख्सियतों ने अपनी बातें रखीं। इन लोगों ने ब्लैडर कैंसर से मुकाबले के लिए मिलकर होने वाले प्रयासों के महत्व पर प्रकाश डाला। उसके बाद सेमिनार में हस्सिा लेने वालों को ब्लैडर कैंसर की जांच और उससे बचने के उपायों से लेकर प्रत्येक स्तर पर मरीजों और केयरगिवर्स की चुनौतियों से जुड़े प्रमुख मामलों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर आरजीसीआईआरसी, दल्लिी, के मेडिकल ओंकोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ विनीत तलवार ने कहा कि भारतीयों में ब्लैडर कैंसर एक गंभीर और लगातार बढ़ रही समस्या है। इसकी सही समय पर पहचान और इलाज के लिए डॉक्टर के साथ ही मरीजों में भी जागरूकता होना जरूरी है।

अब नगर निगम सड़क पर दस्ता भरेगा गड्ढे

# महापौर ने जोनों को गड्ढा मुक्त करने बनाया दस्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



महानगर की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए नगर निगम ने गड्ढा मुक्त दस्ता बनाया है। जो सभी जोनों की सड़कों को गड्ढा मुक्त करेगा।

महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए दस्ता तैयार कराया है। जिसमे निर्माण विभाग के कर्मचारी,स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी रहेंगे और सभी जोन एवं वार्ड के हिसाब से सुपरवाइजर के साथ कार्य को सम्पन्न करेंगे। यह दस्ता शहर के किसी कोने से गड्ढा होने की शिकायत मिलते है तत्काल प्रभाव से गड्ढा मुक्त करेगा, गड्ढा मुक्त करने के लिए एक पैच बैग (रोड बैंड) आता है जिसमे रोड़ी के साथ तारकोल मिक्स कर कैमिल्क का प्रयोग कर गड्ढा भरने का कार्य करता है।

छोटे छोटे गड्ढो के लिए यह बहुत उपयोगी साबित होगा क्योंकि छोटे छोटे गड्ढो पर न भर पाने की स्थिति में गड्ढा बड़ा हो जाता है इसलिए यह शहर हित में उपयोगी साबित होगा। यह दस्ता सभी जोन में घूमेगा गड्ढों के साथ शहर में किसी भी स्थान पर हो रही गतिविधियों पर भी ध्यान रखेगा, अतिक्रमण, अव्यवस्था से लगाए गए रेहड़ी ठेली पटरी आदि को भी नियमित करेगा जिससे सभी का व्यापार भी चले और शहर में साफ सफाई एवं जाम की स्थिति भी उत्पन्न न हो। इस दस्ते को तैयार करने ले लिए गाड़ी स्वास्थ्य विभाग एवं गड्ढा मुक्त के कर्मचारी एवं मिक्सचर निर्माण विभाग ने दिया है जिसमे सभी साथ मिलकर शहर की व्यवस्था को दुरुस्त रखेंगे, साथ ही यह दस्ता दिन में कहाँ कहाँ कार्य करता है और किस किस स्थान पर गड्ढा भारत है कि भी जिओ टैग फोटो के साथ रोजाना सूचना देगा।

## पीएम मोदी का काशी में लंका से विश्वनाथ कॉरिडोर तक मेगा रोड शो

# एक झलक पाने के लिए सड़कों पर उमड़े लोग, ढाई घंटे में पूरा हुआ 8 किमी लंबे रोड शो का सफर,आज नामांकन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी के लंका से अपना रोड शो शुरू किया। उनके साथ उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। पीएम मोदी वाराणसी से मौजूदा सांसद और उम्मीदवार हैं। पीएम मोदी को देखने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ा।

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी लोकसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल करने से एक दिन पहले सोमवार शाम को काशी में छह किलोमीटर लंबा रोड शो किया। प्रधानमंत्री वाराणसी सीट से लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं, जहां लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण में 1 जून को मतदान होगा। 5,000 से अधिक 'मातृशक्तियां' प्रधानमंत्री के रोड शो में शामिल हुईं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मंत्री और विधायकों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया।



### पीएम मोदी के रोड शो में व्हील चेयर पर पहुंचा समर्थक

पीएम मोदी के रोड शो को लेकर लोगों में दीवानगी का अलग ही स्तर नजर आया। यहां समर्थक हर-हर मोदी, घर-घर मोदी के नारे लगाए। पूरे रोड शो में भगवा कमल ध्वज लहराए गए। पार्टी निशान के झंडे भी हर तरफ लहराते हुए दिखाई दिए। इसी बीच एक अलग ही नजारा दिखा। पीएम मोदी का एक समर्थक व्हील चेयर पर रोड शो में नजर आया। इससे थोड़ी देर पहले एक छात्रा पीएम मोदी का हाथों से बनाया पोस्टर लिए नजर आई थी।

**जगह-जगह स्वागत द्वार पर होती रही फूलों की बौछार**

रोडशो को यादगार बनाने के लिए हजारों किलो फूलों से न केवल पूरे रास्ते को सजाया गया है, बल्कि पूरे रास्ते में रोडशो पर पुष्पवर्षा भी होती रही। जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए थे। पीएम मोदी की एक झलक पाने की कोशिश में छतों पर भी लोगों की भीड़ जुटी रही।

### पीएम मोदी ने बाबा विश्वनाथ का लिया आशीर्वाद

नामांकन से पहले पीएम मोदी ने बाबा विश्वनाथ धाम में पूजन-अर्चन किया। उन्होंने विधि- विधान से मंत्रोच्चार के बीच बाबा विश्वनाथ का पूजन कर लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के लिए आशीर्वाद मांगा। पीएम मोदी के आगमन को लेकर काशी विश्वनाथ धाम को भव्य रूप में सजाया गया है। सतरंगी लाइटों से मंदिर को सजाया गया है। गोदौलिया चौराहे से काशी विश्वनाथ धाम तक सजाया गया है।

## खबर संक्षेप

### जयंत सिन्हा के बेटे ने थामा कांग्रेस का हाथ



**रांची।** झारखंड में लोकसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी को तगड़ा झटका लगा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सह हजारीबाग से भाजपा के वर्तमान सांसद जयंत सिन्हा के बेटे और पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा के पोते आशिर सिन्हा कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के हजारीबाग में कार्यक्रम के दौरान आशिर सिन्हा ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

### तेज प्रताप व राजद समर्थकों के बीच धक्का-मुक्की



**पटना।** बिहार की पाटलिपुत्र लोकसभा सीट से महागठबंधन उम्मीदवार मीसा भारती ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के बाद तेज प्रताप यादव और राजद समर्थकों के बीच झड़प हुई है। जानकारी के अनुसार मीसा भारती के नामांकन के बाद श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में एक सभा का आयोजन किया गया था। इस दौरान तेज प्रताप यादव और राजद समर्थकों के बीच धक्का-मुक्की और मारपीट हुई है।

## यूपी में चौथे चरण के लिए मतदान खत्म

# 13 सीटों पर करीब 58% वोटिंग,कई बूथों पर जमकर बवाल

यूपी में लोकसभा की चौथे चरण की 13 सीटों के लिए मतदान खत्म हो गया है। हालांकि जो लोग बूथ के अंदर मौजूद थे उन्होंने छह बजे के बाद भी मतदान किया। इस चरण में 130 प्रत्याशी मैदान में हैं। अखिलेश यादव कन्नौज सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ/पटना

यूपी में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की 13 सीट के लिए सोमवार को मतदान हुआ। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक जारी रहा। इस चरण में कन्नौज में समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव और खीरी में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा 'टेनी' की प्रतिष्ठा दांव पर थी। चौथे चरण के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में शाहजहांपुर (आरक्षित), खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई (आरक्षित), मिश्रिख (आरक्षित), उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा (आरक्षित), कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर, बहराइच (आरक्षित) लोकसभा सीट थीं। अब पांचवें चरण के लिए 20 मई को वोटिंग होगी।

**शाम पांच बजे तक 13 सीटों पर मतदान**

| | |
|---|---|
| शाहजहांपुर- | 51.52% |
| खीरी- | 62.75% |
| धौरहरा- | 62.72% |
| सीतापुर- | 60.90% |
| हरदोई- | 55.73% |
| मिश्रिख- | 54.37% |
| उन्नाव- | 53.97% |
| फर्रुखाबाद- | 56.93% |
| इटावा- | 54.35% |
| कानपुर- | 50.91% |
| कन्नौज- | 59.05% |
| अकबरपुर- | 55.22% |
| बहराइच- | 55.97% |



### झारखंड में मतदाताओं ने नकार दिया नक्सलियों के चुनाव बहिष्कार का फरमान

#### दोपहर एक बजे तक 43.80 फीसदी मतदान

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड की 4 लोकसभा सीटों पर दोपहर एक बजे तक 43.80 फीसदी मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया है। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी आंकड़े के अनुसार खूंटी में 47.41, लोहरदगा में 43.46, पलामू में 41.85 और सिंहभूम में 43.83 प्रतिशत मतदाताओं ने एक बजे तक वोट डाल दिए हैं। इन चारों लोकसभा सीटों के कई इलाकों में नक्सलियों का प्रभाव रहा है। इस बार भी ज्यादातर इलाके के लोग वोट बहिष्कार के नक्सलियों के फरमान को नकार कर मतदान करने पहुंचे। इन चारों लोकसभा सीटों में बनाए गए 7,595 बूथों में से करीब साढ़े चार हजार बूथ नक्सलियों के कारण चुनौतीपूर्ण माने गए हैं। लेकिन, यहां व्यापक सुरक्षा इंतजामों के बीच मतदाताओं में मताधिकार को लेकर उत्साह देखा गया है।

इस चरण में खूंटी में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सिंहभूम में मौजूदा सांसद गीता कोड़ा व झारखंड सरकार की पूर्व मंत्री जोबा मांझी, पलामू में सांसद एवं पूर्व डीजीपी बीडी राम और लोहरदगा में भाजपा एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव एवं कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत जैसे दिग्गजों की सियासी किस्मत दांव पर है।

### वोटिंग के बीच कन्नौज पहुंचे अखिलेश

कई बूथों पर भाजपा और सपा के समर्थकों के बीच नोकझोंक की खबरें आईं हैं। सपा समर्थकों का आरोप है कि प्रशासन की मदद से भाजपा के लोग मतदाताओं को बूथ तक पहुंचने से रोक रहे थे। इस बीच तिर्वा के भाजपा विधायक कैलाश राजपूत की ओर से एक बूथ पर पुलिस कर्मियों से बहस का भी वीडियो वायरल हुआ है।

#### कार्यकर्ताओं ने भाजपा पर लगाया धांधली का आरोप

विधायक कैलाश राजपूत की ओर से एक बूथ पर पुलिस कर्मियों से बहस का वीडियो वायरल हुआ है। सपा कार्यकर्ताओं की बढ़ती शिकायत को ध्यान में रखकर सपा मुखिया अखिलेश यादव भी दोपहर में कन्नौज पहुंच गए थे।

### यूपी, बिहार, झारखंड के कई दिग्गज प्रत्याशियों के भाग्य ईवीएम में बंद

चौथे चरण में कन्नौज में सपा प्रमुख अखिलेश यादव और मौजूदा भाजपा सांसद सुब्रत पाठक के बीच कड़ी टक्कर है। इसके अलावा उन्नाव में मौजूदा भाजपा सांसद साक्षी महाराज (स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी) का मुकाबला सपा की अन्नू टंडन से है। भाजपा के चार उम्मीदवार- केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी), रेखा वर्मा (धौरहरा), मुकेश राजपूत (फर्रुखाबाद) और देवेन्द्र सिंह उर्फ भोले (अकबरपुर) तीसरी बार जीत की उम्मीद कर रहे हैं, जबकि राजेश वर्मा सीतापुर से पांचवीं बार जीतने के लिए मुकाबले में हैं।

#### बिहार की पांच सीटों पर 54% मतदान,दरभंगा, मुंगेर समेत कई बूथों पर झड़प

बिहार में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में पांच सीटों पर कड़ी सुरक्षा में सुबह 7 बजे से मतदान जारी है। शाम 5 बजे तक पांचों सीटों पर कुल 54.14 फीसदी मतदान हुआ है। सबसे ज्यादा समस्तीपुर में 56.36 फीसदी वोट गिरे। वहीं, उजियारपुर में 54.93 प्रतिशत, दरभंगा में 54.28 प्रतिशत और बेगूसराय में 54.08 प्रतिशत वोटिंग हुई। पांच बजे तक सबसे कम मुंगेर में 51.44 फीसदी मतदान ही हुआ। चौथे चरण के मतदान की प्रक्रिया कुछ ही देर में खत्म होने वाली है। इस चरण में 95, 83, 662 मतदाता 9447 बूथों पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं। दरभंगा में मतदान के दौरान ग्रामीण विधानसभा के ब्रह्मपुर के भटपुरा मध्य विद्यालय स्थित बूथ संख्या 200 और 201 पर राजद कार्यक्रताओं ने बूथ पर जमकर हंगामा किया है। इतना ही नहीं उनपर मतदान बाधित करने का भी आरोप लगा है। वहीं मुंगेर में चुनाव ड्यूटी के दौरान पीठासीन अधिकारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। चौथे चरण में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, सांसद गोपाल जी ठाकुर, विधायक ललित यादव, शांभवी चौधरी, सनी हजारी, पूर्व मंत्री तथा विधायक आलोक मेहता सहित 55 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होना है।

## पेज एक का शेष

### पीएम मोदी पर बरसे...

साथ सीएम योगी और यूपी भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी मौजूद रहे। रोड शो में जगह-जगह पीएम मोदी पर फूलों की बारिश होती रही। पीएम मोदी के रोड शो में शामिल होने के लिए मंत्रियों का वाराणसी आना सुबह से ही शुरू हो चुका था। मंगलवार को नामांकन से पहले पीएम मोदी अस्सी पर गंगा स्नान और काल भैरव का दर्शन भी करेंगे।

**मराठी समाज 9 गजी साड़ी तो पुरुष तिलक टोपी में दिखे:** मराठी समाज की महिलाएं 9 गजी साड़ी में तो पुरुष तिलक टोपी में दिखाई दिए। वैदिक मंत्रों का उच्चारण और 1001 गणेशजी का पाठ भी हुआ। युवतियां फोगड़ी नृत्य करती तो काशी महाराष्ट्र सेवा समिति गणेशजी की विशेष पूजा करते दिखाई दिए। राजस्थान के मारवाड़ी, खंडेलवाल, ब्राह्मण, जैन, माहेश्वरी समाज के संगठनों के बैनर तले महिलाएं और पुरुषों के साथ ही दिगंबर जैन समाज काशी के उपाध्यक्ष राकेश जैन के नेतृत्व में मौजूद रहा। बंगीय समाज के सचिव देवाशीष दास काली बाड़ी और पांडेयहवेली पर स्वागत मंच पर बंगाली समाज पारंपरिक धोती-कुर्ता में थे। महिलाएं लालपाड़ साड़ी में धुनुची, शंखनाद और ढाक से अगवानी की। सिंधी समाज सहित अन्य समाज के लोगों की टोलियां भी जगह-जगह मौजूद रही। काशी-तमिल संगमम समिति, काशी-तेलुगु समिति और कर्नाटक संघ के भाजपा से जुड़े लोगों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति की जिम्मेदारी संभाली।

### रोड-शो मार्ग पर ...

गए टीएफसी, रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर, कैंसर अस्पताल की भी तस्वीरें लगी थीं।

### बंगाल में 75%...

आम चुनाव 2024 के चौथे चरण में रात 8 बजे तक लगभग 62.84 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान शाम 6 बजे संपन्न हुआ, लेकिन बड़ी संख्या में मतदाता इसके बाद भी मतदान केंद्रों पर कतार में थे। इन आंकड़ों को अद्यतन किया जा रहा है। चौथे चरण में 1717 प्रत्याशियों की किस्मत दांव पर है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा और एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी जैसे कई प्रमुख उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है।

**आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल में हिंसा की छिटपुट घटनाएं:** आंध्र प्रदेश में, तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) और वाईएसआरसीपी ने पलनाडु, कडप्पा और अन्नामय्या जिलों में एक-दूसरे पर हिंसा के आरोप लगाए। वाईएसआरसीपी ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर प्रतिद्वंद्वी तेदेपा पर वेमुरु, दारसी, इच्छापुरम, कुप्पम, माचेरला, मार्कापुरम, पालकोंडा और पेदाकुरापौडु समेत कई विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया। आंध्र प्रदेश की 175 विधानसभा और 25 लोकसभा सीट के लिए एक साथ मतदान हुआ। वाईएसआरसीपी ने आरोप लगाया कि तेदेपा नेताओं ने वेमुरु निर्वाचन क्षेत्र में पांच मतदान केंद्रों पर कब्जा कर लिया। पुलिस के मुताबिक, युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के नेता और तेनाली से विधायक ए. शिव कुमार ने एक मतदान केंद्र पर मतदाताओं से बहस होने के बाद एक मतदाता के साथ कथित रूप से हाथापाई की। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि रेलवे कोदुर विधानसभा क्षेत्र के दलवईपल्ली गांव में एक ईवीएम नष्ट कर दी गई। उन्होंने बताया कि सत्तारूढ़ पार्टी और तेदेपा के कार्यकर्ताओं की कारें भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। वहीं, मायडुरुकु विधानसभा क्षेत्र के नक्कालादिन्ने गांव में तेदेपा के एक कार्यकर्ता पर हमला हुआ, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। वाईएसआरसीपी ने आरोप लगाया कि पार्टी कार्यकर्ता सुरेश रेड्डी को चित्तूर के गुडीपाला मंडल के मंडी कृष्णापुरम गांव में चाकू मारा गया। पार्टी ने आरोप लगाया गया कि तेदेपा समर्थकों ने दारसी निर्वाचन क्षेत्र के अरावलीपाडु में पार्टी सदस्य बी अंजी रेड्डी पर हमला किया। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण पश्चिम बंगाल के 8 संसदीय क्षेत्रों में हिंसा की छिटपुट घटनाएं सामने आईं। बीरभूम और बर्धमान-दुर्गापुर लोकसभा सीटों के तहत विभिन्न इलाकों में टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। निर्वाचन आयोग ने कहा कि अपराह्न एक बजे तक ईवीएम खराब होने और बूथों में प्रवेश करने वाले एजेंटों को रोके जाने की लगभग 1,700 शिकायतें दर्ज की गईं। पश्चिम बंगाल के भाजपा नेता दिलीप घोष की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के दो सुरक्षाकर्मी बर्धमान में पथराव की घटना में घायल हो गए। सीआईएसएफ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि घोष को सुरक्षित निकाल लिया गया। सीआईएसएफ ने कहा कि बर्धमान (पश्चिम बंगाल) में कुछ उपद्रवियों द्वारा सीआईएसएफ एसएसजी सुरक्षाकर्मी पर पथराव और उनके वाहन पर हमले की घटना हुई, जिसमें दो सीआईएसएफ कर्मियों को सिर में चोटें आईं। सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति (घोष) को बिना बल प्रयोग के सुरक्षित निकाल लिया गया" घोष (59) केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के वीआईपी सुरक्षा विंग विशेष सुरक्षा समूह (एसएसजी) की 'वाई' श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त व्यक्ति हैं। घोष ने पत्रकारों से कहा कि पुलिस सिर्फ मूकदर्शक बनी रही। टीएमसी ने आतंक का राज कायम कर रखा है। सुबह टीएमसी के गुंडों ने हमारे पोलिंग एजेंटों को पीटा और स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव नहीं होने दिया।

### झारखंड में माओवादियों...

की हैदराबाद लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार के माधवी लता के खिलाफ मामला दर्ज किया। वीडियो में वह बुर्का पहने महिला मतदाताओं से कथित तौर पर चेहरा दिखाने के लिए कह रही थीं।

### बिहार के पूर्व डिप्टी...

वे बेहद मेहनती और मिलनसार विधायक के रूप में जाने जाते थे। राजनीति से जुड़े विषयों को लेकर उनकी समझ बहुत गहरी थी। उन्होंने एक प्रशासक के तौर पर भी काफी सराहनीय कार्य किए। जीएसटी पारित होने में उनकी सक्रिय भूमिका सदैव स्मरणीय रहेगी। शोक की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और समर्थकों के साथ हैं।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक्स पर लिखा है कि हमारे वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी जी के निधन की सूचना से आहत हूं। आज बिहार ने राजनीति के एक महान पुरोधा को हमेशा के लिए खो दिया। एबीवीपी से भाजपा तक सुशील जी ने संगठन व सरकार में कई महत्त्वपूर्ण पदों को सुशोभित किया। उनकी राजनीति गरीबों व पिछड़ों के हितों के लिए समर्पित रही। उनके निधन से बिहार की राजनीति में जो शून्यता उभरी है, उसे लंबे समय तक भरा नहीं जा सकता। दुःख की इस घड़ी में पूरी भाजपा उनके शोकाकुल परिवार के साथ खड़ी है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

**सीएम नीतीश और लालू ने जताई संवेदनाः** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व उपमुख्यमंत्री और पूर्व राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्व. सुशील कुमार मोदी जेपी आंदोलन के सच्चे सिपाही थे। उपमुख्यमंत्री के तौर पर भी उन्होंने हमारे साथ काफी वक्त तक काम किया। मेरा उनके साथ व्यक्तिगत संबंध था और उनके निधन से मैं मर्माहत हूं, मैंने आज सच्चा दोस्त और कर्मठ राजनेता खो दिया है, उनके निधन से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। राजद नेता लालू यादव ने एक्स पर लिखा कि वे एक जुझारू, समर्पित सामाजिक राजनीतिक व्यक्ति थे। ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिरशांति तथा परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

### ममता दीदी मनी...

की सरकार चला रही हैं।

शिवराज ने कहा कि बंगाल की धरती पर संदेशखाली जैसी घटनाएं हो रही हैं। शेख शाहजहां जैसे लोग मां, बहन और बेटी की इज्जत और अस्मत से खेल रहे हैं और ममता बेनर्जी उनको बचाने का काम कर रही हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ममता नहीं हैं, निर्ममता हैं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बंगाल की जनता के लिए टीएमसी का मतलब तुष्टिकरण, माफिया और करप्शन हो गया है। ममता बेनर्जी और टीएमसी ने पश्चिम बंगाल को बर्बाद कर दिया है। 4 जून को ममता दीदी का छिनेगा सुकून। जनता तय कर चुकी है कि ममता दीदी अब वापस नहीं आने वाली। 4 जून को हम टीएमसी की प्रदेश की सरकार को उखाड़ फेंकने के संकल्प पर काम करेंगे।

घोटाला दीदी बन गई हैं ममता बेनर्जीः चौहान ने कहा ममता दीदी और टीएमसी की सरकार ने पश्चिम बंगाल की पहचान घपले-घोटाले की बना दी है। मैं तो हैरत में हूँ- एसएससी घोटाला, नगर पालिका घोटाला, लॉटरी घोटाला, साइकिल घोटाला, शारदा घोटाला, नारदा घोटाला। चावल मोदी जी भेजें और खा लें ममता दीदी! जो जनता का धन खाए, उसे सरकार में नहीं रहना चाहिए। इनके घरों से नोटों के ढेर लगे हैं। ममता जी बंगाल को कलंकित और बर्बाद कर रही हैं। बंगाल के बहनों और भाइयों, चिंता मत करना, जिसने भी जनता के पैसे खाने का काम किया है, एक एक को नरेंद्र मोदी की सरकार जेल में भेजने का काम करेगी।

**मप्र में बहन-बेटियों पर गलत नजर से देखने वालों को फांसी की सजाः** पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र की धरती पर हमने कानून बनाया कि कोई मासूम बिटिया या बहन को गलत नजर से देखेगा तो उसे सीधे फांसी पर चढ़ा दिया जाएगा। 49 लोगों को फांसी की सजा हुई है। मां, बहन और बेटी का अपमान हम किसी भी कीमत पर सहन नहीं कर सकते। लेकिन ममता दीदी को शर्म आनी चाहिए बंगाल की धरती को कलंकित करने का पाप किया है। यहां संदेशखाली जैसी घटनाएं हो रही है। शेख शाहजहां जैसे लोग मां, बहन और बेटी की इज्जत और अस्मत से खेल रही है। ममता बनर्जी उसको बचाने का काम करही हैं। आपको बंगाल की जनता और काली मैया कभी माफ नहीं करेंगी।

### 10वीं में 94.75 फीसदी...

कक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों के प्रतिशत में 0.48 प्रतिशत का सुधार हुआ है और यह 93.60 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार 12वीं कक्षा में 87.98 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जो पिछले साल की तुलना में 0.65 प्रतिशत अधिक है। अधिकारियों ने कहा कि 10वीं कक्षा के नतीजों में 94.75 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुईं और लड़कों की तुलना में 2.04 प्रतिशत अधिक छात्राएं उत्तीर्ण हुईं। वहीं, 12वीं में लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत छात्रों के मुकाबले 6.40 प्रतिशत अधिक है। सीबीएसई अधिकारियों ने इस वर्ष परीक्षा में योग्यता-आधारित प्रश्नों की संख्या में वृद्धि को उत्तीर्ण प्रतिशत में वृद्धि का श्रेय दिया। इस साल 90 प्रतिशत और 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या में भी इसी तरह की प्रवृत्ति देखी गई। बोर्ड के मुताबिक,12वीं कक्षा में 1.16 लाख विद्यार्थियों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक मिले हैं जबकि 24,068 विद्यार्थी 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने में सफल हुए हैं। पिछले साल 1.12 लाख विद्यार्थियों का पूर्णांक 90 प्रतिशत से अधिक था जबकि 95 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वालों की संख्या 22,622 थी। सीबीएसई ने बताया कि 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 262 विद्यार्थी विशेष आवश्यकता वाले बच्चे (सीएसडब्ल्यूएन) हैं। सीएसडब्ल्यूएन श्रेणी के 43 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि 10वीं कक्षा में 47 हजार से अधिक छात्रों ने इस परीक्षा में 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, वहीं 2.12 लाख से अधिक विद्यार्थियों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक मिले हैं। उन्होंने बताया कि पिछले साल 10वीं कक्षा में 1.95 लाख विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए थे जबकि 95 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वालों की संख्या 44,297 थी। सीबीएसई ने घोषणा की है कि "अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा से बचने" के लिए मेधा सूची जारी नहीं की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि इस साल 10वीं कक्षा में 1.32 लाख विद्यार्थियों को और 12वीं कक्षा में 1.22 लाख विद्यार्थियों को पूरक परीक्षा की श्रेणी में रखा गया है। त्रिवेन्द्रम क्षेत्र में 10वीं और 12वीं कक्षा दोनों में क्रमशः 99.91 और 99.75 के साथ सबसे अधिक उत्तीर्ण प्रतिशत रहा। प्रयागराज क्षेत्र में 12वीं कक्षा में सबसे कम उत्तीर्ण प्रतिशत 78.25 दर्ज किया गया, जबकि गुवाहाटी क्षेत्र में 10वीं कक्षा में सबसे कम 77.94 प्रतिशत दर्ज किया गया।

### 10वीं कक्षा में सबसे ...

कक्षा के परिणाम घोषित किए। पिछले साल की तुलना में 10वीं कक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों के प्रतिशत में 0.48 प्रतिशत का सुधार हुआ है और यह 93.60 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार 12वीं कक्षा में 87.98 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जो पिछले साल की तुलना में 0.65 प्रतिशत अधिक है। अधिकारियों ने कहा कि दसवीं कक्षा के नतीजों में 94.75 प्रतिशत छात्राएं उत्तीर्ण हुईं। इन परीक्षाओं में लड़कों की तुलना में 2.04 प्रतिशत अधिक लड़कियां उत्तीर्ण हुईं। वहीं, 12वीं में लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत छात्रों के मुकाबले 6.40 प्रतिशत अधिक है।

TATHASTU

लाइसेंस संख्या-188 वर्ष 2022 दिनांक-16.11.2022
हरेरा पंजीकरण संख्या-RC/REP/HARERA/GGM/677/409/2023/21 दिनांक: 30.01.2023

**फ्लैटों के आवंटन के लिए ऑनलाइन तीसरा ई-ड्रॉ**

यह सूचित किया जाता है कि सोहना, सेक्टर-5, गुरुग्राम में अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग कॉलोनी प्रोजेक्ट आईडी-178 "तथास्तु-II" के तीसरा ई-ड्रॉ पर प्राप्त 2 फ्लैटों के आवेदनों का ड्रॉ है | लाइसेंस नंबर 188 ऑफ 2022 दिनांक - 16.11.2022, देसी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित 16.05.2024 को शाम 4:15 बजे, हॉल ट्यूबरोज, कंट्री इन एंड सूट्स, सेक्टर-12, गुरुग्राम, हरियाणा में सरकारी अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित किया जाएगा।

सभी आवेदकों को ड्रॉ में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है या नीचे दिए गए लाइव लिंक पर ड्रॉ को ऑनलाइन स्ट्रीम करके देखें।

यूट्यूब लिंक: https://www.youtube.com/@tathastu-realty

**देसी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड**

वाटिका टावर्स, ब्लॉक-बी, दसवीं मंजिल, गोल्फ कोर्स रोड, गुरुग्राम, हरियाणा, 122011

कॉल करें: +91 999 065 0650 | विजिट करें: www.tathastu.co


# सहेली

विशेष
अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस
15 मई

घर वह जगह है, जहां परिवार बसता ही नहीं, हमें रचता भी है। परिवार में ही हमारी परवरिश होती है, हमारे व्यक्तित्व का निर्माण होता है। यह परिवार ही होता है, जो जीवन की तपिश में शीतल छाया बनता है। हमारी खुशियां हमारे परिवार में ही हैं। परिवार जीवन का वो आधार है, जिसके बिना हम अस्तित्वविहीन हैं।

## हमारे अस्तित्व की धुरी है परिवार





आवरण कथा / सरस्वती रमेश

परिवार क्या है? क्या इसे पति-पत्नी और बच्चों के रूप में परिभाषित किया जाना चाहिए या परिवार की अवधारणा इससे कहीं विस्तृत है? सही मायने में देखा जाए तो परिवार वह जगह है, जहां हमें भावनात्मक संबल, आर्थिक सुरक्षा और मानसिक परिपक्वता प्राप्त करने के लिए अनुकूल वातावरण मिलता है। जहां प्रत्येक सदस्य रक्त संबंधों से अधिक प्रेम, विश्वास, भरोसे, जिम्मेदारी, अपनत्व के डोर से बंधा हुआ होता है। जहां अपनी खुशी से बढ़कर परिवार की खुशी होती है। जहां अपने दुख से बढ़कर परिवार का दुख होता है। परिवार के इसी महत्व और उसकी अहमियत को बताने के उद्देश्य से हर वर्ष 15 मई को पूरी दुनिया में 'अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस' मनाया जाता है।

### व्यक्तित्व निर्माण में परिवार का अमूल्य योगदान

बच्चे को जन्म लेते ही परिवार का साथ मिलता है, जिसकी छत्रछाया में पलकर वह बड़ा होता है। एक बच्चे का समाज उसके परिवार से ही शुरू होता है। परिवार उसे जीवन के तमाम मूल्यों की शिक्षा देता है या देने में सहयोग करता है। संस्कारों, आदर्शों, नैतिकता, मानवीयता जैसे गुणों की सीख दे,उसे समाज में रहने के योग्य बनाता है। असल में एक व्यक्ति को बनाने में परिवार का योगदान अमूल्य है। परिवार ही उसके अस्तित्व की धुरी होता है, जिस पर उसके व्यक्तित्व का निर्माण होता है।

### परिवार से होती है हमारी पहचान

हमारी पहली पहचान हमारे परिवार से ही होती है। हम जन्म लेते ही किसी के बेटे, पौत्र, भाई, बहन, बेटी आदि विशेषणों से जाने जाते हैं। परिवार हमारी दुनिया होता है और हम इस दुनिया के सबसे प्यारे-दुलारे सदस्य। बड़े होने पर इनसे परे भी हमारी एक पहचान बनती है। यह पहचान उन मूल्यों और पारिवारिक संस्कारों से बनती है, जिन्हें बड़े-बुजुर्ग हमें सौंपते हैं। हमारे व्यक्तित्व के पीछे परिवार की छाप सदैव रहती है।

### दर्द में मरहम बन जाता है परिवार

जब हम बहुत खुश होते हैं या बड़ी कामयाबी पाते हैं, तो हमें अपने घर-परिवार की याद आती है। जब हम बहुत दुखी-उदास होते हैं तब भी हमें परिवार की याद आती है। हम अपने परिवार से अपनी खुशी या दुख शेयर करना चाहते हैं। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि हमारी खुशी से सबसे ज्यादा हर्षित और हमारे दुख से दुखी हमारा परिवार ही होता है। परिवार ही हमें हमारी कमियों और खूबियों के साथ स्वीकार कर हम पर भरोसा जताता है। गलती सुधारने के लिए हमें एक नहीं कई मौके देता है। हमारे अकेलेपन, निराशा, नाउम्मीदी के पलों में परिवार एक आशा बनकर हमारे साथ खड़ा रहता है। दुख के क्षणों में हमें टूटकर बिखरने नहीं देता। हमारा संबल बनता है। इसलिए परिवार के साथ के बिना हमारी सारी उपलब्धि और खुशियां अधूरी जान पड़ती हैं।

### परिवार है खुशियों की चाबी

परिवार में आपसी सहयोग और समर्थन की जैसी निःस्वार्थ भावना होती है, वह कहीं और नहीं मिलती। इसलिए परिवार के साथ खुश रहने के सौ बहाने मिल जाते हैं। परिवार हमारी चिंताओं को पल भर में हवा में उड़ा देता है। अमेरिका में प्रकाशित एक शोध के मुताबिक जिन बच्चों को बचपन में परिवार का भरपूर साथ और प्यार-स्नेह मिलता है, वयस्क होने पर उनमें अवसाद के लक्षण मिलने की संभावना बहुत कम होती है। दरअसल, परिवार के साथ हम अपनी भावनाओं को व्यक्त कर सकते हैं। अपनी पसंद-नापसंद बता सकते हैं। अपने मन की उथल-पुथल शेयर कर हल्का महसूस कर सकते हैं। यही वजह है कि जब तक हमारे देश में संयुक्त परिवार की रीति मजबूत रही, अवसाद, तनाव जैसी बीमारियों से हम दूर रहे। लेकिन आज डिप्रेशन की समस्या बढ़ती जा रही है, क्योंकि लोग परिवार के बड़ों के प्यार और पग-पग पर मिलने वाले मार्गदर्शन से दूर होकर अकेले होते जा रहे हैं।

### अब दुनिया समझ रही परिवार का महत्व



**एक व्यक्ति** के जीवन में परिवार की अहमियत से हम सब वाकिफ हो चुके हैं। यही कारण है कि अब पूरी दुनिया में परिवार नाम की संस्था को मजबूत बनाने की दिशा में पहल की जा रही है। पश्चिमी देशों ने परिवार की संवेदनशीलता और देख-रेख की भावना के मूल्यांकन के लिए इसे 'केयर इकोनॉमी' का नाम दिया है। हालांकि मां की ममता, पिता के संरक्षण और परिवार के साथ का मूल्यांकन नहीं किया जा सकता। फिर भी परिवार संस्था को बचाने के लिए जो भी प्रयास हों, उसकी सराहना की जानी चाहिए।



अगर आप अपने परिवार में खुशहाली चाहती हैं तो परिवार में साथ रहने वाली सास-बहू, जेठानी-देवरानी और ननद-भाभी एक-दूसरे के प्रति सखी जैसा भाव रखें। इससे आपकी जिंदगी भी आसान हो जाएगी।

## परिवार की महिलाएं आपस में बनें सहेलियां

नया नज़रिया / यासमीन सिद्दीकी

कभी-कभी फिल्मों के कुछ संवाद जेहन में कौंध जाते हैं। कुछ सोचने को बाध्य करते हैं। हम बात कर रहे हैं, किरन राव की फिल्म 'लापता लेडीज' की। यह फिल्म समाज के लिए एक जरूरी सवाल छोड़ती है। फिल्म में एक संवाद है 'हम महिलाएं जीवन भर अपनी सहेलियों को तलाशती हैं, लेकिन आपस में कभी सहेली नहीं बन पातीं।' यह सवाल ससुराल आकर अपने परिवार में रह रही महिलाओं के आपसी रिश्तों को विशेष रूप से उजागर करता है।

**बनें आपस में दोस्त:** एक नवविवाहिता जब शादी करके अपने ससुराल में आती है तो अपने प्रेम से रिश्तों को सींचकर नए जीवन को शुरू करती है। इस समय उसके मन के कोने में कहीं वो सखियां होती हैं, जिनके साथ वह अपनी हर परेशानी, बेचैनी को साझा करती थी, तनावों से मुक्त होती थी। लेकिन शादी के बाद अपनी तकलीफें साझा करने वाली सखियां छूट जाती हैं। ससुराल में कोई ऐसा नहीं दिखता, जिससे वे मन की बातें कहें, अपनी तकलीफें बांटें। फिल्म 'लापता लेडीज' के डायलॉग को देखें तो इसका सवाल बहुत मायने रखता है कि ससुराल जो एक बहू का अपना परिवार होता है, वहां परिवार में रहने वाली सासू मां, जेठानी-देवरानी, ननद-भाभी आपस में सहेलियां क्यों नहीं बन पातीं? प्रायः देखा जाता है, परिवार की महिलाओं में कहीं न कहीं एक-दूसरे पर हावी होने की प्रवृत्ति होती है। लेकिन जरा सोचें, पारस्परिक प्रतिस्पर्धा को छोड़कर अगर परिवार की महिलाएं एक-दूसरे के साथ दोस्ती का रिश्ता निभाएं तो जीवन कितना आसान हो जाएगा। तो चलिए, फिल्म 'लापता लेडीज' की फूल जिस तरह अपनी सास से फ्रेंड बनने को कहती है, हम भी एक साथ रहकर फ्रेंड बनने की कोशिश करें। सबसे बड़ी बात है, जब परिवार में सास, बहू, देवरानी, जेठानी, ननद, भाभी सहेलियों के तौर पर रहेंगी तो परिवार सही मायने में खिलखिला उठेगा।

**किसी को बदलने की कोशिश ना करें:** हम अगर अपनी कुछ सहेलियों पर नजर डालें तो बहुत-सी हमसे अलग मिजाज की होती हैं, फिर भी हमारी उनके साथ बहुत गाढ़ी छनती है। कुछ ऐसा ही अंदाज परिवार में रहने वाली महिलाएं भी आपस में एक-दूसरे के साथ रख सकती हैं। कोई भी किसी को अपने जैसा बनाने की कोशिश ना करे।

**ना दोहराएं पुरानी बातें :** अकसर सास और जेठानी अपने समय की बातें लेकर बैठ जाती हैं। उनके समय में अगर कुछ गलत हुआ होता है तो वे कहीं ना कहीं उसे घर के रिवाज के साथ जोड़ लेती हैं। इतना ही नहीं, अगर बदले वक्त के अनुसार नई बहू को कुछ सुविधाएं मिलती हैं तो इस बदलाव का विरोध करने से वे चूकती नहीं। जैसे कि अगर उनके समय में मायके कम जाने दिया जाता था तो वे इसे परंपरा मान लेती हैं कि मायके तो कम ही जाना चाहिए। अगर उन्हें पति के साथ बाहर घूमने-फिरने का मौका नहीं मिला था तो वे चाहती हैं कि घर में आने वाली दूसरी बहुएं भी कुछ ऐसा करें। अगर आपकी यह सोच है तो इस सोच को बदलें।

**थोड़ा समय दें :** कहते हैं, वक्त बहुत बड़ा इलाज है। अगर आपको लग रहा है कि बहुत कुछ आपके अनुकूल नहीं है तो घबराएं नहीं। नए रिश्ते बनते हैं तो कुछ नई चुनौतियां भी लेकर आते हैं। ऐसे में खुद और परिवार को एक नए रिश्ते को समझने का समय दें। आप देखेंगी, बहुत से सवालों के जवाब आपको समय के साथ खुद ही मिल जाएंगे। बहुत-सी चीजों को इग्नोर करना सीखेंगी और धीरे ही सही लेकिन ना जाने कब घर की महिलाएं एक-दूसरे की सहेली बन गई हैं, पता ही नहीं चलेगा।



### मां ना सही, मां जैसी

**यह सच है** कि हमारे जीवन में मां की जगह कोई नहीं ले सकता, लेकिन घर में आने वाली नई बहू को भी समझना होगा कि जिस तरह से मां ने हमें बहुत कुछ सिखाया है, वैसे ही हमारी यह नई मां भी हमें सिखाने की कोशिश कर रही हैं। हां, उनका अंदाज हमारी मां से कुछ अलग हो सकता है। आप उनके साथ अपने संबंधों को खुला और सहज रखने की कोशिश करें।

अवधारणा / सोनम लववंशी

## परिवार का असली रूप संयुक्त परिवार



जब हम परिवार नाम की संस्था की बात करते हैं तो सर्वप्रथम जो स्वरूप उभरता है, उसमें माता-पिता, बच्चे और दादा-दादी के साथ चाचा-चाची भी आते हैं। परिवार का यही वृहत स्वरूप संयुक्त परिवार है। लेकिन समाज में बदलाव के साथ संयुक्त परिवार का ताना-बाना बिखर गया है। आज की युवा पीढ़ी को एकल परिवार ही रास आता है। लेकिन कोरोना जैसी महामारी के दौर से संयुक्त परिवार की अवधारणा को फिर बल मिला है।

**जड़ों से जुड़ाव :** गहराई से विचार करें तो बिखरे परिवारों का ना तो कोई अस्तित्व होता है और ना वे जड़ों से जुड़े होते हैं। सामाजिक सद्भाव, सामंजस्य और देखभाल करने के लिए एकल परिवारों से ज्यादा संयुक्त परिवार जरूरी हैं। जहां बच्चों को दादा-दादी का दुलार मिलता है, तो बहुओं को सास का प्यार-स्नेह। अकसर देखा गया है कि परिवारों की एकजुटता ही संकट में मनोबल बढ़ाती है। दरअसल, संयुक्त परिवार एक ऐसा वट वृक्ष है, जो विपत्ति में एक छाया बन कभी किसी सदस्य का मनोबल टूटने नहीं देता।

**खुशियों की कुंजी :** परिवार के सभी सदस्य आपस में भावनाओं की डोर से बंधे होते हैं। हर छोटी से छोटी खुशी सब परिवार के साथ साझा करते हैं। कहा भी जाता है कि खुशियां बांटने से बढ़ती हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि यह हंसी-खुशी का माहौल परिवारजनों के साथ रहकर ही संभव है। हमारे तीज-त्योहारों की रौनक भी हमारे अपनों के साथ से ही है। यही वजह है कि परिवार इन रिश्तों के जरिए संस्कृति और संबंध दोनों को सहेजने का काम करता है। दिलों को जोड़ने वाले सांस्कृतिक पर्व अपनों से भी जुड़ाव बनाए रखते हैं। तभी तो मन में उत्साह-उमंग जगाने वाली खुशियां अपनों के बिना अधूरी-सी लगती हैं।



डाइट सजेशन/डॉ. चेतना बंसल, न्यूट्रिशनिस्ट, दिल्ली

हेल्दी, फिट और एनर्जेटिक रहने के लिए न्यूट्रिएंट्स से भरपूर डाइट की जरूरत परिवार के हर सदस्य को होती है। लेकिन एज के अनुसार सभी को अलग तरह के डाइट की जरूरत होती है। इस बारे में आपके लिए यूजफुल सजेशंस।

## फैमिली के सभी मेंबर्स रहेंगे हेल्दी-एनर्जेटिक

बचपन से लेकर बड़ी उम्र और ओल्ड एज तक में एज, जेंडर और एक्टिविटी के हिसाब से सभी को न्यूट्रिशस डाइट की जरूरत होती है। ऐसा ना होने पर फैमिली मेंबर्स बीमार हो सकते हैं। इससे बचने के लिए डाइट पर ध्यान देना जरूरी है।

**चिल्ड्रेन-टीनएज मेंबर्स:** पोषक तत्वों से भरपूर भोजन से ही हमारे कई जेनेटिक पैटर्न, शरीर और दिमाग विकसित हो पाता है। इसलिए बचपन से ही बच्चों को हाई-प्रोटीन डाइट के साथ कैल्शियम और आयरन रिच फूड्स देने चाहिए। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के विटामिन वाले फूड्स भी बहुत जरूरी होते हैं। विभिन्न विटामिंस की कमी से कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। जबकि कार्बोहाइड्रेट और फैट रिच डाइट ज्यादा लेने से आगे चलकर ओबेसिटी, हाइपरटेंशन, डायबिटीज, पीसीओडी, कार्डियोवैस्कुलर जैसी बीमारियां होने का खतरा रहता है। टीनएज के दौरान शरीर का विकास तेजी से होता है, इसके लिए प्रोटीन, विटामिन और कैल्शियम रिच डाइट लेनी जरूरी है। इस एज में मेटाबॉलिक रेट सबसे हाई होता है, जिससे भोजन आसानी से पच जाता है, जो शरीर को एनर्जी प्रदान करता है। इस स्टेज में हड्डियों की मजबूती के लिए कैल्शियमरिच डाइट जैसे-दूध, मिल्क प्रोडक्ट्स, सोया, हरी पत्तेदार सब्जियां ज्यादा लेनी चाहिए। चाय, कॉफी जैसे कैफीनयुक्त पदार्थों का सेवन अवॉयड करना चाहिए। टीनएजर्स की डाइट में विटामिनयुक्त खाद्य पदार्थों को अधिक शामिल करना चाहिए।



**यंग-मिड एज मेंबर्स:** यंग और मिड एज के फैमिली मेंबर्स को न्यूट्रिएंट्स से भरपूर संतुलित आहार लेना जरूरी है। इम्यूनिटी मजबूत बनाने के लिए प्रोटीन, विटामिन और मिनरल्स युक्त खाद्य पदार्थों को ज्यादा से ज्यादा शामिल करना चाहिए। इस एज की महिलाओं को भरपूर मात्रा में हरी सब्जियों और साग का सेवन करना चाहिए ताकि डिलीवरी के समय दिक्कत ना हो। डायबिटीज और ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों से बचाव के लिए इस एज ग्रुप के मेंबर्स को नमक और चीनी का सेवन सीमित मात्रा में करना बेहतर है। इस उम्र के लोगों पर वर्क प्रेशर बहुत होता है, दिनचर्या अस्त-व्यस्त होने की वजह से डाइट का ध्यान रखना मुश्किल हो जाता है। लेकिन लापरवाही करना सही नहीं है। इस एज के लोगों को एनर्जी प्राप्त करने के लिए फाइबर और स्टार्चयुक्त खाद्य पदार्थों समेत केला, आलू, मशरूम जैसी पोटेशियम रिच डाइट लेना फायदेमंद है। तनाव को दूर करने और आयरन के अवशोषण में मददगार विटामिन-सी युक्त खाद्य पदार्थ जरूर लेने चाहिए। अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड के बजाय होममेड फूड खाना चाहिए। बेकरी आइटम, पैक्ड फूड, प्रिजर्वेटिव फूड, चॉकलेट, कैंडी जैसी शुगर रिच डाइट को अवॉयड करना चाहिए। इसके अलावा सलाद और सब्जियों में हेल्दी ऑलिव ऑयल ले सकते हैं, जिससे कोलेस्ट्रॉल का लेवल कंट्रोल करने में मदद मिलती है। बोन डेंसिटी बढ़ाने के लिए कैल्शियम, विटामिन बी, डी और विटामिन के रिच डाइट लेना चाहिए।



**50 प्लस मेंबर्स :** इस एज ग्रुप के लोगों में मेटाबॉलिज्म रेट बहुत धीमा होने लगता है, जिससे बॉडी में रिलीज होने वाले एंजाइम्स और हार्मोंस कम होने लगते हैं। अल्जाइमर का रिस्क बढ़ जाता है। इस एज के फैमिली मेंबर्स की डाइट में प्रोटीन, विटामिन, मिनरल से भरपूर फल-सब्जियां और अनाज जरूर होने चाहिए। महिलाओं में मेनोपॉज के बाद मांसपेशियों में सालाना आधे से एक फीसदी की दर से गिरावट को देखते हुए हाई प्रोटीन और हाई फाइबर वाली डाइट का सेवन जरूरी है। इस एज में पाचन तंत्र और रोग प्रतिरोधक क्षमता वीक हाने लगती है। इसलिए तला, भुना, मिर्च, मसालों वाला हैवी फूड खाने से परहेज करना चाहिए। ओमेगा-3 फैटी एसिड का सेवन करना चाहिए। इसके नियमित सेवन से ब्लड में फैट लेवल नियंत्रित होता है, जिससे हृदय रोगों का रिस्क 50 प्रतिशत कम रहता है।

प्रस्तुति:रजनी अरोड़ा

जुड़ाव / अशोक जोशी

आमतौर पर रक्त संबंध वाले परिजनों को ही परिवार माना जाता है। लेकिन इस परिवार से परे भी एक परिवार होता है, जिसे हम अपने आस-पड़ोस में और अपने कार्यस्थल पर बनाते हैं। इस परिवार के सदस्यों से भी हमें वास्तविक परिजन वाला जुड़ाव और अपनापन होता है।

## यह भी है हमारा प्यारा परिवार



हमारे देश-समाज में परिवार की परिभाषा बहुत व्यापक रही है। इसमें परिजन के अलावा वे लोग भी शामिल होते हैं, जिनका हमारे साथ दूर-दूर तक का रक्त संबंध नहीं होता है, लेकिन ये हमारे जीवन में बहुत मायने रखते हैं।

**प्राचीन भारतीय संकल्पना :** 'वसुधैव कुटुंबकम' हमारे सनातन धर्म का मूल संस्कार और विचारधारा रही है। हमारी संस्कृति ने माना है कि संपूर्ण धरती के लोग हमारा परिवार है। इसी परंपरा का अनुसरण करते हुए हमारे यहां परिवार से परे परिवार की महत्ता को समझा गया है, जो कई मायने में परिवार से भी ज्यादा महत्वपूर्ण और उपयोगी साबित होता है।

**समाज का एक अंग है परिवार :** परिवार केवल वह नहीं, जिसे हम माता-पिता, भाई, बहन, पति, पत्नी, मामा, चाचा या मौसी-बुआ जैसे नामों से संबोधित करते हैं। जब पति और पत्नी को छोड़कर यही संबोधन परिवार से जुदा लोगों के लिए किया जाता है तो वह जाने-अनजाने लोग भी हमारे परिवार का हिस्सा बन जाते हैं। परिजनों से परिवार बनता है और परिवार से बनता है समाज। यही समाज जब परिवार बन जाता है तो इसका महत्व और उपयोगिता परिवार से भी ज्यादा बढ़ जाती है।

**परिजन से कम नहीं पड़ोसी :** एक दौर था, जब सारा मोहल्ला हमारा परिवार हुआ करता था, सारे अड़ोसी-पड़ोसी हमारे परिजन जैसे थे। ऐसा कहा जाता है कि जरूरत के समय परिजन तो बाद में आते हैं, पहला हाथ पड़ोसी ही बढ़ाता है।

**सहकर्मियों से भी बनता है परिवार :** परिवार से परे परिवार का दायरा काफी बड़ा होता है। इसमें एक परिवार मोहल्ले या पड़ोसियों का होता है तो दूसरा परिवार हमारे ऑफिस या दफ्तर का भी होता है। वहां पर भी हम रोजाना सात-आठ घंटे जिनके संग गुजारते हैं, उनके साथ पारिवारिक आत्मीयता पनपना स्वाभाविक ही है।

**होते हैं सुख-दुख के साथी :** एक जमाना था, जब मोहल्ले या कार्यस्थल के किसी व्यक्ति के परिवार में शादी-ब्याह होता था तो पूरा मोहल्ला या दफ्तर वाले एक साथ मिलकर सारे कार्यक्रम में हाथ बंटाते थे और बड़े से बड़ा कार्यक्रम आराम से संपन्न हो जाता था। आज ऐसे कार्यक्रमों का स्वरूप बदल गया है, फिर भी आज जब किसी के यहां मुसीबत आती है तो परिवार से परे वाले परिवार के लोग आगे आकर अपना सहयोग प्रदान करने से पीछे नहीं रहते हैं। यदि कोई बीमार होकर अस्पताल में भर्ती होता है तो पड़ोसी ना केवल आपके कंधे पर हाथ रखता है बल्कि यह भी कहते देखा जा सकता है कि पैसे की जरूरत हो तो हिचकिएगा नहीं। निसंकोच मांग लेना। परिवार से अलग किसी का ऐसा कहना निश्चय ही बहुत संबल देता है।

**नए स्वरूप में प्यारी भावनाएं :** समय के साथ-साथ परिवार से परे परिवार का स्वरूप बदल रहा है। यह अच्छी बात है कि यह परिवार अब पहले से ज्यादा परिपक्व होने लगा है। इस नए परिवार में फ्लैट और अपार्टमेंट की सोसायटी के सदस्य जॉगिंग क्लब, लाफ्टर क्लब, किटी क्लब के सदस्य परिवार की तरह एक-दूसरे से जुड़ने लगे हैं। ये नए सदस्य परिवार की गांठ को मजबूत कर परिवार की तरह ही एक-दूसरे का हाथ थाम कर पारिवारिक दायित्व निभाते हैं।



# गन्ने की दुकान पर जूस पी रहे हेड कांस्टेबल के 12 साल के बेटे को कार ने कुचला... मौत

### कमला नगर स्थित गोमती परिसर के सामने हादसा पुलिस ने कार जब्त की, आरोपी चालक हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित गोमती परिसर के पास एचडीएफसी बैंक के सामने मुख्य सड़क पर गन्ने की दुकान पर जूस पी रहे ट्रैफिक हेड कांस्टेबल के बारह साल के बेटे को कार ने कुचल दिया।

घटना रविवार दोपहर करीब तीन बजे के आसपास की है। कार का पहिया मासूम के पेट से होकर गुजरने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने कार जब्त कर आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस उसके खिलाफ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने और एक्सीडेंट करने का मामला दर्ज कर जांच कर रही है।



पुलिस के अनुसार, नेहरू नगर पुलिस लाइन निवासी प्रदुम्न मीना हेंड कांस्टेबल हैं। उनकी ड्यूटी ट्रैफिक में है। रविवार दोपहर करीब 3 बजे उनका 12 साल का इकलौता बेटा अंकुर मीणा चचेरे भाई के साथ पुलिस लाइन से पैदल गोमती नगर कॉलोनी के पास पहुंचा था। दोनों भाई सड़क किनारे लगी गन्ने की चरखी पर जूस पीने पहुंचे थे।

**भदभदा की ओर से आई कार:** चरखी वाले ने अंकुर को ग्लास में जूस दिया। वह सड़क किनारे खड़े होकर जूस पीने लगा, तभी भदभदा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने अंकुर को चपेट में ले लिया। इस बीच अंकुर कार के नीचे आ गया और उसके पेट से होता हुआ कार का पहिया निकल गया। स्थानीय लोग उसे हजेला अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टर ने अंकुर को मृत घोषित कर दिया।

### कार के सामने आया व्यक्ति तो बेकाबू हुई

अंकुर परिवार का इकलौता बेटा था और निजी स्कूल में 7वीं कक्षा में पढ़ता था। जांच में पता चला कि भीड़भाड़ वाले इलाके में भी कार का चालक ओवर स्पीड में कार चला रहा था। एचडीएफसी बैंक के पास पहुंचते ही कार के सामने एक व्यक्ति अचानक आ गया। उसे बचाने के चलते कार अनियंत्रित हो गई और अंकुर को चपेट में ले लिया। हादसे के समय कार में ड्राइवर के अलावा तीन अन्य लोग थे।

चाचा-भतीजे की हत्या का मामला

# महिला सरपंच समेत 17 नामजद आरोपियों पर एफआईआर

## *सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर हुआ था खूनी संघर्ष, गांव में अभी भी तैनात है बल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नजीराबाद स्थित गांव शुक्ला में शासकीय भूमि पर कब्जे की बात को लेकर चाचा-भतीजे की हत्या करने वाले 17 नामजद आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने हत्या और बलवा समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। हत्या में शामिल गांव की महिला सरपंच को भी आरोपी बनाया है। इस खूनी संघर्ष में घायल हुए सभी 9 लोगों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। आरोपी पक्ष के भी आधा दर्जन लोगों को गंभीर चोट आई है, जिन्हें इलाज के लिए अस्पातल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। गांव में तनाव को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रखा गया है।

### शुक्ला गांव में चली थी लाठी-कुल्हाड़ी

पुलिस के मुताबिक, शुक्ला गांव में शासकीय जमीन पर कब्जे की बात को लेकर पूर्व सरपंच और वर्तमान सरपंच के परिवारों के बीच शनिवार की सुबह करीब साढ़े 9 बजे विवाद हो गया था। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी समेत अन्य हथियारों से हमला कर दिया था। हमले में पूर्व सरपंच के बेटे जसवंत सिंह गुर्जर (30) और उसके चाचा रंगलाल गुर्जर (45) की मौत हो गई थी। हरिनारायण, राजू, बल्लू, रवि, कंचन सिंह, दीप प्रेमनारायण, शिवराज और कंचन पुत्र जगन्नाथ को गंभीर चोट आई थी।

### आरोपी पक्ष के पांच लोगों को भी आई गंभीर चोट

मामले में घायल हरिनारायण गुर्जर की रिपोर्ट पर महिला सरपंच भूरीबाई गुर्जर के साथ ही रूपसिंह, हेमराज, भगवान सिंह, मांगीलाल, विश्राम सिंह, राधेश्याम, संजू, भारत, दयाल, रामनारायण, सूरज, आराम सिंह, प्रताप सिंह, नारायण, रामबाबू, बलराम और उनके अन्य साथियों के खिलाफ बलवा-मारपीट और हत्या का केस दर्ज कर लिया है। आरोपी पक्ष के भी पांच लोगों को गंभीर चोट आई है, जिनका इलाज चल रहा है, जबकि बाकी आरोपी फरार हो गए, जिनकी तलाश की जा रही है। अस्पताल में भर्ती आरोपियों की छुट्टी होते ही गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

## खबर संक्षेप

### डीआरएम ने आरकेएमपी पर किया निरीक्षण

**भोपाल।** देश के पहले वर्ल्ड क्लास रानी कमलापति व भोपाल रेलवे स्टेशन पर गंदगी व बीच रेलवे ट्रैक पर कचरा फेंका जा रहा था। इसको लेकर विगत दिनों हरिभूमि समाचार पत्र की ओर से खबर प्रकाशित की गई थी। इसको लेकर रविवार को भोपाल रेल मंडल के डीआरएम देवाशीष त्रिपाठी ने रानी कमलापति स्टेशन पर पहुंचकर प्लेटफार्म पर साफ-सफाई एवं यात्री सुविधाओं निरीक्षण कर बंसल ग्रुप के अधिकारियों को स्वच्छता सुनिश्चित करने, यात्री सुविधाओं को बढ़ाए जाने के संबंध में निर्देश दिया।

### 900 वाहन चालकों के लाइसेंस निरस्त

**भोपाल।** नशे में, मोबाइल पर बात करते हुए, तेज रफ्तार या नियम का उल्लंघन करने व अन्य तरह से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वालों 902 चालकों के लाइसेंस बीते एक साल में सस्पेंड किए गए हैं। आरटीओ लाइसेंस शाखा के श्याम यादव ने बताया कि चालकों सहित अभियान के तहत वाहन चालकों को आगाह किया जाता है कि यदि दो बार लाइसेंस निलंबित हुआ और तीसरी फिर लापरवाही से वाहन चलाते पकड़े गए तो लाइसेंस को निरस्त किया जा सकता है। पहले तीन बार चालान बनने के बाद लाइसेंस निरस्त किया जाता था, लेकिन अब दो बार चालान बनने के बाद तीसरी बार में लाइसेंस निरस्त किया जा रहा है।

## सीएम साय बोले- इंडी गठबंधन सहित समूचा विपक्ष बौखलाया

# मोदी की गारंटी को लागू करना एवं जनता के विश्वास पर खरा उतरना ही प्राथमिकता

### नक्सलवाद खत्म करके ही दम लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



जनता की मर्जी ही पीएम मोदी की मर्जी है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक जनता की पहली पसंद मोदी हैं। इससे इंडी गठबंधन सहित समूचा विपक्ष बौखलाया हुआ है। क्योंकि मोदी की लोकप्रियता के सामने उनकी दाल नहीं गल रही है। इसलिए अब उम्र का नया शिगूफा ले आए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे 81 साल की उम्र में भी कांग्रेस को जीवित करने लगे हैं। कांग्रेस और उनकी सहयोगी पार्टियों को पहले उन पर रहम करना चाहिए। अकाट्य सत्य है कि 'आएगा तो मोदी ही, विपक्षी अपना घर संभालें। ये बातें सीएम विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से पीएम मोदी के उम्र पर की गई टिप्पणी को लेकर बोले।

नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई पर कहा कि जब से छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार बनी है, तब से ही हम नक्सलवाद के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ रहे हैं। अभी तक 104 नक्सली मारे जा चुके हैं। कुछ दिन पहले नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली थी, जिसमें कांकेर में एक दिन में 29 नक्सली मारे गए, बीजापुर में दस, अबुझमाड़ में दस अभी दो दिन पहले शुक्रवार को ही बारह नक्सलियों मुठभेड़ में मारे गए। फोर्स ने इन चार मुठभेड़ में ही 61 नक्सलियों को जान से हाथ धोना पड़ा। इससे पहले इतनी संख्या में कभी नक्सली नहीं मारे गए, जिनमें 20-20 लाख के इनामी नक्सली भी थे। ये हमारे लिए एक बहुत बड़ी सफलता थी। सुरक्षाबलों ने बहुत साहस के साथ ये काम किया। सीएम साय ने आदिवासियों को असली हिंदू बताते हुए कहा कि सभी ट्राइबल के त्यौहार भी सनातनी ही होते हैं। दीपावली भी बड़े धूमधाम से मनाई जाती है, जिसमें दो दिन दीए जलाते हैं। एक दिन कच्चे दीए और दूसरे दिन पक्के दिये। तीसरे दिन अन्नकूट होता है, जिसमें सुबह मवेशियों को नहलाकर उनके सींगो में तेल लगाना, उनको माला पहनाना साथ ही भोजन पकाकर खिलाते है एवं पूजा करते हैं।पौष पूर्णिमा का त्योहार भी आता है जब खेती बाड़ी से भी फ्री हो जाते हैं।

### डबल इंजन सरकार में छत्तीसगढ़ को फायदा

मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार का भी छत्तीसगढ़ को बहुत फायदा मिला है। गृहमंत्री शाह अगले एक-दो वर्षों में छत्तीसगढ़ से पूरी तरह नक्सलवाद खत्म करना चाहते है पर दुर्भाग्य है कि कांग्रेस और खास कर पूर्व मुख्यमंत्री इन मुठभेड़ों को फर्जी बता रहे है। जबकि नक्सली खुद लिस्ट जारी कर मुठभेड़ और नक्सली मौतो को स्वीकार किया है। कांग्रेस की ऐसी आदत ही रही है। इन लोगों ने मोदी के पाकिस्तान पर सर्जिकल और एयर स्ट्राइक पर भी सवाल खड़े किए थे। ये सब करके ये सेना और सुरक्षाबल के मनोबल घटाने का काम कर रहे हैं, जो सही नहीं है।

### चुनाव के बाद सरकार की ये होगी प्राथमिकता

चुनाव के बाद सरकार की प्राथमिकता के सवाल पर सीएम साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता से जो वादा करके हम सरकार में आए हैं, जो मोदी की गारंटी हैं, उनको लागू करना एवं छत्तीसगढ़ की जनता के विश्वास पर खरा उतरना ही हमारी प्राथमिकता है। चुनाव से पहले 3 महीने की सरकार में हमने अनेक सौगातें छत्तीसगढ़ की जनता को देने का काम किया है। जिसमें 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृत, 3100 रुपया क्विंटल धान खरीदी, महतारी वंदन के तहत हर महीने 1000₹ महिलाओं के खाते में भेजना। इसके अलावा भी बहुत से काम मोदी के गारंटी के तहत हुए हैं।

### खेलना-कूदना मेरे सौभाग्य में नहीं रहा'

राजनीतिक गतिविधियों से इतर पारिवारिक छुट्टियों और घूमने फिरने जाने के संबंध में सवाल पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम कभी खाली रहे ही नहीं। पिताजी के देहांत के बाद 10 वर्ष के उम्र से ही हमारा बचपन संघर्षो में बीता। खेलना-कूदना हमारे सौभाग्य में नहीं था।

# मतदान के दिन सीसीएसयू की विभिन्न परीक्षाओं के चलते छात्रों को परेशानी

**नई दिल्ली।** दिल्ली एवं हरियाणा में लोकसभा चुनाव के मतदान के कारण चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को परेशानी होगी। लोकसभा चुनाव के लिए छठे चरण का मतदान 25 मई को होना है। इस दिन दिल्ली और हरियाणा की सभी लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ ने वार्षिक परीक्षाओं और सम सेमेस्टर परीक्षाओं की तारीखें जारी कर दी हैं, इनमें रेगुलर कोर्स और प्रोफेशनल कोर्स की परीक्षाएं होंगी। विश्वविद्यालय द्वारा हाल ही में जारी समय-सारिणी के अनुसार कुछ विषयों/पाठ्यक्रमों (जैसे एल एल बी सेमेस्टर 6, एल एल बी इंटीग्रेटेड सेमेस्टर 10, बी.एड प्रथम वर्ष, बी.एससी द्वितीय वर्ष, एमए/एम एससी, आदि) की परीक्षा 25 मई (मतदान की तिथि) को भी निर्धारित की गई है। गाजियाबाद, नोएडा और ग्रेटर नोएडा में बड़ी संख्या में कॉलेज चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से संबद्ध हैं, और दिल्ली और हरियाणा (एनसीआर) के छात्रों को भी आकर्षित करते हैं। दुर्भाग्य से, मतदान के दिन परीक्षा होने के कारण इन छात्र एवं छात्राएं को अपने मतदान के अधिकार से वंचित होना पड़ेगा। इसके अलावा, मतदान होने के कारण यातायात की भी समस्या उत्पन्न होगी और परीक्षा केंद्रों तक पहुँचने का प्रयास करने वाले छात्रों को काफी असुविधा होगी। इसके अतिरिक्त, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों (जैसे एल.एल.बी, बी.एड आदि)में नामांकित कई छात्र वर्तमान में सरकारी क्षेत्र में सेवारत हैं। इन छात्रों, विशेष रूप से दिल्ली और हरियाणा (एनसीआर) में सेवारत छात्रों को चुनाव कर्तव्य सौंपा गया है। उन्हें मतदान तिथि से पहले चुनावी प्रक्रियाओं से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त करना होता है। अपने चुनाव कर्तव्यों की अत्यावश्यक प्रकृति के कारण कई छात्र दुर्भाग्य से उस दिन परीक्षा में शामिल होने से वंचित रह जाएंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन को इस पर संज्ञान लेना चाहिए एवं परीक्षा कार्यक्रम में आवश्यक बदलाव करना चाहिए।

# तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, एक की मौत, दो घायल

### कटघोरा की तरफ जा रहे थे बाइक सवार, जेन्जरा के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

कोरबा के कटघोरा क्षेत्र में भीषण सड़क हादसा हुआ है। तेज रफ्तार भारी वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई वहीं दो लोग घायल हो गए। मृतक का नाम घनाराम राव है जो एनटीपीसी का निवासी था। बताया जा रहा है कि तीनों बाइक पर सवार होकर कटघोरा की तरफ जा रहे थे इसी दौरान जेन्जरा के पास भारी वाहन ने उनको ठोकर मार दी जिससे घनाराम की मौके पर ही मौत हो गई।

स्थानीय लोगों की माने तो बाइक सवार कटघोरा की तरफ जा रहे थे वही पीछे से तेज रफ़्तार चार पहिया वाहन पहले बाइक सवार को



अपनी चपेट में ले लिया जहां बाइक सवार सड़क पर गिर गया और मासूम बच्ची दूर जा गीरी। इस दौरान पीछे से आ रहा ट्रक बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया जहां उसकी घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। देखते ही देखते राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई। कटघोरा थाना पुलिस की माने तो घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनमा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सीएम ने परिजनों को 4-4 लाख की सहायता के दिए निर्देश

# मुख्यमंत्री ने सलकनपुर सड़क हादसे के मृतकों को अर्पित की श्रद्धांजलि

» मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परिवार के सदस्यों से भेंट कर घटना की जानकारी प्राप्त की और सांत्वना दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के डीआईजी बंगला स्थित चौकसे नगर पहुंचकर सलकनपुर सड़क हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवारजन को सांत्वना दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भरत पाण्डे, भारत पांडे, भूषण पाण्डेय, मोहित पांडे तथा परिवार के अन्य सदस्यों से भेंट कर घटना की जानकारी प्राप्त की।




उन्होंने दुर्घटना में घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने तथा घायलों का समुचित इलाज कराने के जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं। दो दिन पहले 10 मई को चौकसे नगर निवासी पाण्डे परिवार के 10 सदस्य साढ़े चार माह के बालक व्योम पाण्डेय का मुण्डन संस्कार के लिए रामसात बाबा का मंदिर नर्मदापुरम गए थे।

प्रति गाय पर अनुदान बढ़ाकर 40 रुपए किया गया

# अब केवल गेहूं व धान पर ही बोनस नहीं मिलेगा बल्कि दूध उत्पादन पर भी दिया जाएगा बोनस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने झरनेश्वर मंदिर टीटी नगर पहुंचकर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती से भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी तरह मुख्यमंत्री डॉ. यादव महामंडलेश्वर जूना पीठाधीश्वर आचार्य अवधेशानंद गिरि से लालघाटी स्थित वीआईपी गेस्ट हाउस पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब केवल गेहूं व धान पर ही बोनस नहीं मिलेगा, पर बल्कि दूध उत्पादन पर भी बोनस दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने द्वारिका पीठ के शंकराचार्य से भेंट कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर उन्होंने मीडिया से चर्चा में कहा कि हमारी सरकार कई काम ऐसे कर रही है, जिन कामों के बलबूते पर संतों का आशीर्वाद मिलता है। इस दौरान सरकार की ओर से लिए गए निर्णयों के बारे में भी उनसे चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौशालाओं का प्रति गाय के अनुदान को बढ़ाकर 40 रुपए किया है। गौशाला में भूसा, अन्न की मदद किया है। इनके लिए यंत्र खरीदने में भी अनुदान दिया जाएगा। साथ ही पशुपालन को बढ़ावा देते हुए किसानों की आय को बढ़ाने का निर्णय दिया है।





### डॉ. मोहन ने तीर्थ स्थलों को भी लेकर चर्चा की

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब केवल गेहूं व धान पर ही बोनस नहीं मिलेगा, पर बल्कि दूध उत्पादन पर भी बोनस दिया जाएगा। महाराज से तीर्थ स्थानों को भी लेकर चर्चा हुई है। अलग-अलग तीर्थ स्थानों को भी विकसित किया जाएगा। ओंकारेश्वर में ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग हैं, वहां भी विकास कार्य करने का निर्णय सरकार ने किया है। प्रदेश भर के ऐसे देवस्थान जिन पर लोगों की बहुत श्रद्धा है। जैसे दादा धूनी वाले, ओंकारेश्वर, महाकालेश्वर, पशुपतिनाथ, भादवा माता, दादू माता ऐसे कई स्थान है, जहां कार्य करना चाहिए। ऐसे सभी देवस्थानों पर सरकार ने निर्णय यह किया है कि इन स्थानों की महत्ता को स्थापित करते हुए उनके इतिहास के प्रेरणादायी प्रसंगो के संदर्भ सबके सामने लाते हुए सभी संत वृंद का आशीर्वाद लेंगे।

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में चुनाव प्रबंधन की बैठक आयोजित

# कांग्रेस समाप्ति की ओर है, जो समझदार हैं वे भाजपा में आ रहे: सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अंग्रेजों की पोषक है। वह अपने कर्मों से ही समाप्त हो रही है। जो समझदार हैं भाजपा में शामिल हो गए हैं, क्योंकि कांग्रेस पार्टी डूब रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत से लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मतदान प्रतिशत बढ़ा है। भाजपा में कार्यकर्ताओं की मेहनत से प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों में चुनाव जीत रही है और दस प्रतिशत वोट शेयर भी बढ़ेगा।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को चुनाव प्रबंधन की बैठक को मुख्यमंत्री डॉ. यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा, लोकसभा चुनाव प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह और सह प्रभारी सतीश उपाध्याय ने संबोधित किया। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी डॉ. सिंह ने कहा कि किसी पार्टी का कार्यकर्ता कैसा होना चाहिए यह मप्र के कार्यकर्ताओं से सीखा जा सकता है। मप्र के कार्यकर्ताओं में वास्तविक कार्यकर्ता के सभी गुण मौजूद है। लोकसभा चुनाव के प्रदेश सह प्रभारी सतीश सिंह ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने और अधिक से अधिक महिला मतदाता मतदान करें, इसके लिए भाजपा ने मध्यप्रदेश में पहली बर महिला वार रूम बनया है।

## महिला वार रूम बनाने से बढ़ेगा मतदान प्रतिशत

### मणिशंकर अय्यर पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं: डॉ. यादव




*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के गुरू सैम पित्रोदा विरासत टैक्स लगाने की बात करते हैं, मणिशंकर अय्यर पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं। उनकी पार्टी के महाराष्ट्र के नेता नाना पटोले कहते हैं कि राम मंदिर को अपवित्र कर दिया, हम राम मंदिर को गंगाजल से धोएंगे। हमारे देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शन करने के पश्चात कांग्रेस के नेता राम मंदिर को गंगाजल से धोने की बात करके राष्ट्रपति के साथ देश के अनुसूचित जनजाति समाज का अपमान किया है। इस तरह की मानसिकता के लोग कांग्रेस को खुद ही समाप्त कर रहे हैं। चुनाव प्रबंधन में लगे पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और संगठन की मेहनत से मालवा-निमाड़ की आठ सहित सभी 29 सीटों पर भाजपा ऐतिहासिक बहुमत से चुनाव जीत रही है।*

### मतदान के लिए मतदाताओं को घर से निकलने के लिए प्रेरित करें: शर्मा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि दूसरे चरण के चुनाव में मतदान प्रतिशत कम हुआ था। भाजपा के बूथ कार्यकर्ताओं ने अथक मेहनत की और तीसरे चरण में अच्छा मतदान प्रतिशत रहा। मालवा व निमाड़ की जनता से हमेशा से पार्टी को अपना आशीर्वाद प्रदान किया है। चुनाव प्रबंधन में लगीं सभी 36 टोलियों ने बहुत मेहनत की है। अच्छे चुनाव प्रंधन और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शन और बूथ कार्यकर्ताओं की मेहनत से भाजपा सभी 29 लोकसभा सीटों पर ऐतिहासिक विजय प्राप्त करने जा रही है।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-Elect-47-T-R1-2023-24-E3 डीएलआई, एएनवीटी, एसएसबी, डीकेजेड और टीकेडी जोन में पम्पिंग स्थापना के स्वचालन के संबंध में विद्युत कार्य | | |
| निविदा की अनुमानित लागत | ₹266.71 लाख | बयाना राशि | ₹2,83,400/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी., स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली | | |
| निविदा निवेदन/खोलने की दिनांक व समय | 10.06.2024 at 12:00 hrs. | | |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी. नई दिल्ली | | |

1443/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा आमंत्रित सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति:- | 30-ELECT-11-T-R1-24-25-E3 दिल्ली मंडल में लिफ्ट, एस्केलेटर, प्लेटफार्म लाइटिंग (30/70%) स्ट्रीट लाइट, सबस्टेशन आदि जैसी विद्युत सामान्य संपतियों की निगरानी और नियंत्रण के लिए आईओटी उपकरणों के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत :- | रु. 599.57 लाख |
| कार्यालय का पता :- | वरिष्ठ मंडल विधुत अभियता/जी, स्टेट एट्री रोड, नई दिल्ली |
| बयाना राशि :- | रु. 449800.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय :- | 05.06.2024, 12.00 Hrs. |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय:- | 05.06.2024, 12.00 Hrs. |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड:- | www.ireps.gov.in / वरिष्ठ मंडल विधुत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

1444/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

चिंतन

# चाबहार पोर्ट समझौता भारत की बड़ी उपलब्धि

चीन और ईरान के बीच बढ़ती दोस्ती के बीच भारत ने चाबहार पोर्ट के लिए दस वर्षीय दीर्घकालीन समझौता कर बड़ी कूटनीतिक सफलता पाई है। यह समझौता पाकिस्तान के लिए बड़ा झटका है। अब भारत पाकिस्तान को बायपास कर सीधे अफगानिस्तान, ईरान, मध्य एशिया व यूरोप तक पहुंच सकेगा। बीच आम चुनाव के दौरान हुए इस समझौते से भारत के लिए ईरान के चाबहार पोर्ट के महत्व को समझा जा सकता है। मुंबई पोर्ट से चाबहार पोर्ट तक जलमार्ग भारत के लिए यूरोप का द्वार खोलता है। भारत और ईरान ने चाबहार में स्थित शाहिद बेहश्ती बंदरगाह के टर्मिनल के परिचालन के लिए सोमवार को बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की उपस्थिति में अनुबंध पर हस्ताक्षर किया है। यह पहला मौका है जब भारत विदेश में स्थित किसी बंदरगाह का प्रबंधन अपने हाथ में लिया है। चाबहार बंदरगाह ईरान के दक्षिणी तट पर सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में स्थित है। इस बंदरगाह को भारत और ईरान मिलकर विकसित कर रहे हैं, लाभ अफगानिस्तान को भी होगा। चाबहार बंदरगाह 'अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा' (आईएनएसटीसी) परियोजना का एक प्रमुख लिंक है। आईएनएसटीसी परियोजना भारत, ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के बीच माल-ढुलाई के लिए 7,200 किलोमीटर लंबी एक बहुस्तरीय परिवहन परियोजना है। भारत ने वर्ष 2024-25 के लिए चाबहार बंदरगाह के लिए 100 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में, 23 मई, 2016 को चाबहार में निर्माण को लेकर रणनीतिक समझौता हुआ था। इसके बाद वर्ष 2018 में जब ईरान के तत्कालीन राष्ट्रपति हसन रुहानी नई दिल्ली आए तो चाबहार बंदरगाह पर भारत की भूमिका पर बातचीत हुई थी। जनवरी 2024 में जब विदेश मंत्री एस जयशंकर तेहरान में थे, तब भी यह मुद्दा उठा था। वर्ष 2016 से भारत चाबहार को विकसित कर रहा है, लेकिन अमेरिकी प्रतिबंध के बाद से भारत की उदासीनता के चलते चाबहार डील की गति सुस्त हो गई थी। बदलते भूराजनीतिक परिदृश्य में चीन की ईरान में बढ़ती दिलचस्पी से चाबहार पोर्ट समझौता पर भी ग्रहण लगता नजर आया, पर ईरान ने भारत के साथ अपने ऐतिहासिक व सांस्कृतिक संबंधों को अधिक तवज्जो दिया और अंततः चाबहार समझौते का मार्ग प्रशस्त हुआ। भारत ईरान का बड़ा तेल खरीदार है। भारत ने हाल में जिस तरह सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात से अपने व्यापारिक रिश्ते मजबूत किए हैं और सऊदी अरब व ईरान में नजदीकी बढ़ी है, उसे देखते हुए ईरान के साथ भारत की व्यापारिक प्रगाढ़ता से मध्य एशिया व खाड़ी क्षेत्र में नई दिल्ली की पैठ बढ़ेगी। ईरान प्राकृतिक गैस का बड़ा निर्यातक है। अरब सागर, अदन की खाड़ी व लाल सागर में भारतीय नौसैनिक बहुत मजबूत है, इसलिए इन क्षेत्र के देशों से भारत के अच्छे रिश्ते भारत के लिए अच्छा है। इस समझौते से भारत को पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह के साथ-साथ चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव को भी काउंटर करने में मदद मिलेगी। कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान जैसे संसाधन संपन्न मध्य एशियाई देश हिंद महासागर क्षेत्र और भारतीय बाजार तक पहुंचने के लिए चाबहार का उपयोग करना चाहते हैं। यह समझौता भारत की प्रगति के लिए बड़ी उपलब्धि है।



विश्लेषण

आर.के. सिन्हा


# संगठन-सरकार में रणनीति के 'शाह'

अमित शाह ने पहले भाजपा के संगठन में रहते हुए और फिर केन्द्रीय गृह मंत्री के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। भाजपा अध्यक्ष रहते हुए उनके संगठनात्मक कौशल को सबने देखा। फिर, 2019 में, वह केंद्रीय गृह मंत्री बने, और इसके साथ ही शुरू हुआ कई बड़े फैसलों को लेने का दौर। पिछले पांच वर्षों में, अमित शाह ने आंतरिक सुरक्षा को नया रूप दिया है। गृहमंत्री बनने के तीन महीने बाद, अमित शाह संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के सरकारी कदम में सबसे आगे थे। अमित शाह की सरपरस्ती में, आंतरिक आतंकवाद का खतरा भी कम हुआ है। शाह ने नक्सलवाद को खत्म करने का वादा किया है।

आज चार चरण के मतदान पूरे हो चुके हैं। इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत राजग ने चार सौ पार का नारा दिया है। उसी अनुरूप भाजपा पूरी तैयारी के साथ चुनाव मैदान में है। ऊपर से लेकर नीचे तक भाजपा का सांगठनिक ढांचा बेहद शिद्दत से चुनाव के लक्ष्य को अंजाम देने में जुटा है। भाजपा की तैयारी में सबसे अहम भूमिका पार्टी के चाणक्य माने जाने वाले गृहमंत्री अमित शाह निभाते हैं। अमित शाह राजधानी में अपने साउथ ब्लॉक के दफ्तर में जब काम करते होंगे, तब उनके जेहन में भी देश के पहले उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री सरदार पटेल का ख्याल अवश्य आता होगा। लौह पुरुष सरदार पटेल ने भी इसी साउथ ब्लॉक में बने गृह मंत्री कार्यालय से ही से देश की आंतरिक सुरक्षा को एक नई दिशा दी थी। वे भी बोलने में कम और काम करने में अधिक यकीन करते थे। अमित शाह का एक गुण यह भी है कि वे किसी अनावश्यक विवाद को खत्म करने में देर नहीं करते। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शायद सोचा होगा कि वे अमित शाह को देश का भावी प्रधानमंत्री बताकर एक विवाद खड़ा कर देंगे, पर उनकी यह मंशा सफल नहीं हुई, क्योंकि अमित शाह ने साफ कर दिया कि नरेन्द्र मोदी ही 2029 तक देश के प्रधानमंत्री बने रहेंगे।

अमित शाह ने पहले भाजपा के संगठन में रहते हुए और फिर केन्द्रीय गृह मंत्री के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। भाजपा अध्यक्ष रहते हुए उनके संगठनात्मक कौशल को सबने देखा, लेकिन जो लोग उन्हें गुजरात के दिनों से जानते थे, वे बहुत हैरान नहीं हुए। फिर, 2019 में, वह केंद्रीय गृह मंत्री बने, और इसके साथ ही शुरू हुआ कई बड़े फैसलों को लेने का दौर। पिछले पांच वर्षों में, अमित शाह ने आंतरिक सुरक्षा को नया रूप दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देखरेख में भारतीय दंड विधान (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और साक्ष्य अधिनियम को बदला गया। अमित शाह मानते हैं कि कोई भी कानून 50 साल के बाद पुराना हो जाता है। 1860 से 2023 तक आईपीसी, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम में कोई परिवर्तन नहीं हुआ था।

आपको याद होगा जब जब भारत अपना 75वां स्वाधीनता दिवस मना रहा था, तब प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर से पांच संकल्प किए थे। नए आपराधिक कानून उनमें से एक को पूरा करते हैं। सरकार ने नए कानूनों को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम नाम दिया है। गृह मंत्री के रूप में अमित शाह को प्रधानमंत्री का विश्वास और पूरा भरोसा प्राप्त है। वास्तव में, जब कोई राजनीतिक या सरकारी मुद्दा प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष लाया जाता है, तो कहा जाता है कि वह उस व्यक्ति से अमित शाह से भी सलाह लेने के लिए कहते हैं। 2019 में, गृहमंत्री बनने के तीन महीने बाद, अमित शाह संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के सरकारी कदम में सबसे आगे थे। इसके लिए कुशल राजनीतिक सूझबूझ की आवश्यकता थी। उन्हें प्रधानमंत्री मोदी का पूरा समर्थन हासिल था। चार साल बाद, सुप्रीम कोर्ट ने फैसले की वैधता को बरकरार रखा,



जो कि भाजपा ने भारत के अंतिम एकीकरण में सबसे बड़ी बाधा के रूप में देखा था।

अमित शाह 2019 के नागरिकता संशोधन अधिनियम ( सीएए) की पीछे प्रेरक शक्ति भी रहे हैं, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के उत्पीड़ित हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई - जो 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश कर चुके हैं - उन्हें भारतीय नागरिकता दी जाए। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद आशंका थी कि सीएए को विपक्ष मुद्दा बनाएगा। पर यह नहीं हुआ। इसकी बेशक एक बड़ी वजह यह रही कि अमित शाह देश के मुसलमानों को भरोसा देते रहे कि सीएए कानून का उनसे कोई लेना-देना नहीं है। याद करें कि राजधानी के शाहीन बाग में सीएए के खिलाफ महिलाओं ने लंबा धरना दिया था। धरने देने वाली महिलाएं कह रही थीं कि सीएए के बहाने मुसलमानों को प्रताड़ित किया जाएगा। धरना कोविड के फैलने के कारण सरकार ने सख्ती से बंद करवा दिया था। उस समय धमकी दी जा रही थी कि सीएए के खिलाफ धरना फिर शुरू होगा। पर यह नहीं हुआ। गृह मंत्री अमित शाह बार-बार मुसलमानों को भरोसा देते रहे कि सीएए से उन्हें घबराने की कोई वजह नहीं है। इसका सकारात्मक असर हुआ। जब केन्द्र सरकार ने सीएए की पिछली 11 मार्च को अधिसूचना जारी की तो एक बार लगा कि इसका विरोध होगा, पर कहीं कुछ नहीं हुआ। लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले सीएए की अधिसूचना के बाद उम्मीद थी कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल सीएए को लागू करने के मसले को लोकसभा चुनाव में उठाएंगे। सीएए, एनआरसी और धारा 370 जैसे मुद्दे कॉंग्रेस के घोषणापत्र से ही गायब हैं। सीएए पर दिल्ली से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन देश के अन्य हिस्सों में फैल गया था और जल्दी ही यह हिंदू- मुस्लिम विवाद में बदला था। दिल्ली में सार्वजनिक संपत्ति को खूब नुकसान पहुंचाया गया और विरोध प्रदर्शन हिंसक भी हुए थे। एक लोकतांत्रिक देश में हर मुद्दे पर विरोध का अधिकार है, लेकिन क्या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का भी हक है। जबकि विधेयक में पहले दिन से कहा गया था कि यह पाक, अफगानिस्तान व बांग्लादेश से आए केवल उन शरणार्थियों पर लागू किया जाएगा जो धर्म के आधार पर उत्पीड़न के कारण भारत में शरण के लिए मजबूर थे।

खैर, अमित शाह की सरपरस्ती में, आंतरिक आतंकवाद का खतरा भी कम हुआ है। इस्लामिक स्टेट का उदय, पहले सीरिया और बाद में अफगानिस्तान में, चरमपंथी प्रवृत्ति वाले कई युवाओं को विदेशी जमीन में युद्ध लड़ने के लिए देश से बाहर जाते हुए देखा गया। इससे 2014 में कट्टरपंथ और ऑनलाइन ब्रेनवॉशिंग के नए खतरों के बारे में चिंता पैदा हुई थी, लेकिन गृह मंत्रालय और खुफिया एजेंसियां आज इनसे निपटने के लिए बेहतर तरीके से तैयार हैं। छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड के नक्सल प्रभावित राज्यों में, सुरक्षा बल धीरे-धीरे उन क्षेत्रों में वापस आ रहे हैं जिन्हें कभी रेड जोन माना जाता था। लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नक्सलवाद के खिलाफ हमारी जंग जारी रहेगी। लोकसभा चुनावों से ठीक पहले नक्सलियों पर एक बहुत बड़ा ऑपरेशन हुआ, ऐसा पिछले साल दिसंबर महीने में भी देखने को मिला था। अमित शाह कह रहे हैं कि भाजपा के कमिटमेंट में कोई बदलाव नहीं आया है। फिर वो चाहे, नक्सलवाद के खिलाफ हो या आतंकवाद के खिलाफ। आतंकवाद और नक्सलवाद लोकतांत्रिक तरीके नहीं हैं और इन्हें समाप्ति कर देना चाहिए। केंद्र में भाजपा नीत राजग के तीसरी बार सत्ता में आने में अमित शाह की रणनीति की अहम भूमिका होगी।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार व पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

टेक अलर्ट

शिशिर शुक्ला



# बिंजवाचिंग की बढ़ती लत लोगों को बना रही बीमार

तकनीकी के इस दौर में लगभग प्रत्येक व्यवस्था का डिजिटल रूप भी अस्तित्व में आ चुका है। उदाहरण के तौर पर पढ़ाई से संबंधित तमाम कंटेंट ऑफलाइन तो उपलब्ध है ही, साथ ही वह डिजिटल रूप में ऑनलाइन भी विभिन्न प्लेटफॉर्मों के माध्यम से हमारे लिए सुलभ है। हम में से हर कोई यह भली-भांति जानता है कि ड्रग्स का सेवन हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है किंतु फिर भी एक बड़ा वर्ग और विशेषकर युवा वर्ग ड्रग्स की गिरफ्त में बुरी तरह जकड़ा हुआ है। अचंभे की बात तो यह है कि डिजिटलीकरण ने ड्रग्स को भी नहीं छोड़ा और उनके डिजिटल स्वरूप को जन्म दे दिया। जी हां, मेरा आशय है डिजिटल ड्रग से। सुनकर बड़ा अटपटा लगता है और दिमाग में यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से कौंधने लगता है कि आखिरकार यह क्या बला है। लेकिन यह एक कटुसत्य है कि युवाओं का एक बड़ा वर्ग डिजिटल ड्रग का आदी हो चुका है।

मामले को पूर्णतया समझने के लिए हमें यह जानना होगा कि डिजिटल ड्रग आखिरकार क्या है। जिस प्रकार ड्रग का इस्तेमाल लोग अपने मस्तिष्क को अल्पकालिक शांति अथवा प्रसन्नता का अनुभव कराने के लिए करते हैं, ठीक उसी तरह डिजिटल ड्रग का अर्थ है– ऐसे डिजिटल कंटेंट को देखने की लत लग जाना जो दिमाग को सुकून एवं खुशी का एहसास कराते हैं। इनमें कोई संगीत हो सकता है, कोई मूवी अथवा कोई वेब सीरीज भी हो सकती है। बहुत से ऐसे लोग हैं जो अगर एक बार वेबसीरीज देखना शुरू कर दें तो उनकी प्रवृत्ति कुछ यूं बन जाती है कि मानो सारे के सारे एपिसोड खत्म करके ही उनको चैन मिलेगा। आजकल ओटीटी प्लेटफार्मों पर वेबसीरीज की भरमार है। मूवी तो फिर भी दो से ढाई घंटे में खत्म हो जाती है लेकिन वेबसीरीज में अमूमन दस से लेकर बारह तक एपिसोड रहते हैं और प्रत्येक एपिसोड लगभग एक घंटे का होता है। इस हिसाब से एक वेबसीरीज को पूरी तरह से देखने के लिए लगभग दस घंटे चाहिए। अब अगर किसी के अंदर लगातार दस घंटे तक मोबाइल अथवा लैपटॉप में आंखें गड़ाकर पूरी वेबसीरीज को खत्म करने की लगन है, तो कहीं न कहीं उसे सचेत होने की जरूरत है, क्योंकि ये लक्षण एक विशेष तरह के एडिक्शन की तरफ इशारा करते हैं। जाहिर सी बात है कि लगातार दस घंटे तक मोबाइल फोन का प्रयोग करना स्वास्थ्य के लिए पूर्णतया घातक है।

लगातार कई घंटे तक टेलीविजन अथवा मोबाइल को देखते रहना तकनीकी शब्दकोश में बिंजवाचिंग कहलाता है। प्रायः हम सब ऐसा महसूस करते हैं कि अपने पसंदीदा संगीत को सुनने अथवा पसंदीदा मूवी एवं वेबसीरीज को देखने से हमें एक विशेष प्रकार की खुशी मिलती है। किंतु यह भी सत्य है कि इस प्रकार की खुशी सदैव क्षणिक अथवा अल्पकालिक होती है। ज्यों ही हम उस माहौल से बाहर निकलकर पुनः वास्तविकता के घेरे में प्रवेश करते हैं, हमारी मनःस्थिति पुनः परिवर्तित होने लगती है। दरअसल ऐसा इसलिए होता है कि जब हम पसंदीदा संगीत अथवा मूवी आदि पर अपना ध्यान पूर्णतया केंद्रित कर लेते हैं तो हमारे मस्तिष्क में डोपामाइन नामक रसायन स्रावित होता है। यह रसायन ही उस क्षणिक प्रसन्नता के लिए जिम्मेदार होता है। जैसे ही डोपामाइन का प्रभाव शांत होता है, हम पुनः उसी अवस्था में वापसी कर जाते हैं। यह क्रियाविधि हूबहू वैसी ही है जैसे कि नशे की दवाइयां अथवा इंजेक्शन की होती है। खास बात यह है कि डिजिटल ड्रग की लत के दुष्प्रभाव भी वैसे ही हैं जैसे कि नशे की दवाओं के। पहली बात तो यह कि घंटों मोबाइल फोन अथवा लैपटॉप का इस्तेमाल करते रहने से विकिरण की एक बड़ी मात्रा हमारे मस्तिष्क एवं आंखों के संपर्क में आती है। पूर्वी फिनलैंड विश्वविद्यालय में हुए एक शोध के अनुसार टीवी एवं मोबाइल पर एक सीमा से अधिक समय बिताना हृदय रोग, मोटापा, मधुमेह एवं रक्तचाप जैसी बीमारियों का कारण बनता है। इसके अतिरिक्त डिजिटल ड्रग एवं बिंजवाचिंग की लत के अनेक अन्य गंभीर दुष्परिणाम भी सामने आए हैं ,जैसे डिप्रेशन की समस्या, एंग्जायटी की समस्या, मूड स्विंग की समस्या इत्यादि। इसके अलावा जो लोग लगातार लंबे समय तक स्क्रीन से संपर्क बनाए रहते हैं उनके लिए अनिद्रा भी एक बेहद गंभीर समस्या बन जाती है। ये सारी समस्याएं ऐसी हैं जो अगर एक बार किसी के साथ लग गईं तो फिर इनसे पीछा छुड़ा पाना एक नितांत मुश्किल कार्य हो जाता है। कुल मिलाकर निष्कर्ष यह है कि डिजिटल ड्रग की लत आज के समय में एक बेहद गंभीर मुद्दा बन चुका है। यदि समय रहते इसका निवारण न किया गया तो एक वक्त ऐसा भी आएगा जब यह जानलेवा बीमारियों का कारण बन जाएगा।

(लेखक विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग, स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय, मुमुक्षु आश्रम, शाहजहांपुर हैं।)

## मन की एकाग्रता जरूरी, चंचलता से भटकाव



संकलित
दर्शन

जिसने भी अपने मन को साध लिया उसके लिए हर लक्ष्य आसान हो जाता है। मन की एकाग्रता हमें हमारी आत्मा से साक्षात्कार कराकर हमारी सफलता के नए द्वार खोलती है। इसलिए आज से ही मन को साधने में जुट जाइए। मनुष्य के मन का स्वाभाविक गुण है चंचल होना यानी एकाग्र न होना। इसका चंचल गुण बार-बार हमें हमारे लक्ष्यों से विमुख करता रहता है। मनुष्य का मन उसको भावनाओं और कामनाओं के जाल में बांधकर भांति-भांति के कार्य करवाता है। हमारा मन हमारे शरीर रूपी रथ का सारथी होता है। इसका जिस ओर मन करता है वह उधर ही इसको ले जाता है। इसमें प्रायः गलत राह भी पकड़ ली जाती है। मन का अधिक झुकाव विषयों एवं विकारों की तरफ रहता है। वहां पर हमें इसको बांधने और रोकने की जरूरत महसूस होती है। इसके लिए गीता में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को उपदेश देते हुए कहते हैं, 'हे अर्जुन यदि तुम धीर मति वाले और दृढ़ निश्चयी व्यक्ति हो तो मन की चंचलता पर काबू पाया जा सकता है। मन का मुंहजोर घोड़ा आरंभ में सवार को अपनी पीठ पर आसीन नहीं होने देता है, लेकिन अगर बार-बार कोशिश की जाए तो वह उसे सवार भी होने देगा, उसकी बात मानेगा और उसकी इच्छा के अनुसार चलेगा भी, पर सबसे कठिन होता है मन को किसी एक लक्ष्य पर टिका कर रखना। मन के दृढ़ निश्चयी होने पर ही इस पर नियंत्रण पाया जा सकता है। इसी को कहते हैं अभ्यास की तलवार चलाना।

## योग का अर्थ अपने कार्यों में दक्षता लाना



संकलित
प्रेरणा

'योग का अर्थ अपने कार्यों में दक्षता लाना है।' योग सिर्फ कसरत नहीं है, बल्कि किसी विशेष परिस्थिति में दक्षता के साथ यदि आप कार्य कर रहे हैं, तो वह भी योग ही है। नवीनता, पूर्वाभास, कौशल और बेहतर संवाद, ये सभी योग के ही प्रतिफल हैं। यह शरीर, मन और भावनाओं को सार्वभौमिक ऊर्जा के साथ जोड़ता है। योग का अर्थ है-जोड़ना। जीवन के समस्त तत्वों को विधिवत जोड़ना। धन से हमें खुशी और आराम मिलता है। योग एक ऐसा धन है, जिससे हमें संपूर्ण आराम मिलता है। योग से न सिर्फ हमारा शरीर रोगमुक्त होता है, बल्कि समाज भी हिंसा रहित होता है। संशय से मुक्त मन, बुद्धि की स्पष्टता, आघात मुक्त स्मृति और दुख से मुक्त आत्मा तो प्रत्येक मानव जीवन का अधिकार है। सभी लोग इस मकसद को पाने के लिए तड़प रहे हैं। योग इसका आसान-सा उत्तर है। लोग सोचते हैं कि योग महज कसरत भर है। ऐसा नहीं है। आज यह जानकर प्रसन्नता होती है कि योग के महत्व को पहचानकर उसे मुख्य धारा में लाया जा रहा है। विश्व भर में योग आराम, खुश रहने और रचनात्मकता का पर्याय माना जाने लगा है। योग तो व्यक्ति का व्यवहार बदल देता है। व्यवहार व्यक्ति के तनाव के स्तर से सीधे संबंध रखता है। यह उस व्यक्ति में मित्रता के भाव जाग्रत करता है। योग हमारे वाइब्रेशन में फर्क लाता है। हम अपनी उपस्थिति से कई बार बहुत कुछ अभिव्यक्त कर देते हैं, जितना कि हम बोलकर नहीं कर सकते।

कामयाबी की खुशी



सीबीएसई 10वीं और 12वीं की परीक्षा में पास होने के बाद ऐसी खुशी।

आज की पाती

### भीषण गर्मी में पेयजल की किल्लत

भीषण गर्मी के चलते प्रदेश के अधिकतर जलाशयों और बांधों का जलस्तर काफी गिर गया है। कई तालाब सूख गए हैं। वहीं, पेयजल की किल्लत विकराल हो रही है। मई के प्रारंभ में ही गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। जहां लोगों का हाल बेहाल हो गया है, वहीं पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। पेयजल को लेकर राजधानी रायपुर के कुछ इलाकों में हाहाकार मचा हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के लिए भटकना लोगों की मजबूरी बन गई है। पेयजल की आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है। जल आवर्धन योजनाएं अधूरी होने का खामियाजा प्रदेशवासियों को भुगतना पड़ रहा है।

*– राकेश चौहान, रायपुर*

ट्रेंड

### आम आदमी को लाभ मिला



चुनाव प्रचार के मेरे आखिरी दिन हमारी टीम ने लद्दाख के ज़ांस्कर में ऐतिहासिक नई निम्मू-पदुम-दारचा सड़क पर टेस्ट ड्राइव किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वास्तव में 10 वर्षों के भीतर हमारे देश के सुदूर सीमावर्ती क्षेत्रों को बदल दिया है। इसका सीधा लाभ आम आदमी को मिला है।

-किरण रिजिजू, केंद्रीय मंत्री

### आ चुके होंगे रुपए



एक जुलाई 2024 को सुबह सुबह गरीब परिवार की महिलाएं जब अपना अकाउंट चेक करेंगी तो उसमें 8500 रुपए आ चुके होंगे और इंडिया की सरकार में ऐसा हर महीने की पहली तारीख को होगा। ये है आपके एक वोट की ताकत।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता


### बाहर आ जाऊंगा



अगले 21 दिनों में जहां-जहां संभव होगा, वहां जाऊंगा और बीजेपी को हराने के लिए प्रचार करूंगा। आप लोग अब जमकर मेहनत कीजिए। मुझे 2 जून को वापस जेल जाना होगा लेकिन अगर आप लोग 4 जून को इंडिया की सरकार बनवाएंगे तो मैं 5 को ही बाहर आ जाऊंगा।

-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली

### मां को खुश रखो



जब से पैदा हुआ हूं, तबसे मां का धन्यवाद करते हुए मां दिवस मना रहा हूं। आजकल हर बात का एक दिन बन गया तो हैप्पी मदर डे आप सबको, जीवन में खुश रहना चाहते हो तो पूरा जीवन मां को खुश रखो। जय माता की।

-अनुपम खेर, अभिनेता

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

करंट अफेयर

## इजराइली सेना ने रफह को बताया हमास का आखिरी गढ़

इजराइली सेना ने रविवार को गाजा पट्टी में फलस्तीनी उग्रवादियों के खिलाफ लड़ाई तेज करने के साथ ही युद्ध के दौरान लगभग तबाह हो चुके उत्तर के कुछ हिस्सों में भी कार्रवाई की। हालांकि, सेना ने कहा कि उसने महीनों पहले ही उत्तर के इलाकों को हमास के नियंत्रण से मुक्त करा लिया था, लेकिन सुरक्षा बलों के हटने के बाद समूह एक बार फिर इन इलाकों में एकत्र होने का प्रयास कर रहा है। इजराइल ने दक्षिणी गाजा के रफह शहर को हमास का आखिरी गढ़ करार दिया है। सेना का कहना है कि हमास को समाप्त करने और बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए उसे कार्रवाई जारी रखनी होगी। इजराइल की तरफ से हाल के दिनों में कार्रवाई तेज करने की बात कहे जाने के बाद 3,00,000 लोगों को क्षेत्र छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है। फलस्तीनियों ने बताया कि जबालिया शरणार्थी शिविर और उत्तरी गाजा पट्टी के अन्य क्षेत्रों में इजराइल की ओर से रात भर भारी बमबारी की गई, जिससे व्यापक तबाही हुई है। स्थानीय निवासियों ने कहा कि इजराइली युद्धक विमानों ने शरणार्थी शिविर और गाजा शहर के पूर्व में जिटौन क्षेत्र पर हमला किया, जहां सैनिक एक सप्ताह से अधिक समय से फलस्तीनी उग्रवादियों से लड़ रहे हैं।



ऑफ बीट

## शिव जी का इकलौता मंदिर जहां नहीं है नंदी की प्रतिमा

शिवालयों में नंदी की पूजा किए बिना शिव जी की पूजा अधूरी मानी जाती है। हर शिवालय में शिवलिंग के सामने नंदी जरूर होते हैं लेकिन देश का एकलौत शिव मंदिर है जहां नंदी की प्रतिमा नहीं है। महाराष्ट्र के नासिक के गोदावरी तट के पास कपालेश्वर महादेव मंदिर स्थित है। यहां भगवान शिव की प्रतिमा तो है लेकिन उनके वाहन नंदी स्थापित नहीं है। पौराणिक कथा के अनुसार ब्रह्मदेव के 5 मुख थे। चार मुख वेदोच्चारण करते थे और पांचवां मुख हमेशा लोगों की बुराई करता था। एक बार इंद्रसभा की सभा में ब्रह्मदेव का पांचवा मुख भगवान शिव की निंदा करने लगा जिससे क्रोधित होकर उस मुख को ब्रह्मदेव के धड़ से अलग कर दिया। भोलेनाथ पर ब्रह्म हत्या का पाप लग गया। इस पाप से मुक्ति पाने के लिए सोमेश्वर में एक बछड़े ने शिवजी को उपाय बताया। इस बछड़े पर भी अपने मालिक जो ब्रह्मण था उसकी हत्या का पाप लगा था। ब्रह्म हत्या के पाप से मुक्ति पाने के लिए बछड़े ने शिव जी को वही उपाय बताया जो उसने स्वयं किया था। बछड़े ने शिव जी को नासिक के पास स्थित रामकुंड में स्नान करने को कहा। इसके बाद भोलेनाथ ने बछड़ा यानी कि नंदी को अपना गुरु मान लिया।






## लोकसभा चुनावः चौथे चरण का मतदान

# वो हॉट सीट जहां हर एक नेता और दल की टिकी हैं नजरें : सियासी भंवर में फंसी 9 लोकसभा सीटों पर है कांटे का मुकाबला, जो जीता वही होगा सिकंदर

**दिग्गजों ने किया मतदान**


चंद्रबाबू नायडू


फारुख अब्दुल्ला


असदुद्दीन ओवैसी


साक्षी महाराज


उमर अब्दुल्ला

दस राज्यों की 96 सीटों पर 1717 उम्मीदवारों का भविष्य ईवीएम में हुआ बंद। 4 जून को पता चलेगा कौन जीता कौन हारा।

| कुल दस राज्यों की | कुल बूथ | कुल मतदाता | कुल उम्मीदवार |
|---|---|---|---|
| 96 सीटों पर हुआ मतदान | 19 लाख से भी ज्यादा | 17.70 करोड़ वोटर | 1717 |

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के चौथे फेज में सोमवार को 9 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की 96 सीटों पर वोटिंग खत्म हो गई है। इस चौथे चरण में 9 लोकसभा सीटें ऐसी हैं जहां पूरे देश की नजरें हैं। वजह ये है कि सियासी भंवर जाल में फंसी इन सीटों पर कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश की 175 और ओडिशा की 28 विधानसभा सीटों पर भी मतदान हुआ है। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव, पूर्व क्रिकेटर यूसुफ़ पठान, अभिनेता और नेता शत्रुघ्न सिन्हा समेत कुल 17 सौ 17 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। इस चरण में 19 लाख से ज़्यादा पोलिंग स्टेशन पर कुल 17.70 करोड़ वोटर हैं, इनमें से 8.97 करोड़ वोटर पुरुष और 8.73 करोड़ महिला वोटर हैं।


बिहार के मुंगेर में मतदाताओं की लगी कतार।

## कहीं पथराव तो कहीं हुई झड़प, मुंगेर में पोलिंग एजेंट की हार्ट अटैक से हुई मौत



बिहार के मुंगेर में वोटिंग से पहले एक पोलिंग एजेंट की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मुंगेर में ही वोटिंग के दौरान पर्ची नहीं देने के आरोप में कुछ लोगों ने सुरक्षाकर्मियों पर पथराव किया। पुलिस ने लाठीचार्ज किया और 2 युवकों को हिरासत में ले लिया। आंध्र प्रदेश के गुंटूर से वायएसआर कांग्रेस के एमएलए अन्नाबाथुनी शिवकुमार ने एक बूथ पर वोटर को थप्पड़ जड़ दिया। जवाब में वोटर ने भी उन्हें थप्पड़ मारा। इसके बाद विधायक समर्थकों ने शख्स की पिटाई कर दी। शख्स ने विधायक को कतार में नहीं आने पर टोका, जिस पर विवाद हुआ। जहीराबाद के कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश शेतकर के भाई नागेश शेतकर ने एक वोटर को लात मारी। किसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस हुई। इसके बाद वोटर की बाइक गिरा दी गई।

## मोदी ने पूछा- डरपोक पीएम देश चला सकता है क्या?

पटना। बिहार दौरे के दूसरे दिन सोमवार को पीएम मोदी ने हाजीपुर, मुजफ्फरपुर और छपरा के सारण में सभा की। हाजीपुर में पीएम ने कहा कि जब केंद्र में कांग्रेस और राजद वाले सरकार चलाते थे तब ईडी ने 10 साल में 35 लाख जब्त किए थे। हमने हमारी सरकार में 2 हजार 2 सौ करोड़ रुपए जब्त किए हैं। जिसे ले जाने में 70 ट्रक लगेंगे। हाजीपुर में पीएम मोदी ने कहा कि मैं यहां चिराग के लिए वोट मांगने नहीं आया हूं। वो तो जीतने ही वाला है। रामविलास जी की आत्म को शांति मिलेगी। पीएम ने कहा कि राजद के राज में सिर्फ अपहरण उद्योग ही फल-फूल रहा था। कांग्रेस और इन लोगों ने बिहार को सिर्फ पलायन और तबाही दी। पीएम ने कहा कि लालटेन वालों ने बिहार में अंधेरगर्दी फैलाई है। जंगलराज दिया है। राजद हो या कांग्रेस दोनों पार्टियों ने तुष्टिकरण को अपना सबसे बड़ा राजनीतिक हथियार बनाया है। हाजीपुर के बाद पीएम ने मुजफ्फरपुर में सभा की। उन्होंने कहा कि आप अपने मोहल्ले में भी ढीला पुलिस वाला पसंद करते हैं क्या, ढीला टीचर पसंद करते हैं क्या। फिर देश का प्रधानमंत्री मजबूत होना चाहिए या नहीं। डरपोक पीएम देश चला सकता है क्या। देश कांग्रेस जैसी डरपोक और कमजोर सरकार नहीं चाहता है।



### मोदी जिंदा है तब तक संविधान आरक्षण किसी को नहीं दूंगा

पीएम ने कहा कि बिहार के चारा वाले कहते हैं दलित, महादलित, पिछड़े, आदिवासियों को जो आरक्षण मिलता है वो उनसे लेकर पूरा का पूरा मुसलमानों को देना चाहते हैं। ये देश ऐसी कोई भी हरकत नहीं चला लेगा। मैं मर जाऊंगा, लेकिन किसी को संविधान और आरक्षण किसी को देने नहीं दूंगा। मोदी ने कहा, मोदी ने एक नई योजना बनाई है जिससे आपकी बिजली का बिल जीरो हो जाएगा। इतना ही नहीं आप घर में बिजली पैदा करके हीरो बन जाएंगी। इस योजना का नाम है 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना'।पीएम ने छपरा के सारण में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजद को अपने कामों पर वोट मांगना चाहिए।

## कन्नौज से अखिलेश और खीरी से टैनी हैं मैदान में

तीसरे चरण में उत्तर प्रदेश के कन्नौज में वोटिंग है। यहां से राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव मैदान में हैं। अखिलेश का मुक़ाबला भाजपा के सुब्रत पाठक से है। साल 2019 में यहां भाजपा के सुब्रत पाठक ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को नज़दीक़ी मुक़ाबले में हरा दिया था। इससे पहले साल 2014 के लोकसभा चुनाव में यहां से डिंपल यादव और 2009 में अखिलेश यादव ने चुनाव जीता था। खीरी लोकसभा सीट से केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्र तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। उनका मुक़ाबला समाजवादी पार्टी के उत्कर्ष वर्मा से है। साल 2014 से इस सीट से अजय कुमार मिश्र जीतते आए हैं।



## महुआ मोइत्रा और युसुफ पठान मैदान में

पश्चिम बंगाल में चौथे चरण में नदिया ज़िले की कृष्णनगर सीट पर भी मतदान हो रहा है। यहां से तृणमूल कांग्रेस की कद्दावर नेता महुआ मोइत्रा मैदान में हैं, उनका मुक़ाबला भाजपा की अमृता राय से है। पिछले लोकसभा चुनाव में यहां से मोइत्रा ने भाजपा के कल्याण चौबे को हराया था। इस सीट पर साल 2009 से ही तृणमूल कांग्रेस जीतती आई है। भाजपा यहां 25 साल पुराने इतिहास को दोहराने का दावा कर रही है। साल 1999 में भाजपा के सत्यब्रत मुखर्जी यहां से चुनाव जीत चुके हैं। मुर्शिदाबाद ज़िले के बहरमपुर से पूर्व क्रिकेटर और टीएमसी नेता यूसुफ़ पठान मैदान में हैं। टीएमसी ने उन्हें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी के ख़िलाफ़ उतारा है। साल 1999 से ही अधीर रंजन चौधरी इस सीट से जीतते आ रहे हैं। 2014 और 2019 के चुनाव में टीएमसी यहां दूसरे नंबर पर रही। 2014 में अधीर ने टीएमसी उम्मीदवार को ढाई लाख से ज़्यादा वोटों से हराया था, वहीं 2019 में ये आंकड़ा घटकर क़रीब 80 हज़ार रह गया। पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट से शत्रुघ्न सिन्हा मैदान में हैं। वो यहां से साल 2022 में उपचुनाव जीत चुके हैं। उन्होंने भाजपा की अग्निमित्रा पॉल को हराया था। इस बार उनका मुक़ाबला भाजपा उम्मीदवार एसएस अहलूवालिया से है। साल 2019 में यहां से बीजेपी के बाबुल सुप्रियो जीते थे। लेकिन बाद में वो इस्तीफ़ा देकर तृणमूल कांग्रेस में चले गए, जिसकी वजह से यहां उपचुनाव हुए थे।





## बेगूसराय से गिरिराज तो खूंटी से मुंडा आजमा रहे हैं भाग्य

भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह बिहार की बेगूसराय सीट से मैदान में हैं। चुनाव में बेगूसराय में मुख्य मुक़ाबला भाजपा के गिरिराज सिंह और सीपीआई उम्मीदवार अवधेश राय के बीच है। 2019 लोकसभा चुनाव में बिहार में बेगूसराय की लड़ाई राष्ट्रीय स्तर पर सुर्ख़ियों में थी। उस समय यहां मुख्य लड़ाई गिरिराज सिंह और कन्हैया कुमार के बीच थी। कन्हैया कुमार उस समय भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) में थे। गिरिराज सिंह ने उस वक्त कन्हैया कुमार को 4 लाख से ज़्यादा वोटों से हराया था। साल 2014 में यहां से भाजपा के भोला सिंह ने जीत दर्ज की थी। केंद्रीय मंत्री और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, झारखंड की खूंटी सीट से मैदान में हैं। साल 2004 के लोकसभा चुनाव को छोड़कर इस सीट पर भाजपा पिछले क़रीब 3 दशक से चुनाव जीतती आ रही है। साल 2019 के चुनाव में बेहद क़रीबी मुक़ाबले में अर्जुन मुंडा को जीत मिली थी। उन्होंने कांग्रेस के कालीचरण मुंडा को हराया था। इस बार भी अर्जुन मुंडा का मुक़ाबला कालीचरण मुंडा से ही है।



## अनुराग सिंह ठाकुर ने हमीरपुर से पांचवीं बार नामांकन किया दाखिल, पिता भी रहे साथ

शिमला। हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी है। आज (सोमवार) को हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने पांववीं भार नामांकन दाखिल किया। भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर अपने पिता और हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के साथ अपना नामांकन दाखिल करने पहुंचे। अनुराग सिंह ने कहा कि हिमाचल मोदी जी का दूसर घर है, हिमाचल ने जो मांगा वो दिया है।



## माधवी लता और असदुद्दीन ओवैसी में कांटे की टक्कर



हैदराबाद सीट इस बार सुर्ख़ियों में है। यहां चौथे चरण में वोटिंग हो रही है. ये सीट क़रीब चार दशक से ओवैसी परिवार के पास है। फ़िलहाल, इस सीट से एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी चार बार से सांसद हैं। इस बार उनका मुक़ाबला बीजेपी की माधवी लता से है, जो लगातार सुर्ख़ियों में बनी हुई हैं। माधवी इससे पहले कभी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ी हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में ओवैसी ने भाजपा के भगवंत राव को हराया था।

## वाईएस शर्मिला भी आजमा रहीं भाग्य



आंध्र प्रदेश की कडप्पा सीट से मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की बहन वाईएस शर्मिला कांग्रेस की उम्मीदवार हैं। यहां पर उनका मुक़ाबला अपने भाई जगन मोहन रेड्डी के द्वारा उतारे गए वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार अविनाश रेड्डी से है। अविनाश रेड्डी 2014 और 2019 लोकसभा चुनाव में यहां से जीतते आ रहे हैं।

### मेरे नाम पर पहले ही वोट डल गया

पुणे शहर कांग्रेस प्रमुख अरविंद शिंदे ने आरोप लगाया है कि उनका वोट किसी और ने डाल दिया। उन्होंने शिकायत की है कि जब वह सोमवार को रास्ता पेठ के सेंट मीरा इंग्लिश मीडियम स्कूल में मतदान केंद्र पर पहुंचे तो उनका नाम मतदाता सूची में तो था, लेकिन किसी ने पहले ही वोट डाल दिया था। शिंदे ने कहा कि पता चलने के बाद उन्होंने इस पर आपत्ति जताई और बाद में उन्हें 'टेंडर वोट' प्रक्रिया का उपयोग करके मतदान करने की अनुमति दी गई।




### पीएम को देख खुशी से छलके आंसू



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक बेहद खास वीडियो सामने आया है। दरअसल, पीएम मोदी जब बिहार के सारण में रैली करने के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद उनका खास अंदाज में स्वागत किया गया। उनके सामने वंदे-मातरम और जय श्रीराम के नारे लगाए गए। इतना ही नहीं पीएम मोदी के स्वागत में खड़ी भाजपा की एक महिला कार्यकर्ता उन्हें देखकर भावुक हो जाती हैं और खुशी में महिला कार्यकर्ता के आंखों से आंसू निकल पड़ते हैं।

### शाह ने उद्धव से पूछा- आप प्राण प्रतिष्ठा में क्यों नहीं गए

भाजपा नेता, प्रमुख स्टार प्रचारक और केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने सोमवार को महाराष्ट्र में धुले में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में अपने सम्बोधन के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, "मैं कांग्रेस पार्टी के नेताओं से और विशेषकर उद्धव ठाकरे जी से पूछना चाहता हूं कि जब प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण आपको मिला, तो आप प्राण प्रतिष्ठा में क्यों नहीं गए। क्योंकि इन्हें वोट बैंक का डर था, लेकिन हमें कोई डर नहीं है।" अमित शाह ने कहा कि केंद्र में सोनिया-मनमोहन की सरकार थी, आए दिन बम धमाके होते थे। मुंबई को भी दहला कर चले गए थे। मोदी जी आए, फिर से उन्होंने गलती की, उरी और पुलवामा में हमला किया। 10 ही दिन में सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक कर पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकियों का सफाया किया।



### जिसके पीछे ईडी है उसे वोट न दें: अन्ना

सीएम अरविंद केजरीवाल के गुरु और समाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने आज अपने शिष्य पर ही निशाना साधा है। कभी साथ मिलकर भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले अन्ना हजारे ने केजरीवाल पर ही शराब घोटाले को लेकर कटाक्ष किया है। अन्ना हजारे ने आज अपना वोट डालने के बाद लोगों से एक खास अपील की। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को सही उम्मीदवार चुनना चाहिए क्योंकि देश की चाबी गलत हाथों में नहीं जानी चाहिए।



### जज रहे गंगोपाध्याय कोर्ट की शरण में

बंगाल में तमलुक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार अभिजीत गंगोपाध्याय ने इस महीने की शुरुआत में अपने खिलाफ दायर एक एफआइआर को चुनौती देते हुए सोमवार को उसी अदालत की एकल-न्यायाधीश पीठ का दरवाजा खटखटाया जहां वो पहले कभी जज थे। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता की एकल-न्यायाधीश पीठ ने याचिका स्वीकार कर ली है। मामले की मंगलवार को सुनवाई होगी।



### आप राज्यसभा सांसद मालीवाल ने लगाया आरोप

# सीएम केजरीवाल के निजी स्टाफ ने किया हमला, औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं की

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष और आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी स्टाफ के एक सदस्य द्वारा उन पर 'हमला' किए जाने का आरोप लगाया। मालीवाल सोमवार को सिविल लाइंस थाने पहुंचीं और यह आरोप लगाया। पुलिस को अब तक इस मामले में कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मालीवाल की इस पूरे मामले पर प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए संदेश भेजा और कॉल किया गया लेकिन कोई जवाब नहीं आया। दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास और सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) की ओर से भी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।



पुलिस उपायुक्त (उत्तर) एम.के. मीणा ने संवाददाताओं को बताया कि सुबह 9 बजकर 34 मिनट पर पुलिस को पीसीआर कॉल आया जिसमें महिला ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास में उनपर हमला हुआ है। उन्होंने बताया कि कुछ समय बाद सांसद महोदया पुलिस थाने आईं। हालांकि, वह यह कहकर लौट गईं कि शिकायत बाद में करेंगी। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि फोन कॉल मालीवाल के मोबाइल फोन से आया था और वह स्वयं बात कर रही थीं।

### थाने गईं लेकिन बिना शिकायत दर्ज कराए लौट गईं

उन्होंने बताया कि वह मुख्यमंत्री आवास से बोल रही हैं और यहां के कर्मचारी ने उन पर हमला किया है। उन्होंने बताया कि कॉल के तुरंत बाद सिविल लाइन्स पुलिस थाना की टीम मुख्यमंत्री आवास पहुंची। थाना प्रभारी ने मालीवाल से मुलाकात की और उन्होंने कहा कि वह पुलिस थाना आ रही हैं। अधिकारी के मुताबिक मालीवाल पूर्वाह्न 10 बजे थाना पहुंचीं। उन्होंने कहा कि पुलिस थाने में उन्होंने सूचना दी कि हमले की प्राथमिकी के लिए चिकित्सा परीक्षण आवश्यक है। वह करीब पांच मिनट तक थाने में रहीं और बिना शिकायत दर्ज कराए लौट गईं। उन्होंने कहा कि वह वापस आएंगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि अगर ऐसी घटना किसी भी महिला के साथ होती है तो उसे न्याय मिलना चाहिए।

# पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 20 मई को होगी सुनवाई

एजेंसी ⏭ रांची

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की खंडपीठ ने हेमंत सोरेन की याचिका पर सुनवाई की। अब 20 मई को इस मामले में अगली सुनवाई होगी। पूर्व सीएम ने जमीन घोटाले से जुड़े मनी लाउंडरिंग केस में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। पिछले 10 मई को सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की उस याचिका को निष्पादित कर दिया था, जिसमें उन्होंने झारखंड हाईकोर्ट को यह निर्देश देने का अनुरोध किया था कि मनी लाउंडरिंग केस में उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ उनकी याचिका पर वह फैसला सुनाए।झारखंड के पूर्व सीएम व झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत मांगी थी। उन्होंने आग्रह किया था कि उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर जब तक हाईकोर्ट का आदेश नहीं आ जाता, तब तक उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रचार करने की अनुमति दी जाए।

### अंतरिम जमानत के लिए गए थे सुप्रीम कोर्ट



**झारखंड हाईकोर्ट ने खारिज कर दी थी याचिका**

झारखंड हाईकोर्ट ने पिछले तीन मई को पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की वह याचिका खारिज कर दी थी, जिसमें उन्होंने ईडी की गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट के इस आदेश के खिलाफ वे सुप्रीम कोर्ट गए थे।

# मोदी के 10 वर्षों में 51.40 करोड़ व्यक्ति-वर्ष रोजगार पैदा हुए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

घरेलू शोध संस्थान स्कॉच की एक रिपोर्ट में सोमवार को दावा किया गया कि नरेन्द्र मोदी सरकार के 10 वर्षों के शासनकाल में 51.40 करोड़ व्यक्ति-वर्ष रोजगार पैदा हुए हैं।मानव-वर्ष या व्यक्ति-वर्ष एक साल में किसी व्यक्ति द्वारा किए गए कार्य की मात्रा को घंटों में आंकने वाली एक इकाई है।

'मोदीनॉमिक्स का रोजगार सृजनात्मक प्रभाव: प्रतिमान में बदलाव' शीर्षक से जारी यह रिपोर्ट 80 केस अध्ययन पर आधारित है। इसमें कर्ज लेने वाले उधारकर्ताओं और विभिन्न सरकारी योजनाओं के आंकड़ों को शामिल किया गया है।

## 'मोदीनॉमिक्स का रोजगार सृजनात्मक प्रभाव: प्रतिमान में बदलाव' नाम से स्कॉच रिपोर्ट जारी

### जुटाए 80 केस अध्ययन के दस्तावेज




बयान के मुताबिक, वर्तमान अध्ययन से यह भी पता चलता है कि सूक्ष्म कर्ज का इस्तेमाल स्थिर और टिकाऊ रोजगार सृजन के लिए किया जा रहा है। स्कॉच ग्रुप के चेयरमैन और इस रिपोर्ट के लेखक समीर कोचर ने कहा, 'हमने अपने दौरों में 80 केस अध्ययन के दस्तावेज जुटाए हैं। इसमें कर्ज लेने वाले कई उधारकर्ताओं को शामिल किया गया है और एक कर्ज राशि पर औसतन 6.6 प्रत्यक्ष रोजगार पैदा हुए हैं।'

### अध्ययन में 12 केंद्रीय योजनाएं शामिल

इस अध्ययन में 12 केंद्रीय योजनाओं को शामिल किया गया है। इनमें मनरेगा, पीएमजीएसवाई, पीएमए-जी, पीएमएवाई-यू, आरएसईटीआई, एबीआरवाई, पीएमईजीपी, एसबीएम-जी, पीएलआई और पीएम स्वनिधि जैसी योजनाएं शामिल हैं।

### ऋण अंतराल में गिरावट

अध्ययनों से पता चला है कि पिछले नौ वर्षों में ऋण अंतराल (जीडीपी के अनुपात में कर्ज का अंतर) में 12.1 प्रतिशत की गिरावट आई है। इसने ऋण अंतराल में कटौती, बहुआयामी गरीबी में कमी और एनएसडीपी में वृद्धि के बीच एक सकारात्मक संबंध भी दिखाया है।

### 19.79 करोड़ रोजगार शासन-आधारित

स्कॉच ग्रुप ने एक बयान में कहा, 'वर्ष 2014-24 के दौरान कुल 51.40 करोड़ रोजगार पैदा हुए हैं। इनमें 19.79 करोड़ रोजगार शासन-आधारित हस्तक्षेपों की वजह से सृजित हुए हैं। बाकी 31.61 करोड़ रोजगार में ऋण-आधारित हस्तक्षेपों का योगदान रहा है।' स्कॉच ग्रुप सामाजिक-आर्थिक मुद्दों पर काम करने वाला एक घरेलू शोध संस्थान है। यह 1997 से ही समावेशी विकास पर काम कर रहा है। कोचर ने कहा, "हमने 2014-24 की अवधि में ऋण-आधारित हस्तक्षेपों और सरकार-आधारित हस्तक्षेपों का अध्ययन किया है। जहां ऋण-आधारित हस्तक्षेपों ने प्रति वर्ष औसतन 3.16 करोड़ रोजगार जोड़े हैं।

**PUBLIC NOTICE**

**To Whom It May Concern**

This is to inform to all General Public that **Gambhir Hospital** H-74, Rajouri Garden, New Delhi-110027 is going to destroy the Medical Records from 01-01-2019 till 2022. Anybody interested in getting the copy of his/her record may contact within one week.

**PUBLIC NOTICE**

**LAND/PROPERTY IN VILLAGE BIJWASAN, NEW DELHI**

"Be it known to all that my clients are the absolute owners and in exclusive possession of land measuring 22 bighas and 7 biswas, bearing mustatil no. 88, killa nos. 21/1 min (2-10), mustatil no. 105, killa nos. 1 min (4-3), 10/1 min (4-1), 10/ 2 (0-8), 11/1 min (0-19), 11/2 min (3-10), 20 (4-9), 21/1 (0-10), 21/2 (1-12) and 26 (0-5), with boundary wall, tube-well, electric connection, together with built-up residential house thereupon, situated at Village Bijwasan, Tehsil Kapashera, New Delhi, **[say "said property"].**

That previous original documents viz. **(1)** sale deed dated 24.11.1994, duly registered as document no. 4092, in addl. book no. I, volume no. 8728, on pages 1 to 6 on 15.05.1995, with Sub-Registrar, New Delhi, duly executed in favour of Shri Ajay Khanna S/o late Shri Jagdish Khanna, and **(2)** rectification deed dated 29.08.1995, duly registered as document no. 7862, in addl. book no. I, volume no. 8877, on pages 132 to 134, on 18.09.1995, with Sub-Registrar, New Delhi, duly executed in favour of Shri Ajay Khanna S/o late Shri Jagdish Khanna, are reported as missing/lost.

Any other person(s) in possession of the above documents, or, any person who find the same in future, is hereby required to notify the same in writing to the undersigned immediately.

**AMIT GUPTA (Advocate)**
C-13, Pamposh Enclave, New Delhi-48.Tel: 26284741, 26284569

## ई-कॉमर्स कंपनियों की फर्जी समीक्षा पर लगेगा अंकुश

**नई दिल्ली।** सरकार ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए उपभोक्ता समीक्षा के गुणवत्ता मानदंडों का अनुपालन अनिवार्य बनाने पर विचार कर रही है। एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को कहा कि फर्जी समीक्षाओं पर प्रभावी ढंग से अंकुश लगाया जाएगा। स्वैच्छिक प्रयास विफल होने के बाद सरकार ने यह फैसला किया है। सरकार ने एक साल पहले ई-विक्रेताओं के लिए नए गुणवत्ता मानदंड जारी किए थे।

## निफ्टी 48.85 अंक के साथ 22,104.05 अंक पर बंद हुआ

# शेयर बाजार में भारी उठापटक, अंतिम घंटे की लिवाली से सेंसेक्स 112 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

*स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को भारी उतार-चढ़ाव के बीच बीएसई सेंसक्स 111 अंक से अधिक की बढ़त में रहा। एनएसई निफ्टी में भी तेजी रही। मुख्य रूप से एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में अंतिम दौर की लिवाली आने से बाजार लाभ में रहा।*

शुरुआती गिरावट से उबरते हुए तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 111.66 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72,776.13 अंक पर बंद हुआ। कमजोरी के साथ खुला सूचकांक कारोबार के दौरान एक समय 798.46 अंक यानी 1.09 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 71,866.01 अंक पर आ गया था। लेकिन बाद में निचले स्तर पर लिवाली आने से यह नुकसान से उबरने में सफल रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी भी 48.85 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,104.05 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक एक समय 21,821.05 अंक के निचले स्तर तक आ गया था।

### लाभ और हानि में रही कंपनियां

सेंसेक्स के शेयरों में एशियन पेंट्स, सन फार्मा, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, आईसीआईसीआई बैंक और पावरग्रिड प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ टाटा मोटर्स में सबसे ज्यादा आठ प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। कंपनी का 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ तीन गुना उछलकर 17,528.59 करोड़ रुपये होने की सूचना के बाद भी इसका शेयर नुकसान में रहा। इसके अलावा एनटीपीसी, भारती एयरटेल, टाइटन, भारतीय स्टेट बैंक और नेस्ले में प्रमुख रूप से गिरावट रही।

### अन्य बाजारों में नुकसान

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में जबकि हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में ज्यादातर में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट शुक्रवार को बढ़त में रहा था।



### चुनाव की वजह से निवेशक फिक्रमंद

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'भले ही बाजार दिन के निचले स्तर से उबरा और हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ लेकिन निवेशक लोकसभा चुनावों से जुड़ी आशंकाओं और ऊंचे मूल्यांकन की वजह से फिक्रमंद हैं। नायर ने कहा कि किसी बड़े सकारात्मक कारक के अभाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने से घरेलू बाजार अल्पावधि में कमजोर बना रह सकता है।

### 2,117.50 करोड़ के शेयर बेचे

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 2,117.50 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83.02 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को 260.30 अंक लाभ में जबकि निफ्टी 97.70 अंक की बढ़त में रहा था।

### हल्की बढ़त लेने में सफल

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा, 'कारोबारी सप्ताह की शुरुआत उतार-चढ़ाव के साथ हुई लेकिन अंत में यह हल्की बढ़त लेने में सफल रहा। खासकर दिग्गज कंपनियों में खरीदारी ने सूचकांकों को दिन के ऊपरी स्तर के करीब बंद होने में मदद की।'

### मिडकैप सूचकांक में बढ़त

*व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.36 प्रतिशत की बढ़त में रहा जबकि स्मॉलकैप में 0.23 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। विशेषज्ञों का मानना है कि बाजार में इस अनिश्चितता का संबंध लोकसभा चुनावों के चौथे चरण में हुए मतदान से भी है। क्षेत्रवार सूचकांकों में सेवा खंड में सर्वाधिक 1.41 प्रतिशत और रियल्टी खंड में 1.32 प्रतिशत की बढ़त देखी गई जबकि टिकाऊ उपभोक्ता और दूरसंचार खंड में गिरावट रही।*

**पहचान की अपील**



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति का शव जिसका **नाम:** सोनपाल, **पुत्र:** फूल सिंह, **पता:** वेगाबोंड, कैलाश नगर, दिल्ली, **उम्र:** 60 साल, **कद:** 5'7", **रंग:** गेहुँआ, **पहनावा**-हल्का आसमानी नीले रंग की कुर्ता और पायजामा। जो दिनांक 28.04.2024 को एमएलसी नं. 515/2024 पर स्वामी दयानंद अस्पताल, दिल्ली में भर्ती किया गया । जिसे दिनांक 06.05.2024 को इलाज के दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित किया गया । इस संदर्भ में **डीडी संख्या. 93A दिनांक 06.05.2024 को पुलिस थाना गांधी नगर, दिल्ली में दर्ज है ।** स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस मृत व्यक्ति का कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है । अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें ।

**थानाअध्यक्ष**
**पुलिस थाना गांधी नगर, दिल्ली**
**Ph. : 01122082235, 22072761**
**DP/5611/SHD/2024**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआर.पी.सी. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **टीपू सुल्तान उर्फ रिजवान, पुत्र शमीम,** निवासी मकान नं. जी–625, जेजे कॉलोनी, शकूरपुर, दिल्ली ने **मुकदमा प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 1095/2019, धारा 356/379/341/34 भा.द.सं.** के तहत थाना रानी बाग बाहरी जिला, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **टीपू सुल्तान उर्फ रिजवान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **टीपू सुल्तान उर्फ रिजवान** फरार हो गया हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 1095/2019, धारा 356/379/341/34 भा.द.सं.** के तहत थाना रानी बाग बाहरी जिला, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **टीपू सुल्तान उर्फ रिजवान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 27.06.2024 को या इससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री वसुन्धरा छौंकर**
**अतिरिक्त मुख्य महानगर दंडाधिकारी (उत्तर–पश्चिम)**
**कमरा नं. 101, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**
DP/5597/OD/2024

**ज्योतिष**

सबको आजमाया बार-बार हमें आजमाये सिर्फ एक बार
तंत्र-मंत्र के सम्राट
जिसे होगा ज्ञान वही करेगा काम
सभी समस्याओं का समाधान
**बाबा अकबर खान**
स्पे. प्रेम विवाह, किया कराया, कारोबार, शादी में रूकावट, ग्रहक्लेश, विदेश यात्रा, मुठकरनी, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, A to Z सभी समस्याओं का तुरंत समाधान पायें।
नोट : अगर कोई मुझसे पहले काम करके दिखाए तो उसे मुँह मांगा ईनाम
**9810842229**
बी-5, बलराम हाऊस, मिलन सिनेमा के सामने, करमपुरा, नई दिल्ली-110015
फीस 201/- रु.

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## उच्च ऋण वृद्धि के जरिए बैंकों की जोखिम उठाने की क्षमता, साख निर्धारित करने में महत्वपूर्ण : फिच

**नई दिल्ली।** बेहतर वित्तीय प्रदर्शन के बावजूद उच्च ऋण वृद्धि के जरिए भारतीय बैंकों की जोखिम उठाने की क्षमता उनकी साख के लिए एक महत्वपूर्ण कारक बनी रहेगी। फिच रेटिंग्स ने सोमवार को यह बात कही। एजेंसी ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि पिछले ऋण चक्र से संपत्ति की गुणवत्ता का दबाव कम हो रहा है, जिससे अनुकूल कारोबारी माहौल बन रहा है। इससे बैंकों की क्षमता और वृद्धि की चाह बढ़ी है। वित्त वर्ष 2023-24 में बैंक ऋण में वित्त वर्ष 2022-23 के समान 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह वित्त वर्ष 2014-15 और 2021-22 की तुलना में आठ प्रतिशत सीएजीआर (चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर) से अधिक है।

## जेपी सूचना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

**नई दिल्ली।** जेपी यूथ क्लब द्वारा आयोजित ले फिएस्टस'24 का जीवंत आयोजन 12 मई, 2024 को अपने रोमांचक समापन दिवस पर जेपी सूचना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के जीवंत परिसर में सांस्कृतिक प्रतिभा और कलात्मक प्रतिभा के चरम पर पहुंच गया। उत्सव के पहले दिन की शुरुआत ज्ञान की देवी को श्रद्धांजलि, सरस्वती पूजा के रूप में आध्यात्मिक आह्वान के साथ हुई। इस भव्य समारोह ने न केवल उत्सव के लिए माहौल तैयार किया बल्कि शैक्षणिक उत्कृष्टता और आध्यात्मिक मूल्यों के प्रति विश्वविद्यालय की अटूट प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया। माननीय सहित सम्मानित अतिथियों की विशिष्ट उपस्थिति, कुलपति प्रो. (डॉ.) राजेंद्र कुमार शर्मा, रजिस्ट्रार मेजर जनरल राकेश बस्सी, डीन ऑफ एकेडमिक्स प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार गुप्ता, डॉ. रुचि वर्मा, जेवाईसी संकाय समन्वयक डॉ. नवीन जागलान और जेवाईसी अध्यक्ष शिवांश मेहरोत्रा, जिन्होंने पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ उत्सव का उद्घाटन किया और तीन दिवसीय सांस्कृतिक यात्रा की शुभ शुरुआत को चिह्नित करते है।



## नीमित भड़ाना ग्लोबल मैन्युफैक्चर्स एंड ट्रेडर्स फाउंडेशन के अध्यक्ष

**फरीदाबाद।** सामाजिक कार्यकर्ता नीमित भड़ाना को ग्लोबल मैन्युफैक्चर्स एंड ट्रेडर्स फाउंडेशन हरियाणा प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। व्यापारियों के हित में कार्य कर रही संस्था ग्लोबल मैन्युफैक्चर्स एंड ट्रेडर्स फाउंडेशन के संस्थापक व महामंत्री वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुशील श्रीवास्तव ने सामाजिक कार्यकर्ता नीमित भड़ाना को हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया। सुशील श्रीवास्तव ने कहा कि हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि संगठन के लिए पूर्ण समर्पण से संगठन को ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। फाउंडेशन के संस्थापक सलाहकार मीना श्रीवास्तव ने कहा हमारा संगठन व्यापारियों की किसी भी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नीतिश्वर कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजा तालुकदार सहित अन्य पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी।

## सोना 100 रुपये टूटा, चांदी में 300 रुपये की गिरावट

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोना 100 रुपये टूटकर 73,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 73,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 300 रुपये टूटकर 85,200 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 83,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोना (24 कैरेट) 73,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 100 रुपये की गिरावट है।'' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,347 डॉलर प्रति औंस पर पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 13 डॉलर की गिरावट है। गांधी ने कहा, ''सोने ने कमजोर रुख के साथ कारोबार फिर से शुरू किया क्योंकि महत्वपूर्ण अमेरिकी मुद्रास्फीति रिपोर्ट से पहले व्यापारियों ने अपनी सौदों को कम किया।

## हेडस्टार्ट आरेना अगस्त और सितंबर में करेगा 'आईएनबीएल प्रो' का आयोजन

**नई दिल्ली।** हेडस्टार्ट आरेना इंडिया ने आज भारत में हर बास्केटबॉल प्रेमी का सपना साकार किया है, जिससे भारतीयों में कई लोगों को पसंद है, उसे अपनी खुद की पेशेवर लीग मिले। आईएनबीएल प्रो, एक छह फ्रेंचाइज़ी टूर्नामेंट, आज शहर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आधिकारिक रूप से घोषित किया गया था। इस मौके पर रुपिंदर ब्रर, एमडी, दुश्यंत खन्ना, एमडी और प्रवीण बतिश, सीईओ, आईएनबीएल ने मीडिया के समक्ष अपने विचारों को साझा किया। पूर्व बास्केटबॉल खिलाड़ी और अभिनेता रणविजय सिंघा और बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनके साथ शामिल हुए। इस घोषणा के बाद, ऑस्ट्रेलिया की फ्रैंकस्टन ब्लूज़ एनबीएल1 टीम के बीच एक प्रदर्शनी मैच का आयोजन किया गया। अपनी टिप्पणियों में, पंजाब के पंजेब ग्रुप और आईएनबीएल के संस्थापक और निदेशक रुपिंदर ब्रर ने कहा, कि हम वास्तव में एक विश्व-स्तरीय पेशेवर लीग के प्रति प्रतिबद्ध हैं जो खेल को अगले स्तर पर पहुंचाती है। हमने 5 वर्षों में 350 करोड़ रुपये का निवेश का आदान-प्रदान किया है, जो हमारे योगदान, अन्य निवेशकों के साथ आने वाले हैं, और आईएनबीएल प्रो से कई आय धाराओं का संयुक्त योगदान शामिल है। उन्होंने जोड़ा, अंतरराष्ट्रीय सहयोग किसी भी खेल के विकास के लिए महत्वपूर्ण है, और भारत के मामले में, हमने देखा है कि पेशेवर लीग हमें इसे संभव बनाने के लिए सर्वोत्तम मंच प्रदान करती है।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

**मु.न. 259 दिनांक 04.05.2024 धारा 346 भा.द.स. थाना कुण्डली जिला सोनीपत।**

**गुमशुदा की पहचान**



**नाम**- संजय।
**पिता का नाम**- श्रद्धानंद।
**पता**-शिखान पाना गाँव नाहरी जिला सोनीपत।
**उम्र**- 50 वर्ष।
**कद**- 5 फुट 8 ईन्च।
**हुलिया:**- रंग साँवला, पतला शरीर, लम्बुतरा चेहरा, काली आँखे, दाहीने तरफ से लकवा ग्रस्त।
**पहनावा:**- सफेद रंग की चैकदार कमीज, महरुन रंग का लोयर, काले रंग के सैण्डल पहने हुए है।

दिनांक 02.05.2024 को संजय पुत्र श्रद्धानन्द वासी शिखान पाना गाँव नाहरी जिला सोनीपत बिना किसी को कुछ भी बताए कहीं पर चला गया है। जो अब तक घर वापिस नही आया है। दाहिनी तरफ से लकवा ग्रस्त है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त के बारे में कोई सूचना मिली तो निम्नलिखित नंबरो पर सूचित करे।

प्रबन्धक थाना मो. नं. 7419410537,
अनुसंधानकर्ता मो. नं.- 9812027611
कन्ट्रोल रुम सोनीपत-0130-2222903,100

**हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,**
**कृते पुलिस उपायुक्त।**
**मुख्यालय, सोनीपत।** Dt. 13-05-24
पीआरडीएच-1084/11/2347/2025/26290/88/7 दि. 13.05.24

## राशिफल

**मेष** – मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** – नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** – किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** – परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** – संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** – नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** – मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।


**धनु** – सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** – किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** – आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** – शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

## शब्द पहेली - 5510




**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

**शब्द पहेली- 5509 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | | वे | | कृ | पा | ण | | र | म |
| वै | | अ | दा | व | त | | य | हां | | जो |
| धा | य | दा | र | | | अ | | का | त | र |
| नि | | व | | प्र | क्षा | ल | न | | म | |
| क | म | त | र | ता | | सा | ग | र | गा | मी |
| | लि | | स | र | मा | या | | द | | न |
| बे | का | बू | | णा | | | व | न | वा | सी |
| क | | आ | स | | अ | द | र | क | | लै |
| द | म | | ब | हा | र | | दा | | ता | व |
| र | सा | त | ल | | ज | ही | न | कु | श | ल |



# सीधे फाइनल में खेलेंगे चोपड़ा-जेना, 75 मीटर क्वालीफाइंग स्तर कई बार पार कर चुके

एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर

भारत के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और किशोर जेना को यहां 15 मई को होने वाले फेडरेशन कप फाइनल्स में सीधे प्रवेश दिया गया है क्योंकि उन्होंने अपने करियर में 75 मीटर का न्यूनतम क्वालीफाइंग स्तर कई बार हासिल किया है।

ओलंपिक और विश्व चैंपियन चोपड़ा पिछले हफ्ते दोहा डाइमंड लीग में काफी अच्छा प्रदर्शन करके यहां आए हैं जहां वह 88.38 मीटर के प्रयास से दूसरे स्थान पर रहे। हालांकि एशियाई खेलों के रजत विजेता जेना का डाइमंड लीग में पदार्पण निराशाजनक रहा क्योंकि वह 76.31 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ तीन दौर के बाद बाहर हो गए। विश्व चैंपियनशिप 2023 में छठे स्थान पर रहे डीपी मनु की नजरें 85.50 मीटर के स्तर को पार करके पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने पर टिकी होंगी और वह भी सीधे फाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

फेड कप







### नीरज के खेलने से एएफआई खुश

एएफआई 26 वर्षीय चोपड़ा के तीन साल में पहली बार घरेलू प्रतियोगिता में खेलने को लेकर काफी उत्सुक है। एएफआई के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया, 'एएफआई नीरज के फेडरेशन कप में हिस्सा लेने से बिल्कुल भी हैरान नहीं है। इसमें कोई संदेह नहीं कि घरेलू प्रतियोगिता में उनकी भागीदारी भारतीय एथलेटिक्स के लिए बहुत अच्छी बात है।'

### सीधे फाइनल खेलेंगे नौ खिलाड़ी

भारतीय एथलेटिक्स के मुख्य कोच राधाकृष्णन नायर ने भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के क्वालीफिकेशन नियमों का हवाला देते हुए कहा, 'वे सभी जो 75 मीटर के स्तर को पार कर चुके हैं, वे मंगलवार को क्वालीफाइंग दौर में प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे। जिन लोगों ने प्रविष्टियां दी हैं उनमें नीरज और जेना सहित ऐसा करने वाले नौ खिलाड़ी हैं। वे सीधे बुधवार को फाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगे। 75 मीटर से कम थ्रो करने वाले बाकी खिलाड़ी क्वालीफाइंग दौर में प्रतिस्पर्धा करेंगे और शीर्ष तीन खिलाड़ी फाइनल में 75 मीटर से ऊपर भाला फेंकने वाले नौ खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे।'

### जल्द वापसी करेंगे रमेश

नायर ने पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम के सदस्य राजेश रमेश की चोट को अधिक तूल नहीं दिया जो इस महीने की शुरुआत में बहामास में पहले दौर की क्वालीफाइंग हीट के दूसरे चरण के दौरान बीच में ही हट गए थे। नायर ने कहा, 'रमेश की चोट पैर की मांसपेशियों में खिंचाव नहीं है, यह जांघ में टेंडन से संबंधित है। इसलिए यह कोई बड़ी चोट नहीं है। उसके 10-15 दिनों में ट्रेनिंग शुरू करने की उम्मीद है। राजीव भी जल्द ही ठीक हो जाएगा। ओलंपिक की तैयारी में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।'

### मिश्रित रिले टीम से कोटा की उम्मीद

नायर ने यह भी कहा कि विश्व रिले के दौरान बहामास में विफलता के बावजूद एएफआई को अब भी मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले टीम के पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद है। हालांकि अब केवल दो स्थान बचे हैं। उन्होंने कहा, 'हमारी मिश्रित चार गुणा 400 मीटर टीम एशियाई रिले (20-21 मई को बैंकॉक में) में भाग लेगी और अगर हम तीन मिनट 14 सेकंड से कम का समय लेते हैं तो हम पेरिस के लिए क्वालीफाई कर सकते हैं और हमें लगता है कि हम ऐसा कर सकते हैं।'

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 13 | 9 | 3 | 19 |
| राजस्थान | 12 | 8 | 4 | 16 |
| चेन्नई | 13 | 7 | 6 | 14 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 |
| बेंगलोर | 13 | 6 | 7 | 12 |
| दिल्ली | 13 | 6 | 7 | 12 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 |
| गुजरात | 13 | 5 | 7 | 11 |
| मुंबई | 13 | 4 | 9 | 8 |
| पंजाब | 12 | 4 | 8 | 8 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
661 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
20 विकेट
मुंबई

बाउंड्री मीटर

1913 चौके

1105 छक्के



### चोटिल हुए टंडन, दूसरे मैच के बीच से हटे

**काहिरा।** भारत के रमित टंडन को रविवार को यहां स्क्वाश विश्व चैंपियनशिप के दूसरे दौर में चोटिल होने के कारण दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी मोहम्मद अलशोरबागी के खिलाफ मुकाबले के बीच से हटना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 36वें स्थान के साथ भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी टंडन दूसरे गेम में जब 3-4 से पीछे थे तब पिंडली की टीम के कारण उन्हें मैच के बीच से हटना पड़ा। पूर्व विश्व चैंपियन अलशोरबागी ने पहला गेम 11-8 से जीता था। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी के खिलाफ टंडन का यह पहला मैच था।

### इंग्लैंड लौटे पंजाब के लिविंगस्टोन

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स के हरफनमौला खिलाड़ी लियाम लिविंगस्टोन अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप से पहले घुटने की चोट से उबरने के लिए सोमवार को इंग्लैंड लौट गए।



पंजाब किंग्स की टीम 12 मैच में सिर्फ चार जीत के साथ पहले ही इंडियन प्रीमियर लीग के प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है और अभी आठ अंक के साथ अंक तालिका में अंतिम स्थान पर है। लिविंगस्टोन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'आईपीएल का एक और साल हो गया, आगामी विश्व कप के लिए अपने घुटने को ठीक कराना पड़ेगा।'

### आरसीबी ने नतीजे देने की क्षमता दिखाई

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर टॉम मूडी ने आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की लगातार पांचवीं जीत के बाद कहा कि टीम ने जब सबसे अधिक मायने रखता है तब प्रदर्शन करने की अपनी क्षमता दिखाई है।



मूडी ने कहा, 'एक बार फिर आरसीबी ने जरूरत पड़ने पर अच्छा प्रदर्शन करने की अपनी क्षमता दिखाई जिससे दोनों टीमों के बीच एक रोमांचक मुकाबले का मंच तैयार हो गया।' आरसीबी की टीम शनिवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में अपने अंतिम लीग मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स से भिड़ेगी जो प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में बनी हुई है।

## आईपीएल : मैच का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स पर शाम 7.30 बजे

# लखनऊ और कैपिटल्स में प्लेऑफ की दौड़ में आगे निकलने की होड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खराब फॉर्म से जूझ रही लखनऊ सुपर जाइंट्स की टीम आईपीएल प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदें जीवंत रखने के लिए मंगलवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगी जिसकी नॉकआउट में जगह बनाने की मामूली उम्मीद बरकरार है।

सुपर जाइंट्स के कप्तान के रूप में लोकेश राहुल के भविष्य को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं क्योंकि बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 10 विकेट की हार के बाद टीम के मालिक संजीव गोयनका ने उन्हें सार्वजनिक तौर पर फटकार लगाई थी। इस तरह की अटकलें हैं कि राहुल पद छोड़ सकते हैं या टीम का साथ छोड़ने से पहले अंतिम दो मैच में कप्तानी की जिम्मेदारी निभा सकते हैं। दोनों ही स्थितियों में यह भारतीय बल्लेबाज बल्ले से जवाब देकर सत्र का शानदार अंत करना चाहेगा।

राहुल काफी अच्छी फॉर्म में नहीं हैं और भारत की टी20 विश्व कप टीम में भी जगह नहीं बना पाए हैं। लखनऊ की टीम भी 12 अंक के साथ सातवें स्थान पर चल रही है और दिल्ली तथा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ अभी शीर्ष चार से बाहर है। दिल्ली और आरसीबी के भी 12-12 अंक हैं।



### दिल्ली में पंत की वापसी

दिल्ली की टीम को एक मैच के निलंबन के बाद कप्तान ऋषभ पंत की वापसी से मजबूती मिलेगी। टीम को सुपर जाइंट्स के खिलाफ क्षेत्ररक्षण में सुधार करना होगा क्योंकि टीम ने आरसीबी के खिलाफ कई कैच टपकाए। गेंदबाजों ने आरसीबी के बल्लेबाजों को अच्छी शुरुआत करने का मौका दिया जबकि उसके बल्लेबाजों ने पावर पले में चार ओवर के भीतर ही चार विकेट गंवा दिए जिससे टीम मौजूदा आईपीएल में 140 रन के अपने न्यूनतम स्कोर पर सिमट गई। दिल्ली ने हालांकि मौजूदा सत्र में चार बार 200 से अधिक रन बनाए हैं और टीम को यह प्रदर्शन दोहराने की उम्मीद होगी जिससे कि प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीद बरकरार रख सके।

### प्लेआफ की दौड़ से बाहर गुजरात, केकेआर से मैच बारिश में धुला

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस की इंडियन प्रीमियर लीग प्लेआफ के लिये क्वालीफाई करने की उम्मीदों पर सोमवार को पानी फिर गया जब कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उसका 'करो या मरो' का मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया। केकेआर के अब 13 मैचों में 19 अंक हैं और उसका शीर्ष दो में रहना तय है। वहीं गुजरात 13 मैचों में 11 अंक लेकर प्लेआफ की दौड़ से बाहर है। लगातार बिजली कड़कने और हल्की बूंदाबांदी के कारण टॉस सात बजे नहीं हो सका।धीरे धीरे बारिश तेज होती चली गई। प्रति टीम पांच ओवर का मैच कराने के लिये कटआफ समय 10 बजकर 56 मिनट था लेकिन अधिकारियों ने लगातार हो रही तेज बारिश और गीली आउटफील्ड के कारण मैच रद्द करने का फैसला किया जो आईपीएल के इस सत्र में पहली बार हुआ है। पिछले मैच में मुंबई इंडियंस को हराने के बाद केकेआर प्लेआफ में जगह बना चुका है। रॉयल्स 12 मैचों में 16 अंक लेकर दूसरे और गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स 13 मैचों में 14 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है।

खास खबर

# शतरंज : श्याम निखिल बने भारत के 85वें ग्रैंडमास्टर

एजेंसी ▶▶| दुबई



पी श्याम निखिल हाल ही में दुबई पुलिस मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में अपना तीसरा और अंतिम ग्रैंडमास्टरनॉर्म हासिल करके भारत के 85वें ग्रैंडमास्टर बन गए। आठ साल की उम्र में शतरंज खेलना शुरू करने वाले श्याम निखिल को तीसरे नॉर्म के साथ इस उपलब्धि के लिए 12 साल का इंतजार करना पड़ा।

श्याम निखिल को लंबे समय से प्रतीक्षित जीएम नॉर्म पूरा करने के लिए सिर्फ एक जीत और आठ ड्रॉ की जरूरत थी, जो उन्होंने दुबई में खेले गए टूर्नामेंट में हासिल किया। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने 2012 में दो ग्रैंडमास्टर नॉर्म के साथ आवश्यक 2500 ईएलओ रेटिंग अंक हासिल कर लिए थे जो जीएम बनने के लिए न्यूनतम आवश्यकता है। उन्हें हालांकि तीसरे नॉर्म को पूरा करने के लिए 12 साल तक इंतजार करना पड़ा। तमिलनाडु के नगरकोली के श्याम निखिल ने मुंबई मेयर्स कप 2011 में अपना पहला जीएम नॉर्म हासिल किया था। उन्होंने इसके कुछ समय के बाद 19 साल की उम्र में इंडियन चैंपियनशिप के दौरान दूसरा नॉर्म हासिल किया और फिर 2012 की शुरुआत में रेटिंग की आवश्यकता पूरी की। वह 2012 में दुबई ओपन में अपना अंतिम नॉर्म हासिल करने से चूक गए। वह इसके बाद अब तक कई मौकों का फायदा उठाने में विफल रहे।

### आदर्श, मनु ने जीता ओलंपिक चयन ट्रायल

**भोपाल।** मनु भाकर और आदर्श सिंह ने ओलंपिक चयन ट्रायल में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल और पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धाओं के क्वालीफिकेशन दौर में पहला स्थान हासिल किया । महिला और पुरुष वर्ग के पांच निशानेबाज अब मंगलवार को यहां मध्यप्रदेश प्रदेश निशानेबाजी अकादमी रेंज पर फाइनल्स में भिड़ेंगे। अनीश भानवाला ने दूसरे रैपिड फायर चरण में चार अंक की बढ़त ले ली थी लेकिन आदर्श ने शानदार वापसी करके भीतरी 10 में 24 हिट लगाए। अंकुर गोयल का भी समान स्कोर था लेकिन भीतरी रिंग में उनके दस हिट कम थे। विजयवीर सिद्धू 581 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे। भावेश शेखावत पांचवें स्थान पर रहे। मनु ने भीतरी 10 हिट के आधार पर ईशा सिंह को हराया चूंकि दोनों का स्कोर 586 था। रिदम सांगवान तीसरे, अभिंद्या पाटिल चौथे और सिमरनप्रीत कौर बरार पांचवें स्थान पर रही।

# पाकिस्तान ने आयरलैंड को सात विकेट से हराया



एजेंसी ▶▶| डबलिन

पाकिस्तान ने पहले टी20 की हार का बदला चुकता करते हुए दूसरे मैच में आयरलैंड को सात विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। शुक्रवार को आयरलैंड ने पहले टी20 में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया था। यह आयरलैंड की टी20 प्रारूप में पाकिस्तान पर पहली जीत थी।

रविवार को टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे आयरलैंड के लोर्कान टकर और हैरी टेक्टर (32) ने तीसरे विकेट के लिए 62 रन जोड़कर पारी को संभाला। टकर ने 34 गेंद में 51 रन बनाए। टीम ने सात विकेट पर 193 रन बनाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। सैम अयूब पहले ही ओर में पवेलियन लौट गए जबकि कप्तान बाबर आजम दूसरे ओवर में खाता खोले बिना ग्राहम ह्यूम का शिकार बने। मोहम्मद रिजवान (नाबाद 75) और फखर जमां (78 रन) ने हालांकि तीसरे विकेट के लिए 140 रन की साझेदारी करके आयरलैंड की जीत की उम्मीदों पर पारी फेर दिया। आजम खान ने इसके बाद 10 गेंद में नाबाद 30 रन की पारी खेलकर पाकिस्तान को 19 गेंद शेष रहते लक्ष्य तक पहुंचाया। तीसरा टी20 मंगलवार को खेला जाएगा।

### एडवर्ड्स टी20 विश्व कप में करेंगे नीदरलैंड की कप्तानी




**एम्स्टर्डम।** नीदरलैंड ने अनुभवी स्कॉट एडवर्ड्स की अगुवाई में अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित की है। 'रॉयल डच क्रिकेट संघ' ने 27 वर्षीय एडवर्ड्स को मेजबान नेपाल और नामीबिया की हालिया त्रिकोणीय श्रृंखला में मामूली प्रदर्शन के बावजूद कप्तान बनाए रखा है। एडवर्ड्स ने नीदरलैंड के लिए 56 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 122 की स्ट्राइक-रेट से 671 रन बनाए हैं। टीम में भारतीय मूल के क्रिकेटरों तेजा निदामानुरु, विक्रम सिंह और आर्यन दत्त को भी शामिल किया गया है। नीदरलैंड की टीम 2022 में टी20 विश्व कप और पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप के बाद यह लगातार तीसरी बार आईसीसी की प्रतियोगिता में भाग ले रही है। टीम टी20 विश्व कप अभियान की शुरुआत चार जून को डलास में नेपाल के खिलाफ करेगी।





# एटलेटिको ने सेल्टा विगो को हराया

***मैड्रिड।*** *एटलेटिको मैड्रिड रविवार को यहां स्पेनिश फुटबॉल लीग में सेल्टा विगो पर 1-0 की जीत के साथ चैंपियंस लीग फुटबॉल के चौथे और अंतिम स्थान के लिए क्वालीफाई करने के करीब पहुंच गया। एटलेटिको की ओर से मैच का एकमात्र गोल 84वें मिनट में रोड्रिगो डि पॉल ने किया। इस जीत से एटलेटिको ने पांचवें स्थान पर मौजूद एथलेटिक बिलबाओ पर आठ अंक की बढ़त बना ली है जबकि सिर्फ तीन दौर का खेल बाकी है। एथलेटिक बिलबाओ ने शनिवार को ओसासुना से 2-2 से ड्रॉ खेला था।*

# नडाल के बाद अब इटैलियन ओपन में जोकोविच भी हारे

एजेंसी ▶▶| रोम



नोवाक जोकोविच रविवार को यहां इटैलियन ओपन के तीसरे दौर में 29वें वरीय एलेजांद्रो टैबिलो से उलटफेर का शिकार होकर अपने पसंदीदा टूर्नामेंट में से एक से बाहर हो गए।

शुक्रवार को एक प्रशंसक को ऑटोग्राफ देते हुए उसकी पानी की बोतल जोकोविच के सिर पर लग गयी थी, जिसके बाद यह उनका पहला मैच था। जोकोविच ने एक 'डबल फॉल्ट' से शुरुआत की और छह बार का चैंपियन इसके बाद उबर नहीं सका। जोकोविच महज 68 मिनट में टैबिलो से 2-6, 3-6 से हार गए।

तीसरे दौर में मिली हार जोकोविच का इटैलियन ओपन में सबसे खराब प्रदर्शन है। एक दिन पहले रिकॉर्ड 10 बार के चैम्पियन राफेल नडाल भी तीसरे दौर में हुबर्ट हुर्काज से हारकर बाहर हो गये थे।

## मलेशिया के खिलाफ भारतीय जोड़ी का मुकाबला आज

# थाईलैंड ओपन में भारत की अगुवाई करेंगे सात्विक-चिराग

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेगी। पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक की दावेदार भारत की इस शीर्ष वरीय जोड़ी को थॉमस कप में इंडोनेशिया और चीन के खिलाड़ियों की सर्विस का सामना करने में थोड़ी मुश्किल हुई थी।

सात्विक और चिराग की जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत नूर मोहम्मद अजरिन अयूब अजरिन और टेन वी कियोंग की मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ करेगी तो उनकी नजरें अपने प्रदर्शन में सुधार पर टिकी होंगी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके खिलाड़ियों ने अपने कौशल को निखारने पर काम किया है और बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिताओं में उन्हें अपने नए शॉट और बदलाव को परखने का शानदार मौका मिलेगा।




### प्रणय एकल में देंगे चुनौती

विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय को मौजूदा सत्र में स्वास्थ्य समस्याओं से जूझने के बाद लय हासिल करनी होगी। इंडोनेशिया के एंथोनी गिनटिंग के खिलाफ जीत से प्रणय का आत्मविश्वास बढ़ा होगा लेकिन चीन के शी युकी के खिलाफ हार से वह परेशान होंगे क्योंकि उन्हें करीबी मुकाबले जीतने की जरूरत है। किरण जॉर्ज और सतीश कुमार करुणाकरण भी एकल वर्ग में चुनौती पेश कर रहे हैं। किरण को पहले दौर में चीन के ऑस्ट्रेलिया ओपन विजेता वेंग होंग यैंग से भिड़ना है जबकि सतीश अपने अभियान की शुरुआत क्वालीफायर के खिलाफ करेंगे।

### अश्मिता, मालविका और आकर्षी पर नजर

सिंधू की गैरमौजूदगी में महिला एकल में भारत की नजरें अश्मिता चालिहा, मालविका बंसोड़ और आकर्षी कश्यप पर रहेंगी। अश्मिता को पहले दौर में इंडोनेशिया की ईस्टर नुरूमी त्री वारडोयो से भिड़ना है जबकि मालविका को चीन की शीर्ष वरीय हेन युई के खिलाफ खेलना है। आकर्षी का सामना पहले दौर में थाईलैंड की बुसानन ओंगबैमरुंगफान से होगा। युवा उनन्ति हुड्डा और इमाद फारूकी को भी क्रमशः बेल्जियम की लियाने टेन और चीन की गोवा फेंग जेई के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। महिला युगल में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की चौथी वरीय भारतीय जोड़ी को पहले दौर में बाई मिली है।

उत्तराखंड चारधाम यात्रा में भक्तों की भारी भीड़

# केदारनाथ और यमुनोत्री धाम में श्रद्धालुओं के पहुंचने का रिकॉर्ड टूटा पुलिस प्रशासन की ओर से अतिरिक्त बल तैनात, यमुनोत्री में अभी जाम

एजेंसी ▶▶ देहरादून

बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही चार धाम यात्रा 2024 की विधिवत शुरुआत हो गई है। इस बार चार धाम यात्रा के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। पहले दो दिनों में श्रद्धालुओं ने केदारनाथ और यमुनोत्री धाम में पहुंचने का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया है। भारी संख्या में पहुंच रहे श्रद्धालुओं के कारण सरकार प्रशासन से लेकर आम तीर्थयात्रियों तक को परेशानी हो रही है। यमुनोत्री धाम में भीड़ उमड़ने के कारण हाइवे से लेकर पैदल रास्ते तक जाम जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई।

### दो दिन में उमड़ी भीड़

*केदारनाथ में इस साल 10 मई को कपाट खुलने के दिन ही 29 हजार 30 श्रद्धालु केदारनाथ में मौजूद थे। दूसरे दिन 11 मई को 22 हजार 599 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। यमुनोत्री में इस साल 10 मई को कपाट खुलने के दिन 12 हजार 193 और दूसरे दिन 11 मई को 8009 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। गंगोत्री में इस साल 10 मई को कपाट खुलने पर 2203 और दूसरे दिन 11 मई को 5203 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।*



### औसतन प्रतिदिन पंजीकरण

- 20 हजार बदरीनाथ
- 18 हजार केदारनाथ
- 11 हजार गंगोत्री
- 09 हजार यमुनोत्री

### खास बातें

- केदारनाथ में दो दिन में 51 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन
- यमुनोत्री में दो दिन में 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन
- गंगोत्री में दो दिन में 7 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन



### आठ सालों में बदरीनाथ धाम पहुंचे 78 लाख से अधिक यात्री

*बदरीनाथ की यात्रा के पिछले आंकड़ों पर नजर डाले तो वर्ष 2016 में 654355, वर्ष 2017 में 920466 , वर्ष 2018 में 1048051, वर्ष 2019 में 1244993 तथा वर्ष 2020 में 155055 श्रद्धालु बदरीनाथ पहुंचे। वर्ष 2021 में कोरोना के कारण 197997 श्रद्धालु ही पहुंचे। वर्ष 2022 में 1763549 और 2023 में रिकार्ड 1839591 श्रद्धालु बदरीनाथ धाम पहुंचे।*

### वन-वे सिस्टम से हो रही यात्रा

यमुनोत्री एवं गंगोत्री धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा हेतु संकरे व संवेदनशील मार्गों पर गेट/ वन-वे सिस्टम से ट्रैफिक /यात्रा को चलाया जा रहा है। वहीं यमुनोत्री पैदल मार्ग पर घोड़े-खच्चर व डंडी-कण्डी को रोटेशन सिस्टम से चलाया जा रहा है। संकरे स्थानों पर यातायात को गेट व वन वे सिस्टम से चलाया जा रहा है।

### जाम से निपटने के वैकल्पिक इंतजाम

डीएम डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने कहा कि जाम से निपटने के वैकल्पिक इंतजाम किए गए हैं। हाइवे पर वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित किया जा रहा है। भारी भीड़ वाले दिनों के लिए बनाए गए भंडेलीगाड के लगभग ढाई किलोमीटर लंबे वैकल्पिक वन मार्ग को भी एक तरफ से जाने के लिए खोल दिया गया है।

---

निज्जर हत्या मामले में बोले जयशंकर

भारत इसकी जांच के लिए तैयार है

# कनाडा से अभी तक ऐसा कुछ नहीं मिला, जिसकी जांच हो

एजेंसी ▶▶ मुंबई

खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या मामले में कनाडा की तरफ से की गई चौथी गिरफ्तारी पर केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भारत को इस मामले में कनाडा की तरफ से अभी तक कुछ ऐसा नहीं मिला, जिसपर एजेंसी जांच कर सके। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि अगर कनाडा के पास इस मामले को लेकर किसी भी हिंसा से संबंधित जानकारी है तो भारत इसकी जांच के लिए तैयार है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए जयशंकर ने कहा कि हमें कनाडा की तरफ से कभी भी ऐसा कुछ नहीं मिला, जो हमारी एजेंसियों द्वारा जांचने के योग्य हो।



### कनाडा ने नहीं दिया कोई सबूत

*डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि हमने लंबे समय से कहा है कि अगर कनाडा में किसी भी घटना, किसी भी हिंसा का कोई सबूत है तो हम इसकी जांच करने के लिए तैयार हैं। हालांकि, भारतीय एजेंसियों द्वारा जांच किए जाने के लिए कोई सबूत कनाडा ने आज तक नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि मैंने यह भी पढ़ा है कि इस मामले में एक और गिरफ्तारी हुई है। यदि वह व्यक्ति भारतीय नागरिक है, तो आमतौर पर कांसुलर द्वारा, आप मूल देश की सरकार या दूतावास को सूचित करते हैं।*

### चौथा आरोपी गिरफ्तार

*45 वर्षीय हरदीप सिंह निज्जर की 18 जून 2023 में ब्रिटिश कोलंबिया के सर्रे में गुरुनानक सिख गुरुद्वारा के बाहर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पहले तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसके एक हफ्ते बाद चौथे आरोपी की भी गिरफ्तारी हो गई।*

---

स्कूलों में विस्फोटक लगाए जाने की धमकी

# स्कूलों में हड़कंप, पुलिस को जांच में नहीं मिली कोई 'संदिग्ध वस्तु'

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान की राजधानी जयपुर के अनेक स्कूलों को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी ईमेल के जरिये मिली। इससे दोपहर तक पुलिस प्रशासन व अभिभावकों में हड़कंप की स्थिति मची रही। हालांकि पुलिस के अनुसार जांच में कहीं से कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। 2008 में आज ही के दिन जयपुर में सिलसिलेवार विस्फोट हुए थे जिसमें 71 लोगों की मौत हो गई थी और 180 अन्य घायल हुए थे।



### ईमेल भेजने वाले की पहचान की जा रही

शहर के पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने कहा कि पुलिस दल, बम निरोधक दस्ते और श्वान दस्तों को स्कूलों में भेजा गया। स्कूल भवनों की जांच पड़ताल की गई हालांकि कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। उन्होंने कहा कि ईमेल भेजने वाले की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकतर स्कूलों में जांच पूरी हो चुकी है और कोई विस्फोटक नहीं मिला है।

---

भारत और ईरान ने चाबहार में टर्मिनल के दीर्घकालिक परिचालन समझौते पर हस्ताक्षर किए

# अफगानिस्तान, मध्य एशिया और यूरोप के बाजारों तक पहुंचने के लिए मिला नया रास्ता



- भारत करेगा ईरान स्थित चाबहार पोर्ट का प्रबंधन
- भारतीय व्यापार के लिए नया समुद्री रास्ता खुलेगा
- भारतीय अर्थव्यवस्था नए मुकाम पर पहुंचेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

'भारत और ईरान ने चाबहार में स्थित शाहिद बेहश्ती बंदरगाह के टर्मिनल के परिचालन के लिए सोमवार को एक दीर्घकालिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर की गई पोस्ट में यह जानकारी दी।

बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की उपस्थिति में इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड और ईरान के पोर्ट्स एंड मेरिटाइम ऑर्गनाइजेशन ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। यह पहला मौका है जब भारत विदेश में स्थित किसी बंदरगाह का प्रबंधन अपने हाथ में लेगा।

चाबहार बंदरगाह ईरान के दक्षिणी तट पर सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में स्थित है। सोनोवाल ने कहा कि भारत इस डील को लेकर इसलिए भी उत्साहित है क्योंकि इससे भारतीय सामान को अफगानिस्तान और मध्य एशिया के बाजारों तक पहुंचने के लिए एक नया रास्ता मिल गया है। यह नया रास्ता भारत की अर्थव्यवस्था को नए मुकाम पर पहुंचाएगा।

### ओमान की खाड़ी से जुड़ा है चाबहार पोर्ट

चाबहार पोर्ट ओमान की खाड़ी से जुड़ा है। यह ईरान में स्थित पहला डीपवॉटर पोर्ट है। इस ईरान को समुद्री रास्ते से बाकी देशों से जोड़ता है। चाबहार ईरान की सीमा को पाकिस्तान से नजदीक भी जोड़ता है। पाकिस्तान में चीन पहले से ही ग्वादर पोर्ट का निर्माण कर रहा है। चाबहार एयरपोर्ट अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे (आईएनएसटीसी) का भी हिस्सा है। यह एक मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्टेशनल प्रोजेक्ट है जो हिंद महासागर और फारस की खाड़ी को ईरान के माध्यम से कैस्पियन सागर और रूस में सेंट पीटर्सबर्ग के माध्यम से उत्तरी यूरोप तक जोड़ता है।

### नया समुद्री रास्ता खुलेगा

सोनोवाल ने कहा कि चाबहार के शुरू होने से भारत के लिए एक नया समुद्री रास्ता खुलेगा। इससे भारत अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे में ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के साथ आसानी से व्यापार कर सकेगा। दूसरी तरफ यह तेहरान को उस समय भी समुद्री व्यापार करने में काम आएगा जब पश्चिम देश किसी तरह की पाबंदी लगाएंगे। समुद्रीय व्यापार के लिए अब भारत को पाकिस्तान को बायपास करना आसान होगा।

### 2003 से चल रहा काम

भारत और ईरान के बीच चाबहार पोर्ट को लेकर 2003 से काम शुरू हुआ था। जब ईरान के राष्ट्रपति मोहम्मद खातमी भारत आए तो दोनों देशों के बीच इसे लेकर बातचीत हुई। भारत बंदरगाह के लिए मदद देने को राजी हो गया। साल 2013 में, भारत ने चाबहार के विकास के लिए 10 करोड़ डॉलर देने का वादा किया। इसके बाद 2016 में पीएम मोदी ने चाबहार का दौरा किया और भारत, ईरान और अफगानिस्तान ने एक इंटरनेशनल ट्रेड कॉरिडोर के विकास के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसमें चाबहार को सेंट्रल ट्रांजिट पॉइंट के रूप में शामिल किया गया। इसके बाद 2018 में ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी भारत आए, तो दोनों कं बीच बंदरगाह में भारत की भूमिका में विस्तार पर बात की थी

---

## खबर संक्षेप

### रूस में बेलोसाउ नए रक्षा मंत्री बनाए गए

**मास्को।** रूस-यूक्रेन सैन्य संघर्ष के बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने अहम प्रशासनिक फेरबदल करते हुए सर्गेई शोइगु को देश के रक्षा मंत्री के पद से हटा दिया है। राष्ट्रपति पुतिन ने उनकी जगह आंद्रेई बेलोसाउ को देश का नया रक्षा मंत्री नियुक्त किया। क्रेमलिन की तरफ से जारी की गई जानकारी के मुताबिक सर्गेई शोइगु के स्थान पर आंद्रेई बेलोसाउ को देश का नया रक्षा मंत्री नियुक्त किया गया है। 2012 से रक्षामंत्री और लंबे समय से पुतिन के सहयोगी रहे।



### राष्ट्रपति के सलाहकार ने दिया इस्तीफा

**काठमांडू।** नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल के आर्थिक सलाहकार ने तीन भारतीय क्षेत्रों को दर्शाने वाले 100 रुपए के नए नोट जारी करने के सरकार के फैसले पर अपनी विवादास्पद टिप्पणी के बाद इस्तीफा दे दिया है। विज्ञप्ति के अनुसार, राष्ट्रपति ने चिरंजीवी नेपाल के इस्तीफे को रविवार को मंजूरी कर लिया। चिरंजीवी ने सोमवार को कहा कि मैंने एक अर्थशास्त्री और केंद्रीय बैंक के पूर्व गवर्नर के नाते टिप्पणियां की थीं।



---

पीओके में चौथे दिन हड़ताल जारी, एक पुलिस अधिकारी की मौत

# तंगहाल पाकिस्तान देगा 718 करोड़ की ग्रांट

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में चल रहे प्रदर्शनों के बीच सोमवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में पीओके के पीएम अनवारुल हक, पीएमएल-एन के नेता राजा फारूक हैदर, कश्मीर मामलों के मंत्री अमीर मुकाम और कई प्रमुख राजनेता शामिल हुए। बैठक में पीओके के खराब हालातों पर चर्चा हुई। इसके बाद पीएम शरीफ ने पीओके के लिए 23 अरब पाकिस्तानी रुपए ( 718 करोड़ हिंदुस्तानी रुपए) की ग्रांट की घोषणा की है।



### हिंसक झड़पें हुईं

पीओके में गेहूं के आटे, बिजली की ऊंची कीमतों और अधिक कर के खिलाफ शुरू की गई पूर्ण हड़ताल सोमवार को चौथे दिन भी जारी रही, जिससे पूरे क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। वहीं, सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई हिंसक झड़पें हुईं।


### दर्जन लोग गिरफ्तार

मुजफ्फराबाद क्षेत्र में बाजार, व्यापार केंद्र, कार्यालय, स्कूल और रेस्तरां बंद रहे। विभिन्न स्थानों में हिंसा होने के बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मुजफ्फराबाद में दर्जनों लोगों को गिरफ्तार किया। मोबाइल फोन और इंटरनेट सेवाएं भी बंद कर दी थीं।

---

## करोड़ो की सोने की चोरी करने वाला गिरफ्तार

**ओटावा।** कनाडा में टोरंटो के मुख्य एयरपोर्ट पर भारतीय मूल के 36 वर्षीय शख्स अर्चित ग्रोवर को करोड़ों डॉलर के सोने की चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 17 अप्रैल, 2023 को उस कंटेनर को नकली कागजी कार्रवाई का उपयोग करके एक गोदाम से चुरा लिया गया था। इस कंटेनर में दो करोड़ 20 लाख कनाडाई डॉलर से अधिक मूल्य की सोने की छड़ें और विदेशी मुद्रा थी। देश के इतिहास की सबसे बड़ी चोरी के इस मामले में करीब एक महीने पहले भी पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था।



---

दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक मित्रता और सुदृढ़ किया जा सकेगा

# भारतीय नौसेना पोत आईएनएस किल्टन वियतनाम की कैमरन खाड़ी पहुंचा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना पोत (आईएनएस) किल्टान वियतनाम कैम रन खाड़ी (कैम रन बे) में पहुंचा जहां वियतनाम पीपुल्स नेवी और भारतीय दूतावास द्वारा इसका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यह यात्रा भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती का एक अंग है। इस यात्रा से दोनों समुद्री देशों के बीच दीर्घकालिक मित्रता और सहयोग को और सुदृढ़ किया जा सकेगा । भारत और वियतनाम आपस में व्यापक रणनीतिक साझेदारी साझा करते हैं। इन्हीं संबंधों को आगे बढ़ाते हुए, भारतीय नौसेना पोत किल्टन की यह यात्रा पेशेवर बातचीत, खेल, सामाजिक आदान-प्रदान और दोनों नौसेनाओं के साझा मूल्यों को प्रतिबिंबित करने वाले सामुदायिक आउटरीच जैसी गतिविधियों पर केंद्रित है।



### बीच समुद्र में समुद्री साझेदारी

यह यात्रा भारतीय नौसेना और वियतनाम पीपुल्स नेवी के बीच समुद्र में समुद्री साझेदारी अभ्यास के साथ समाप्त होगी। यह अभ्यास इन्टरओपेरेबिलिटी और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान को और बढ़ाएगा। आईएनएस किल्टन स्वदेशी एएसडब्ल्यू कार्वेट है, जिसे भारतीय नौसेना के निदेशालय द्वारा डिजाइन किया गया था और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स कोलकाता द्वारा निर्मित किया गया था।

---

भारत ने तनाव के बावजूद मालदीव को की मदद

# 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर मिलने पर विदेश मंत्री ने शुक्रिया अदा किया

एजेंसी ▶▶ ममाले

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की चीन प्रेमी सोच के बावजूद भारत ने माले को 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर की ट्रेजरी बिल मदद की है। भारत ने यह निर्णय मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर के नई दिल्ली यात्रा के दौरान उनके अनुरोध पर किया।

मालदीव ने इसके लिए भारत का शुक्रिया किया है। भारत ने हमेशा की तरह दिल खोलकर मालदीव की मदद करके पड़ोस प्रथम की भावना को सही साबित किया है। मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने अपने एक्स पोस्ट पर लिखा कि मैं विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और भारत सरकार को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल के रोलओवर के साथ मालदीव को महत्वपूर्ण बजटीय सहायता दी है। यह दोनों देशों के बीच सद्भावना का सच्चा संकेत है जो मालदीव और भारत के बीच दीर्घकालिक मित्रता का प्रतीक है। इस सहायता से मालदीव में बड़ी संख्या में ढांचागत विकास परियोजनाएं और उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजनाएं चल रही हैं।



*दिल्ली यात्रा के दौरान किया था अनुरोध, ट्रेजरी बिल के रोलओवर के रूप में मिली सहायता, ढांचागत विकास परियोजनाओं में उपयोग की जाएगी राशि*

### भारतीय विमानों को उड़ाने के लिए सैनिक नहीं

*मालदीप के रक्षा मंत्री घासन मौसून ने माना है कि मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) में कोई भी ऐसा सैनिक नहीं है जो भारतीय सेना द्वारा दान किए गए तीन विमानों का संचालन कर सके। कुछ सैनिकों को पिछली सरकारों के समझौतों के तहत उन्हें उड़ाने का प्रशिक्षण दिया गया था। लेकिन यह ऐसा प्रशिक्षण था जिसमें विभिन्न चरणों को पार करने की जरूरत होती थी। हमारे सैनिक विभिन्न कारणों से इन चरणों को पूरा न कर सके। ऐसा व्यक्ति नहीं है जिसके पास दो हेलीकॉप्टर और डोर्नियर विमान को उड़ाने का लाइसेंस हो।*

### मालदीव ने जारी की अधिसूचना

विदेश मंत्री जमीर ने अपने विदेश मंत्रालय की उस अधिसूचना को भी साझा किया है, जो उसकी वेबसाइट पर जारी की गई है। मालदीव के विदेश मंत्रालय ने लिखा है कि भारत सरकार ने आज मालदीव को 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर की बजट सहायता प्रदान की है। यह सहायता 13 मई 2024 से भारतीय स्टेट बैंक माले के माध्यम से मिली है। इसके तहत 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल के रोलओवर के रूप में अतिरिक्त वर्षों के लिए सहायता मिली है।

---

सैन्य अभ्यास 26 मई तक चलेगा

# भारत-फ्रांस संयुक्त सैन्य अभ्यास 'शक्ति' का मेघालय में शुभारंभ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत-फ्रांस संयुक्त सैन्य अभ्यास 'शक्ति' के 7वें संस्करण की सोमवार को मेघालय के उमरोई में पूर्ण रूप से विकसित और आधुनिक विदेशी प्रशिक्षण नोड में शुरूआत हुई। यह सैन्य अभ्यास 13 से 26 मई तक आयोजित किया जाएगा। संयुक्त अभ्यास के उद्घाटन समारोह में भारत में फ्रांस के राजदूत थियरी मथोउ और 51 सब एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल प्रसन्ना सुधाकर जोशी शामिल हुए। युद्धाभ्यास शक्ति एक द्विवार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है जो बारी-बारी से भारत और फ्रांस में आयोजित किया जाता है। इसका पिछला संस्करण नवंबर 2021 में फ्रांस में आयोजित किया गया था।भारत की 90 कर्मियों वाली टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से राजपूत रेजिमेंट की एक बटालियन के अलावा अन्य टुकड़ियों और सेवाओं के कर्मियों द्वारा किया जा रहा है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109